लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 241, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 29 सितंबर 2024



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आइए दिल से करें दिल की बात व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम

26.7° अधिकतम तापमान | 23.3° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 06 : 00
सूर्यास्त 05 :57

देवरा की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत... 13

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, रविवार, 29 सितंबर 2024

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW

2.6 लाख से ज्यादा आगंतुक अब तक पहुंच चुके हैं यूपीआईटीसी 2024 में

90 हजार विजिटर्स ने चौथे दिन दर्ज कराई एंट्री

70 हजार से अधिक बीटूबी विजिटर पहुंचे 4 दिन में

ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे, क्यूबा और सोमानिया के खरीदार पहुंचे

अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा : इंडिया एक्सपो मार्ट में चल रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को छुट्टी के दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। अधिकांश उत्पादों को ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे, क्यूबा, सोमानिया जैसे देशों ने किया पंसद करके खरीद का आर्डर भी दिया। स्टाल लगाने वालों का कहना है कि हमें नए ग्राहकों से मिलने और अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक अद्भुत अवसर मिल रहा है, जो उन्हें अत्यंत ही सुखद अनुभव दे रहा है।

कौशल विकास और यूपीसीडा के स्टॉल रहे सर्वश्रेष्ठ

'हर घर जल गांव' मॉडल को बेस्ट डिस्प्ले अवॉर्ड, उप्र. पुलिस के स्टॉल को प्रथम पुरस्कार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उप्र. कौशल विकास मिशन और यूपीसीडा को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और उप्र. कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कौशल विकास मिशन की अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। कौशल विकास मिशन के पवेलियन में नई तकनीकी और व्यावसायिक कौशलों का लाइव प्रदर्शन किया गया।

'हर घर जल गांव' मॉडल को ट्रेड शो के बेस्ट डिस्प्ले अवॉर्ड से नवाजा गया है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने जल जीवन मिशन यूपी को बेस्ट डिस्प्ले अवार्ड दिया। विभाग की तरफ से वरिष्ठ सलाहकार राधा कृष्ण त्रिपाठी ने ये पुरस्कार ग्रहण किया। इसके अलावा ट्रेड शो के हॉल नम्बर 4 में लगाई गई उत्तर प्रदेश पुलिस की स्टॉल को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह एवं कैबिनेट मंत्री राकेश सचान द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक उप्र-112 मोहनी पाठक को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। डीजीपी प्रशांत कुमार ने उक्त स्टॉल को लगाने एवं वहां पर कार्यरत कर्मियों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उनको प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने की घोषणा की है।

यूपीआईटीएस 2024 में चौथे दिन वेलिडिक्टरी समारोह में केंद्रीय वाणिज्य औद्योगिक मंत्री पीयूष गोयल का स्वागत करते करते उप्र. कैबिनेट मंत्री राकेश सचान।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में चल रहे ट्रेड शो में शनिवार को विभाग के सम्मानित होने पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि इस स्टॉल को मिले सम्मान से यह सिद्ध होता है कि हमारा प्रदेश कौशल के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि इस पवेलियन के लाइव शो में मेडिकल सपोर्ट, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, वर्चुअल रियलिटी, हैंड एम्ब्रॉयडरी, फॉरेन लैंग्वेज लर्निंग, मेटल एनग्रेविंग, एनिमेशन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और पंचकर्म टेक्नीशियन शामिल हैं।

जल जीवन मिशन के स्टाल पर सेल्फी लेने वालों की भीड़ जुटी।

बहुमुखी विकास का मॉडल प्रेरणादायक : पीयूष गोयल

अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा : केंद्रीय वाणिज्य् औद्योगिक मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जिस तरह बहुमुखी विकास का मॉडल बना है, वह देश को विश्वर की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में काफी सहायक हो रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो की सफलता प्रदेश की बढ़ती हुई ताकत को दर्शाती है।

ट्रेड शो में आयोजित वेलिडिक्टरी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यहां जिस तरह बॉयर्स आ रहे हैं और उत्पीदों के प्रति अपनी रुचि दिखा रहे हैं, वह देश के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार जिस तरह कौशल विकास की तरफ फोकस कर रही है, उससे कुशल इंप्लाकयमेंट बढ़ रहा है, जिसका फायदा उद्यमियों को भी मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जिस तरह केंद्र की योजनाओं को प्रभावशाली तरीके से लागू कर रही है, वह भी अपने-आप में काफी महत्वपूर्ण है।

निवेशकों को आकर्षित कर रहा प्रदेश का माहौल : सचान

प्रदेश सरकार के माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज, खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज, हैंडलूम एंड टैक्स्टाइल मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश में आज जिस तरह का माहौल है, उससे निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। 2017 में जहां केवल 88 हजार करोड़ का एक्स पोर्ट होता था, आज यह एक्संपोर्ट दोगुना से ज्यादा बढ़ चुका है। आने वाले दो वर्षों में एक्सकपोर्ट 3 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्ये सरकार ने रखा है। यह एक्सडपोर्ट एमएसएमई के साथ ही ओडीओपी के माध्यम से आ रहा है।

4 दिन में 2 .60 लाख से ज्यादा लोग देखने पहुंचे उप्र के उत्पाद

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

अमृत विचार : प्रदेश के उद्यमियों और उनके उत्पादों को ग्लोबल पहचान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल धमाल मचा रही है। पहले संस्करण के बाद दूसरा संस्करण परचल लहरा रहा है। चार दिन के आयोजन में ही 2.60 लाख से ज्यादा आगंतुकों के आने से हुनरमंद उत्साहित है।

25 सितंबर से लेकर 28 सितंबर तक चार दिनों के अंदर बड़ी तादाद में बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) विजिटर्स और बिजनेस टू कंज्यूमर्स (बी2सी) ने एक्सपो का दौरा किया है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में कुल 15 हॉल्स में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 2550 एग्जिबिटर्स हिस्सा ले रहे हैं। पिछले वर्ष आयोजन में यहां 3 लाख विजिटर्स शामिल हुए थे, वहीं इस बार विजिटर्स की संख्या 4 लाख के पार पहुंचने की संभावना है। जानकारी के अनुसार, 25 सितंबर से शुरू हुए इस मेगा इवेंट के पहले दिन 14,222 बिजनेस टू बिजनेस (बीटूबी) विजिटर्स इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचे, जबकि 25,589 बीटूसी विजिटर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस तरह पहले दिन ही ट्रेड शो में कुल 40,811 लोगों की भागीदारी रही। इसी तरह, दूसरे दिन 26 सितंबर को 16,385 बी2बी और 46,552 बी2सी विजिटर्स समेत कुल 62,937 विजिटर्स सम्मिलित हुए। इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन यानी शुक्रवार को 20,210 बी2बी और 51,335 बी2सी समेत कुल मिलाकर 71,545 विजिटर्स ने प्रतिभाग किया। चौथे दिन शनिवार को छुट्टी के चलते करीब 90 हजार विजिटर्स ने यहां एंट्री दर्ज कराई।

सोशल मीडिया पर भी छाया ट्रेड शो

यूपी इंटरनेशनल शो की लोकप्रियता सोशल मीडिया मंचों पर भी देखने को मिल रही है। इस मेगा इवेंट को प्रचारित करने के लिए विभिन्न हैशटैग चलाए गए, जिन्होंने बीते 179 दिनों में करोड़ों लोगों तक अपनी पहुंच बनाई। #UPITS2024 की सोशल मीडिया रीच 179 दिन में 32 मिलियन (3 .20 करोड़) तक रही। वहीं, #UPInternationalTradeShow की सोशल मीडिया रीच 27 मिलियन (2 .7 करोड़), #Upinternational tradeshow2024 की 4 .8 मिलियन (48 लाख), #UPITS की 71 .9 हजार और #GlobalBizHubUP की 65 .9 हजार सोशल मीडिया रीच रही है।

रविवार को पार हो सकता है 4 लाख का आंकड़ा

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के पहले संस्करण में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप 70 हजार बी2बी विजिटर्स ने एक्सपो का दौरा किया था, जबकि 2 .37 लाख बी2सी विजिटर्स भी वहां पहुंचे थे। इसी क्रम में दूसरे संस्करण में भी बड़ी संख्या में लोग इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन से जुड़े लोगों के अनुसार, अब तक बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही है। कुल मिलाकर इन चार दिनों में 2 .60 लाख से ज्यादा विजिटर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। यह अंतिम दिन तक 4 लाख का आंकड़ा पार कर सकती है।

स्वाद के शौकीनों को भा रहा उप्र का जायका

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

अमृत विचार : छुट्टी का दिन हो, एक ही छत के नीचे अलग अलग जगहों के चटपटे जायके हो तो भला स्वाद के शौकीनों के कदम रुकें भी तो कैसे।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को अवकाश के चलते दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। विजिटर्स ने जमकर खरीदारी तो की ही, चटपटे जायके का भी लुत्फ उठाया। नोएडा, गाजीपुर, मथुरा, प्रयागराज, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, कानपुर, बलिया, बनारस और लखनऊ के लजीज जायकों के स्टॉल पर ग्राहकों की लंबी लाइन लगी रही।

खुर्जा की खुरचन और लखनऊ की बिरयानी का जलवा खुर्जा की खुरचन स्टॉल पर जायके के शौकीनों की लाइन लगी थी। दरअसल, खुरचन का स्वाद है ही ऐसा। स्टॉल संचालक ने बताया कि ट्रेड शो में इसे खूब पसंद किया जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर में खुर्जा की खुरचन वैसे भी बहुत प्रसिद्ध है। ट्रेड शो आने वाले विजिटर्स इसका स्वाद भी चख रहे हैं। वहीं, लखनऊ की बिरयानी का तो कहना ही क्या। स्टॉल के बाहर की लाइन देखकर तो यही कहा जा सकता था कि जैसे बिरयानी की खुशबू लोगों की खींच लायी हो। बुलंदशहर से आए आशीष यादव ने कहा कि लखनऊ की बिरयानी का स्वाद यहां भी वैसा ही था जैसा लखनऊ शहर में मिलता है, मसालों की खुशबू ने पिछले साल लखनऊ की यात्रा की याद दिला दी।वहीं, खाद्य एवं पेय उत्पादों का पवेलियन भी इस शो का मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां पर विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों, मसालों और स्थानीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया है, जिसके अंतर्गत इस पवेलियन में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया है, जो दर्शकों को उनकी संस्कृति से जोड़ने का काम कर रहा है।

स्टाल पर खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता देखते लोग।

पूर्व मुख्य सचिव ने भी देखे स्टॉल

पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शनिवार को ट्रेड शो का दौरा किया। उन्होंने यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के पवेलियन का भी भ्रमण किया। प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्हें प्राधिकरण की योजनाओं (मेडिकल डिवाइसेज पार्क, टॉय पार्क, अपैरल पार्क) की प्रगति से अवगत कराया गया। साथ ही साथ, प्राधिकरण द्वारा नई प्रस्तावित योजनाओं (सेमी कंडक्टर पार्क, आईटी व सॉफ़्टवेयर पार्क, फिनटेक सिटी, हेरिटेज सिटी, मिक्स्ड लैंड यूज़, एजुकेशन हब आदि) के संबंध में भी जानकारी दी गई।

बांध, बैराज, तटबंध की भी जानकारी ले रहे आगंतुक

अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा : सिंचाई व जल संसाधन विभाग के स्टॉल पर भी शनिवार को दर्शकों की भीड़ दिखी। दरअसल, यूपी के बांध-बैराज और तटबंधों की जानकारी प्राप्त करना चाहते थे। स्टॉल में दर्शकों के लिए एक दर्जन एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जिन पर विभाग की उपलब्धियों के बारे में बताया गया है। रिहंद बांध, भमगोडा बैराज, नरोरा बैराज, गिरजा बैराज, मध्य गंगा बैराज की तस्वीरें भी देखी जा सकती है। प्रदेश के 132 डैम, 20 बैराज, 523 तटबंध समेत बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों और बाढ़ से सुरक्षित किए जाने योग्य क्षेत्र के बारे में दर्शक जानना चाहते हैं। ट्रेड में प्रदर्शनी लगा रहे लोग का कहना है कि यह प्रदेश सरकार की बहुत अच्छी पहल है, क्योंपकि इसकी वजह से ही उनके जैसे छोटे व्यापारियों को बड़ा मंच मिला है, जहां उनके उत्पादों को विश्व स्तिर पर एक्समपोजर मिल रहा है।

विकास के लिए मील का पत्थर है आयोजन : संजय प्रसाद

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

अमृत विचार : यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को सूचना विभाग व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने स्टॉल्स का अवलोकन और उद्यमियों से संवाद किया। कहा कि यह आयोजन औद्योगिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

भ्रमण व अवलोकन के दौरान उद्यमियों ने संजय प्रसाद को आयोजन के माध्यम से कारोबार में बढ़ोतरी, व्यापक मार्केट तक पहुंच और आय में बढ़ोत्तरी जैसे विषयों की जानकारी दी। वह व्यापार को लेकर प्रगति के लिए भी आशान्वित दिखे। प्रमुख सचिव ने स्टालों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के कार्यों की समीक्षा व सराहना भी की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का द्वितीय संस्करण प्रथम संस्करण की भांति ही प्रदेश सरकार के कुशल नेतृत्व में सफल हो रहा है। उनके अनुसार, पिछली बार की ही तरह इस बार भी हमारे उद्यमियों को कहीं ज्यादा कारोबार मिलने का मार्ग उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए प्रशस्त होगा।

ट्रेड शो में स्टाल का निरीक्षण करते सूचना विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद।

> यह आयोजन औद्योगिक विकास को और अधिक गति देने का श्रेयस्कर माध्यम साबित हो रहा है।
> –**संजय प्रसाद**, सूचना विभाग व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव

टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

स्मार्ट पुलिस उत्तर प्रदेश के स्टॉल पर साइबर क्राइम, महिला हेल्प डेक्स, पुलिस को मिले अत्याधुनिक उपकरण और कहां–कहां प्रयोग होते हैं आदि के बारे में जानकारी देते जवान और स्टाफ।

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

अमृत विचार : ट्रेड शो में टेक्नोलॉजी और नवाचारों के कई स्टार्टअप भी लोगों को आकर्षिक कर रहे हैं। ऐसे स्टॉंल्सर पर कंपनियों ने अपने नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन किया हुआ है, जिसमें स्मार्ट उपकरण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधान और औद्योगिक मशीनरी शामिल हैं। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स, ड्रोन तकनीक और स्मार्ट फार्मिंग समाधानों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है, जो भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं को दर्शा रहे हैं।

हाईटेक प्रणाली को जानने के प्रति दिखी उत्सुकता : जहां पहले विभागों में फाइलों का अंबार लगा रहता था, अब किस तरह प्रदेश सरकार विभागों को हाइटेक बना रही है, उसकी बानगी भी ट्रेड शो में देखने को मिल रही है। इस बात की कभी कल्पकना नहीं की जा सकती थी कि विभागों का काम इतना आसान तरीके से होगा, लेकिन प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों के बाद इस प्रथा को तेजी से गति मिल रही है। ट्रेड शो में हर विभाग के स्टॉ ल लगे हैं, जहां ये विभाग तकनीकी रूप से कितने सक्षम हो गए हैं, इसको जानने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है।

लोगों में हस्तशिल्प, टेक्नोलॉजी, कृषि उत्पाद, वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उत्पोदों को देखने के प्रति खास क्रेज रहा। वहीं, जैविक कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। प्रदर्शनी में फलों, सब्जियों और अनाजों की एक विस्तृत श्रृंखला लगाई गई है।

विदेशी बॉयर्स हो रहे आकर्षित

ट्रेड शो न केवल देशी बल्कि विदेशी बॉयर्स को भी भरपूर तरीके से आकर्षिक करने में सफल हो रहा है। चाहे ओडीओपी हो, एमएसएमई या फिर अन्य तरह के उत्पातद हों, उनको विदेशी बॉयर्स द्वारा खूब पंसद किया जा रहा है। अधिकांश एक्जीनबिटर्स को ऑस्ट्रेकलिया, जिम्बांकबे, क्यू बा, सोमानिया जैसे देशों से अच्छे खासे ऑर्डर्स मिल रहे हैं। इस तरह इंटरनेशनल ऑर्डर्स मिलने से एक्जीमबिटर्स में खासा उत्सारह है, खासकर नए एक्जीबिटर्स इस बात को लेकर सरप्राइज हैं कि प्रदेश सरकार की यह पहल वाकई उनके जीवन को बदलने में महत्व पूर्ण भूमिका निभा रही है।

निराशाजनक प्रदर्शन — 15 अगस्त के बाद विद्यालयों में हुई थी परीक्षा, मूल्यांकन में एक भी स्कूल ए प्लस या ए श्रेणी में नहीं आया

ग्रेडिंग में फेल हो गए प्रदेश में सीबीएसई के 43 आश्रम पद्धति विद्यालय

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित सीबीएसई के 43 आश्रम पद्धति विद्यालय ग्रेडिंग में फेल हो गए। विद्यालयों में न तो छात्रों की हाजिरी संतोषजनक मिली है और न ही अध्यापकों की। साफ-सफाई, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी यह विद्यालय फिसड्डी साबित हुए हैं।

शैक्षणिक सत्र (2024-25) के पहले मूल्यांकन में इसका खुलासा हुआ है। 43 विद्यालयों में एक भी विभाग की ओर से तय मानकों को पूरा नहीं कर पाए हैं। 'ए प्लस या ए' श्रेणी में विद्यालय नहीं आ सके हैं।

पढ़ाई की स्थिति सुधारने के लिए आश्रम पद्धति विद्यालयों में इस शैक्षणिक सत्र से ग्रेडिंग सिस्टम को लागू किया गया है। यूपी में 52 आश्रम पद्धति विद्यालय यूपी बोर्ड के हैं और 43 सीबीएसई के। दोनों बोर्डों से जुड़े विद्यालयों की रैंकिंग अलग-अलग की जानी है।

सीबीएसई के 43 विद्यालयों में पिछले माह 15 अगस्त के बाद अंग्रेजी स्कूलों की तर्ज पर परीक्षा (यूनिट टेस्ट) कराए गए। परीक्षा, उपस्थिति, नवाचार समेत अन्य को लेकर ग्रेडिंग कराई गई। ग्रेडिंग में सिर्फ राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय कौशांबी और राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय झांसी ही 'बी' श्रेणी में आ पाए। 'सी' श्रेणी में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बलिया, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कोछाभाँवर झांसी, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सोहावल अयोध्या, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मोहान रोड लखनऊ, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सलोन रायबरेली, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सारनाथ वाराणसी और राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय पुवारका सहारनपुर रहे।

11 मानकों के आधार पर तैयार किया है 100 नंबरों का प्रारूप

ग्रेडिंग के लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक विद्यालय का पांच बार मूल्यांकन किया जाएगा। पहला मूल्यांकन पहले यूनिट टेस्ट के बाद, दूसरा मूल्यांकन दूसरे यूनिट टेस्ट के बाद, तीसरा मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद, चौथा मूल्यांकन तीसरे यूनिट टेस्ट के बाद होगा और पांचवां मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के बाद होना है। समाज कल्याण निदेशालय ने ग्रेडिंग के लिए 11 मानकों के आधार पर सौ नंबरों का एक प्रारूप तय किया है। मानकों में छात्रों और शिक्षकों की मासिक उपस्थिति के लिए दस–दस अंक, परीक्षा परिणाम के 20 अंक, नवाचार के दस अंक, यूनिट टेस्ट के दस अंक, ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियों के दस अंक, क्रियाशीलता के दस अंक और सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, साफ–सफाई और सुरक्षा के पांच–पांच अंक तय किए गए हैं। इन सौ नंबरों में 80 से ऊपर वाले विद्यालयों को ए प्लस श्रेणी में, 80 से 70 अंक वालों को ए श्रेणी में, 70 से 60 नंबर वाले विद्यालयों को बी, 60 से 50 नंबर वालों को सी श्रेणी में और 50 से कम अंक वालों को डी श्रेणी में रखा गया है।

> ग्रेडिंग कराई गई थी परिणाम बेहतर नहीं आए हैं। परिणामों का परीक्षण किया जाएगा और सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। शिक्षकों को सुधार करने के लिए चेतावनी दी जा रही है।
> – कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

काली सूची में डाली जाएगी बिजली बिलिंग एजेंसी स्टर्लिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में बिजली बिलिंग करने वाली पूर्व एजेंसी स्टर्लिंग टेक्नालॉजीज एंड सर्विसेज तीन साल के लिए काली सूची में डाली जाएगी। विभाग में अतिरिक्त आर्थिक खर्च की रिकवरी भी इस एजेंसी से की जाएगी। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।

एजेंसी ने प्रयागराज, वाराणसी व मिर्जापुर क्षेत्र में बिजली बिलिंग व राजस्व वसूली कार्य अचानक बंद करने, खराब कार्यप्रणाली, उपभोक्ताओं को समय से बिल न देने व अनुबंध का उल्लंघन किए जाने का आरोप है। कॉरपोरेशन सूत्रों के अनुसार कंपनी के पास कार्य का अनुबंध 36 महीने के लिए था। इस एजेंसी ने बीते जून में आठ दिन पूर्व सूचना देकर जुलाई से कार्य बंद कर दिया। अनुबंध की शर्तों के अनुसार एजेंसी को छह महीने पहले सूचना देनी थी पर एजेंसी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने कहा कि अनुबंधों का जो पालन नहीं करेगा, उस एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आइए दिल से करें दिल की बात व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 241, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 29 सितंबर 2024

आज का मौसम 26.7° अधिकतम तापमान | 23.3° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 06 : 00 सूर्यास्त 05 :57

देवरा की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत... 13

एक नजर

एनआईए का छत्तीसगढ़ में आठ स्थानों पर छापा

कांकेर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने वर्ष 2023 में सेना के जवान की हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के उसेली, गुमझीर, बड़े तेवरा और ऊपर कामता में आठ से अधिक जगहों पर शनिवार को छापेमारी कर रही है। बताया जाता है कि, वर्ष 2023 में सेना के जवान की हत्या के मामले में एनआईए की यह कार्रवाई हो रही है। गत 25 फ़रवरी 2023 को अज्ञात सशस्त्र नक़ाबपोश माओवादियों ने उसेली के वार्षिक मेला में घुम रहे सेना के जवान की गोली मार कर हत्या की थी। जवान का नाम मोती राम आचला था और वह ग्राम बेड़ तेवड़ा का निवासी था। खबर है कि एनआईए इसी हत्याकांड की विवेचना में छापामारी कर रही है। उसेली में पत्रकार और व्यापारी, गुमझीर में किसान, बड़े तेवड़ा में जनपद स्तरीय नेता, ऊपर कामता में एक ग्रामीण समेत करीब आठ जगहों पर कार्रवाई जारी है।

दिल्ली में प्रदूषण मुक्ति के लिए धूल रोधी अभियान

नई दिल्ली। सर्दियों के दौरान बढ़ते धूल प्रदूषण को रोकने के लिए, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को शहर की 'शीतकालीन कार्य योजना' के हिस्से के रूप में एक व्यापक 14-सूत्री निर्माण दिशानिर्देश जारी किए। राय ने कहा कि नियमों का उद्देश्य निर्माण स्थलों से होने वाले धूल प्रदूषण से निपटना है। सात अक्टूबर से इन दिशा-निर्देशों को सख्ती से लागू किया जाएगा।

जामताड़ा में तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

जामताड़ा। झारखंड में जामताड़ा जिले से पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम ने बताया कि नारायणपुर थाना क्षेत्र के पोखरिया से दो और करमातांड थाना के सतुवातांड गांव से एक गिरफ्तारी की गई है। 10 मोबाइल फोन और 14 सिमकार्ड, एक एटीएम कार्ड और 52 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

सुपौल में 144 किलोग्राम गांजा बरामद

सुपौल। बिहार के सुपौल जिले से सशस्त्र सीमा बल ने शनिवार की सुबह 144 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। एसएसबी 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट रूपेश शर्मा ने यहां बताया की सूचना मिली थी कि भीमनगर क्षेत्र के सीमा स्तम्भ 205 के पास तस्कर गांजा लेकर आने वाले हैं। घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया।

लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस को बेपटरी करने की साजिश

- बलिया में रेलवे ट्रैक पर मिला पत्थर चालक की सूझ-बूझ से टला हादसा

बलिया, एजेंसी

बलिया-छपरा रेलखंड पर बलिया-मांझी स्टेशन के बीच शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक पर बड़ा पत्थर रखा मिला। लोको पायलट की सूझ-बूझ से बड़ी घटना होने से बच गई।

लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस के लोको पायलट ने बकुला-मांझी रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर पत्थर देखा, जिसके बाद उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। बाद में पत्थर सेफ्टी गार्ड से टकराने के बाद ट्रैक से हट गया, जिसके बाद लोको पायलट ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया। घटना की सूचना के बाद छपरा, बलिया, वाराणसी और गोरखपुर के सुरक्षा अधिकारी व इंजीनियरों की टीम कुछ घंटे में मौके पर पहुंच गई। सीओ आरपीएफ, आरपीएफ प्रभारी बीके सिंह, छपरा प्रभारी और क्षेत्राधिकारी बैरिया मो. उस्मान, थाना प्रभारी बैरिया रामायण सिंह दलबल के साथ पहुंचे।

हिजबुल्ला प्रमुख नसरल्ला इजराइली हमले में मारा गया

चरमपंथी संगठन ने की पुष्टि, ईरान के एक प्रमुख जनरल की भी मौत

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइली सेना ने हिजबुल्ला के साथ महीनों से जारी संघर्ष में उसे अब तक सबसे बड़ा झटका देते हुए बेरूत में शुक्रवार को हमला कर चरमपंथी समूह के नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया। लेबनान के हिजबुल्ला समूह ने भी अपने नेता और समूह के संस्थापकों में से एक नसरल्ला के मारे जाने की शनिवार को पुष्टि की।

नसरल्ला हिजबुल्ला का अभी तक का सबसे ताकतवर नेता था। इस बीच ईरान ने कहा कि उसके अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड के एक प्रमुख जनरल की भी बेरूत में हुए उस हवाई हमले में मौत हो गई,

जिसमें नसरल्ला मारा गया। इजराइली सेना ने कहा कि जब हिजबुल्ला का नेतृत्व बेरूत के दक्षिण में दहियेह स्थित अपने मुख्यालय में बैठक कर रहा था, तभी एक सटीक हवाई हमला किया गया। इजराइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला के दक्षिणी मोर्चे के कमांडर अली कार्की और उसके अन्य कमांडर भी हमले में मार गिराए गए। इजराइल के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने शनिवार को कहा कि नसरल्ला का खात्मा अंत नहीं है। हलेवी ने कहा कि हिजबुल्ला के नेतृत्व को निशाना बनाकर हमला किए जाने की लंबे समय से योजना बनाई जा रही थी। इससे पहले इजराइली सेना ने बताया था कि उसने नसरल्ला को निशाना बनाकर शुक्रवार को बेरूत स्थित हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर हमला किया। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई और 91 अन्य लोग घायल हो गए।

ईरान में पांच दिनों का शोक, रूस ने की हत्या की निंदा

तेहरान। ईरान के सुप्रीम लीडर अयतुल्लाह खामेनेई ने हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला की मौत पर पांच दिनों के शोक का एलान किया है। खामेनेई ने कहा कि हिजबुल्ला प्रमुख के खून का बदला लिया जाएगा। रूस ने भी नसरल्ला के मारे जाने की निंदा की है। रूस के विदेश मंत्री लावरोव ने कहा कि इस तरह की हिंसक गतिविधि से इसराइल अपने लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। ईरान के अलावा इराक, हमास और यमन के हूती विद्रोही गुट ने भी हिजबुल्ला के समर्थन में बयान दिए हैं।

नसरल्ला का मारा जाना जरूरी था : नेतन्याहू

बेरूत। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्ला का मारा जाना इजराइल के लिए अपने युद्ध लक्ष्यों को हासिल करने के वास्ते आवश्यक शर्त बन गई थी। नसरल्ला की मौत के बाद अपने पहले सार्वजनिक वक्तव्य में नेतन्याहू ने कहा कि अन्य शीर्ष हिजबुल्ला कमांडरों का मारा जाना पर्याप्त नहीं था, इसलिए उन्होंने निर्णय लिया कि नसरल्ला को भी मारना होगा।

वित्तमंत्री सीतारमण पर एफआईआर

कोर्ट के निर्देश पर प्राथमिकी, इलेक्टोरल बॉण्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप

शिकायतकर्ता का दावा : आरोपियों ने आठ हजार करोड़ से अधिक का उठाया फायदा

बेंगलुरु, एजेंसी

चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित एक शिकायत के बाद यहां की एक अदालत के निर्देश पर केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया। हालांकि इस योजना को अब निरस्त किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार एक विशेष अदालत के आदेश के आधार पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का फायदा उठाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के फायदे के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। शिकायत में कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली का काम विभिन्न स्तरों पर भाजपा के पदाधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था।

वित्तमंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जद (एस) नेता एवं केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा, 'निर्मला सीतारमण को इस्तीफा क्यों देना चाहिए? क्या चुनावी बॉण्ड का पैसा निर्मला सीतारमण के निजी खाते में गया है, जिससे वह इस्तीफा दें? क्या उन्होंने आपकी (सिद्धारमैया) तरह सत्ता का दुरुपयोग कर खुद को फायदा पहुंचाया है?' विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं भाजपा नेता आर. अशोक ने कहा कि कांग्रेस को केंद्रीय वित्त मंत्री पर टिप्पणी करने का नैतिक अधिकार नहीं है और उनके खिलाफ चुनावी बॉण्ड मुद्दे और सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए मामले के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि मुद्दा (चुनावी बॉण्ड) खत्म हो गया है। इस पर उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया है और हमारे नेता (प्राथमिकी के संबंध में) कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दी थी चुनावी बॉण्ड योजना

वर्ष 2018 में शुरू किया गया चुनावी बॉण्ड राजनीतिक दलों को अनाम दान की अनुमति देता है और आलोचकों का तर्क है कि इस प्रणाली में पूरी तरह से पारदर्शिता नहीं है, जिससे चुनाव अभियानों में अवैध धन का इधर से उधर होने की प्रबल आशंका जताई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने गत फरवरी माह में चुनावी बॉण्ड योजना को यह कहते हुए रद कर दिया था कि इससे संविधान के तहत सूचना के अधिकार और भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन होता है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की सीतारमण के इस्तीफे की मांग

बेंगलुरु। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। सिद्धारमैया ने सवाल उठाया कि भाजपा ने इस मामले पर क्यों चुप्पी साधी हुई है। उन्होंने सुझाव दिया कि निष्पक्ष जांच करने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस्तीफा भी हो सकता है। उन्होंने भाजपा के सहयोगी एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के इस्तीफे की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अदालत ने चुनावी बॉण्ड घोटाले के सिलसिले में सीतारमण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। कर्नाटक भाजपा उनके इस्तीफे के लिए कब विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि अगर निष्पक्ष जांच की जाए तो प्रधानमंत्री को भी पद छोड़ना पड़ेगा। कुमारस्वामी को भी इस्तीफा दे देना चाहिए, जो जमानत पर बाहर हैं।

हटाए जाएंगे जिलों में तीन साल पूरा कर चुके अधिकारी

- उपचुनाव वाले जिलों के लिए चुनाव आयोग के निर्देश

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा उप चुनाव वाले जिलों से ऐसे प्रशासनिक अधिकारियों को हटाने का निर्देश दिया है, जो वर्तमान तैनाती स्थल पर तीन साल पूरा कर चुके हैं। आयोग ने उप चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष कराने को यह निर्देश दिया है। उप चुनाव के लिए अगले माह चुनाव कार्यक्रम भी जारी होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार जिन अधिकारियों की सेवानिवृत्ति में छह माह या उससे कम समय बचा है, उन्हें भी दूसरी जगह स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। शासन के सूत्रों के अनुसार आयोग के इन निर्देशों की परिधि में कोई आईएएस अधिकारी नहीं आ रहे हैं, जबकि लगभग 40 एसडीएम दायरे में हैं। इन अधिकारियों को स्थानांतरित कर जानकारी आयोग को दी जाएगी। प्रदेश में जिन 10 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होने हैं, उनमें मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, अयोध्या की मिल्कीपुर, अंबेडकर नगर की कटेहरी, मुरादाबाद की कुंदरकी, अलीगढ़ की खैर, गाजियाबाद, प्रयागराज की फूलपुर, मिर्जापुर की मझवा व मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट शामिल हैं।

बारिश से नदियों में उफान कई जिलों में बाढ़ का खतरा

बारिश से संबंधित घटनाओं में 12 की मौत

कार्यालय संवाददता,लखनऊ

अमृत विचारः शुक्रवार व शनिवार हुई बारिश से प्रदेश के कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। औसत से अधिक बारिश होने से प्रदेश की नदियों का जलस्तर बढ़ गया है,कई जिलों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। सिद्धार्थ नगर, बदायूं, बलिया, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, गोंडा और कुशीनगर सहित जिलों में नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं,अधिकारियों के मुताबिक शनिवार को प्रदेश में बारिश से संबंधित घटनाओं में 12 लोगों की मौत की सूचना है।

प्रदेश में भारी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने व मकान ढहने से कई लोग हताहत हुए हैं। आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बारिश से संबंधित घटनाओं में शनिवार को फतेहपुर में 3 लोग, अंबेडकरनगर,सुल्तानपुर में व गाजीपुर में दो-दो, जबकि अमेठी, चित्रकूट व अयोध्या में एक-एक की मौत की सूचना है। भारत मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में गत 24 घंटे के दौरान 27.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। राज्य के 75 जिलों में से 55 में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। गोंडा, गोरखपुर, बलरामपुर ऐसे जिले हैं, जहां 24 घंटे की अवधि में 150 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है। बस्ती, वाराणसी, झांसी व आसपास के इलाकों में भी गरज चमक के साथ भारी बरसात हुई। इस दौरान 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वा हवाएं भी चलीं। तापमान में गिरावट से लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। रविवार को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। पिछले दो दिनों में हुई अत्यधिक बारिश और खेतों में जल भराव से धान, अरहर, मूंगफली व हरी सब्जियां उगाने वाले किसानों के माथे पर अब चिंता की रेखाएं हैं।

प्रभावित लोगों को दी जाए आर्थिक सहायताः योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बारिश के दौरान अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को हर सम्भव सहायता मुहैया कराएं। जनहानि पर आर्थिक सहायक दी जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में तेज बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के बाद अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

कुलगाम में मुठभेड़, सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया

- जम्मू-कश्मीर पुलिस के एएसपी समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और एक अधिकारी समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि देवसर क्षेत्र के आदिगाम गांव में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था, इसी दौरान उनके एवं आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ स्थल के निकट गोली लगने से एएसपी मुमताज अली घायल हो गए हैं। अभियान में सेना के चार जवान भी घायल हुए हैं। कश्मीर के आईजीपी वीके बिरदी ने कहा कि शुक्रवार देर रात सुरक्षा बलों को आदिगाम इलाके में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी।

कठुआ में एक पुलिसकर्मी शहीद

जम्मू। कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान शनिवार शाम जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया।

स्टालिन ने बेटे उदयनिधि को बनाया उपमुख्यमंत्री

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने शनिवार को मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे एवं खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उप मुख्यमंत्री बनाया, जबकि पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को वापस मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। सेंथिल बालाजी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 471 दिनों की कैद के बाद दो दिन पहले जेल से रिहा किया गया था।

राजभवन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि एमके स्टालिन द्वारा किए गए मंत्रिमंडल के बड़े फेरबदल में तीन मौजूदा मंत्रियों को हटाया गया, जबकि कुछ मंत्रियों के विभाग बदले गए। मंत्रिमंडल में दो नए मंत्री शामिल किए गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह रविवार को दोपहर 15: 30 बजे होगा। 2021 के विधानसभा चुनावों में द्रमुक के शानदार बहुमत के साथ दस साल के अंतराल के बाद सत्ता में वापस आने और स्टालिन के पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद यह तमिलनाडु मंत्रिमंडल का पांचवां फेरबदल है।

भुखमरी के कगार पर हैं, पेंशन बहाल करा दें साहब

- वर्ष 1991 में पीलीभीत में हुई मुठभेड़ में बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने डीजीपी से लगाई गुहार

डीपी शुक्ल, लखनऊ

अमृत विचार : 'भुखमरी की कगार पर हैं साहब, हमारी पेंशन बहाल हो जाती तो हमें व हमारे परिवार को बहुत राहत मिल जाती' यह गुहार 33 साल पहले पीलीभीत में 10 सिख आतंकवादियों को मुठभेड़ में ढेर करने वाले बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने डीजीपी प्रशांत कुमार से लगाई है। डीजीपी ने उन्हें न्याय का भरोसा दिया है।

बता दें कि 12 जुलाई 1991 को पीलीभीत के जंगलों में एक साथ तीन जगह हुई मुठभेड़ में यूपी पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के नेता बलजीत सिंह उर्फ पप्पू समेत 10 सिख आतंकवादियों को मार गिराया था। मुठभेड़ पर सवाल उठे और सियासी हंगामा मचा तो हाईकोर्ट के न्यायाधीश केपी सिंह की अध्यक्षता में गठित आयोग ने जांच की।

रिपोर्ट में आयोग ने मुठभेड़ को सही करार दिया तो मारे गए आतंकियों के परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच हुई। 4 अप्रैल, 2016 को दिए फैसले में सीबीआई कोर्ट ने सभी पुलिसकर्मियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद सुनाई। इस पर आरोपी पुलिसकर्मियों के परिजनों ने हाईकोर्ट में अपील की। 15 दिसंबर 2022 को दिए अपने फैसले में हाईकोर्ट ने सीबीआई कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए मुठभेड़ को सही माना और पुलिसकर्मियों को आवश्यक से अधिक बल प्रयोग करना बताया। यही नहीं, आजीवन कारावास की सजा को निरस्त करते हुए 7 साल की सजा सुनाई। फैसला आने तक 10 पुलिसकर्मियों की मृत्यु हो चुकी थी। सजा काटने के बाद 13 बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने बदहाल आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए सेवानिवृत्त आईजी बद्री प्रसाद सिंह के नेतृत्व में डीजीपी को प्रार्थना पत्र देकर पेंशन बहाली की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि इस संबंध में डीजीपी मुख्यालय विधिक राय लेकर अपनी आख्या शासन को भेजेगा।

> मैं उस वक्त सिख आतंकवाद निरोधक अभियान का पुलिस अधीक्षक हुआ करता था। उक्त मुठभेड़ में बर्खास्त हुए व सात साल की सजा पूरी करने वाले 13 पुलिसकर्मियों के साथ मैं डीजीपी प्रशांत कुमार से 20 सितंबर को मिला और उनकी पेंशन बहाली के लिए निवेदन किया। डीजीपी ने न्याय का भरोसा दिया है।
>
> -**बद्री प्रसाद सिंह**, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

उपलब्धि पंत विश्वविद्यालय की शोधार्थी को मिली कार्बन नैनो ट्यूब बनाने में सफलता, कृषि रोबोटिक्स को मिलेगा बढ़ावा

देश में बनेगी लीथियम आयन बैटरी, मोबाइल-लैपटॉप होंगे सस्ते

मृगांक मौली, पंतनगर

अमृत विचार : वह दिन दूर नहीं, जब लीथियम आयन बैटरियों का मुख्य घटक कार्बन नैनो ट्यूब देश में ही बनने लगेगा। पंत विवि की शोधार्थी को इसमें सफलता मिली है, जिसे ताइवान की एनएसटी यूनिवर्सिटी ने चार माह के लिए फेलोशिप दी है।

इस तकनीक से मोबाइल और लैपटॉप की बैटरियां सस्ती होंगी और उनकी स्टोरेज क्षमता बढ़ने सहित खेती भी सरसब्ज होगी, क्योंकि इन बैटरियों का उपयोग अब कृषि संबंधी रोबोटिक्स में भी किया जाने लगा है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित सीबीएसएच कालेज के रसायन विज्ञान विभाग में डॉ. एमजीएच जैदी और डॉ. समीना महताब के मार्गदर्शन में मनीषा पांडे शोधरत हैं। वह लीथियम आयन बैटरियों को बनाने में प्रयुक्त होने वाले कार्बन नैनो ट्यूब को ग्रीन प्रक्रम विधि से विकसित कर रही हैं, जिसमें वह काफी हद तक सफलता हासिल कर चुकी हैं। मनीषा को नेशनल सुन यटसेन यूनिवर्सिटी (एनएसटीसी) ताइवान में चार माह की फेलोशिप मिली है। इसके तहत वह वहां लीथियम आयन बैटरी और आर्गेनिक इश्यूज ऑफ कार्बन नैनो ट्यूब पर शोध करेंगी। मनीषा नेचुरल रिसोर्सेज से कार्ब नैनो ट्यूब बनाने के बाद पता लगाएंगी कि वह लीथियम आयन बैटरी पर किस तरह काम करती है और बैटरी की स्टोरेज क्षमता कितनी बढ़ सकती है। इससे उद्योगों को खर्चीले लेजर सिस्टम से निजात मिलेगी और उसकी जगह ग्रीन फ्रेंडली विधि से नैनो ट्यूब बनाकर देश में ही लीथियम आयन बैटरी बनाई जा सकेंगी।

क्या है लीथियम आयन बैटरी : वर्तमान में लैपटाप और मोबाइल में जो बैटरियां प्रयोग होती हैं, वह लीथियम आयन बैटरी होती हैं। इनमें कार्बन नैनो ट्यूब नामक नैनो मैटीरियल का प्रयोग होता है, जिसे अभी लेजर प्रक्रिया से बनाया जाता है। इस प्रक्रिया में ग्रेफाइट पर हाई एनर्जी की लेजर को अप्लाई करते हैं, जिसके बाद उसे आयरन से कैटेलाइज करना पड़ता है। जब यह कैटेलाइज होती है, तब उससे कार्बन नैनो ट्यूब बनती है। इस विधि में कार्बन नैनो ट्यूब तो बनती है, परंतु उसमें ग्रेफाइट की शुद्धता क्षीण हो जाती है। ग्रेफाइट से कार्बन नैनो की उत्पादकता मात्र 28-30 प्रतिशत ही है। यदि ग्रीन प्रक्रम विकसित होता है, तो कार्बन नैनो ट्यूब आसानी से बन सकेंगी। लेजर सेटअप काफी महंगा है। ऐसे में सस्टेनेबल स्माल स्केल पर ग्रीन फ्रेंडली अल्टरनेट कार्बन नैनो ट्यूब बनाया जा सकता है।

> कार्बन नैनो ट्यूब को इंडिया में ग्रीन फ्रेंडली विधि से बनाने में सफलता मिली तो हमारी चीन व अन्य देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी। जिससे विदेशी मुद्रा देश में आएगी। अभी लीथियम आयन हमें अन्य देशों से खरीदना पड़ता है, फिर अन्य देश हमसे खरीदेंगे। - **डॉ. एमजीएच जैदी**, प्राध्यापक रसायन विज्ञान विभाग।

विमान यात्री के खाने में मिला कॉकरोच

- दिल्ली से न्यूयार्क जा रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट

नई दिल्ली। एयर इंडिया के एक यात्री ने राष्ट्रीय राजधानी से न्यूयॉर्क जाने वाले विमान में परोसे गए ऑमलेट में कॉकरोच मिलने की शिकायत की है। वहीं, एयर इंडिया ने कहा है कि उसने आगे की जांच के लिए खानपान सेवा प्रदाता के समक्ष यह मामला उठाया है। यात्री ने कहा कि जब हमें यह पता चला तब तक मेरा दो साल का बच्चा आधे से ज्यादा ऑमलेट खा चुका था। इसके परिणामस्वरूप वह बीमार हो गया। यात्री ने एक छोटा वीडियो और तस्वीर भी साझा की। उसने पोस्ट में एयर इंडिया, डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्री को टैग किया।

दिल्ली में 4 दिव्यांग बेटियों के साथ पिता ने की खुदकुशी

- घर से मिले सल्फास के 3 पैकेट

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज दक्षिण थाना क्षेत्र के रंगपुरी गांव में 46 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी चार बेटियों के साथ जहर खाकर जान दे दी। उनके शव किराए के उनके घर से बरामद किए गए हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि चार में दो बेटियां दिव्यांग थीं और शवों की हालत से ऐसा लगता है कि उनकी मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। मृतकों की पहचान पिछले 28 साल से वसंत कुंज में इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर में बढ़ई के तौर पर काम करने वाले हीरालाल शर्मा और उसकी चार बेटियों नीतू (26), निक्की (24), नीरू (23) और निधि (20) के रूप में की गई है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि शव शुक्रवार दोपहर को मिले और उन पर चोट के कोई निशान नहीं है लेकिन घर में सल्फास जहर के तीन पैकेट, पांच गिलास और एक संदिग्ध तरल पदार्थ के साथ एक चम्मच मिली है। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है क्योंकि किसी भी तरह की साजिश का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति की दो छोटी बेटियां दिव्यांग थीं जबकि पड़ोसियों ने बताया कि चारों दिव्यांग थीं।

एक नजर

प्रश्नोत्तरी में लविवि के छात्रों को तीसरा स्थान

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय पेट्रोलियम भूवैज्ञानिक संघ देहरादून की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। ऑनलाइन मोड में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के प्रमुख संस्थानों के 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 35 प्रश्नों के उत्तर देने थे, प्रत्येक प्रश्न के लिए 30 सेकेंड का समय निर्धारित किया गया था। प्रत्येक संस्थान से पांच छात्रों ने भाग लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रमुख स्कोररों में प्रभांश मिश्रा ने 25,098 अंक प्राप्त किए और कल्याणी द्विवेदी ने 25,395 अंक हासिल किए। अंकों का निर्धारण सही उत्तरों की अधिकतम संख्या और सबसे कम समय के आधार पर किया गया।

भाषा विश्वविद्यालय में हुआ नवाचारों का कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय नवाचारों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय, एसआरएम विश्वविद्यालय, शिया पीजी कॉलेज और केएमसीएलयू का प्रतिनिधित्व करने वाली 43 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नवीन दृष्टिकोण के साथ वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने की क्षमता को उजागर करने वाले विचारों पर चर्चा हुई। वैभव गुप्ता, उमर तज़कीर, अर्पित दीक्षित, डॉ. दोआ नकवी, प्रोफेसर सैयद हैदर अली, उज्जवल मौजूद रहे।

4 को प्रदेश भर के हजारों छात्र करेंगे प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रदेश भर के हजारों छात्र चार अक्टूबर को लखनऊ में जुटने जा रहे हैं। छात्र अवनीश वर्मा, प्रशांत पाण्डेय, अभिनव मिश्र, अंजली पाठक का कहना है कि दर्जनों भर्तियां लंबित हैं, उनको शीघ्र पूरा नहीं किया जा रहा है। जिससे अनेक छात्र ओवरएज हो रहे हैं और बेरोजगारी से जूझ रहे हैं।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे एकेटीयू के छात्र

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संबद्ध संस्थानों के छात्र भारतीय महालेखा परीक्षा और लेखा विभाग की ओर से आयोजित तृतीय राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्रतियोगिता 4 अक्टूबर को ऑफलाइन मोड में आयोजित होगी। कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देश पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो जेपी पांडेय ने पत्र जारी कर सभी संस्थानों से अधिक से अधिक छात्रों को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कहा है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर सॉल्वरों को चिह्नित करेगा आयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नकल रोकने के लिए एसएससी ने शुरू कर दिया है एआई का प्रयोग

▸▸ परीक्षा केंद्रों के आसपास जैमर से मोबाइल, इंटरनेट सेवा होंगी जाम

अमृत विचारः कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से सॉल्वर गैंग को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भी अपनी परीक्षाओं की निगरानी में एआई की सहायता लेने की तैयारी कर रहा है। जल्दी ही आयोग की आयोजित परीक्षाओं की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए इस तकनीक की मदद ली जाएगी।

परीक्षा के दौरान आवेदन पत्रों की जांच से फोटो मिलान आदि गोपनीय बातों का सत्यापन एआई की मदद से किया जाएगा।

एआई के बाद आवेदन पत्रों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी जांच मानवीय आधार पर भी की जाएगी।

इसके अलावा पूरी तरह सुरक्षित और उत्तरदायी स्कूल, कॉलेजों में ही परीक्षा केंद्र बनाने की योजना है। जैमर लगाकर परीक्षा केंद्रों के आसपास के क्षेत्र में फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। उल्लेखनीय है कि गत दिनों समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी के पेपर लीक कर इंटरनेट की मदद से सोशल मीडिया एप पर प्रसारित किए गए थे। इसे लेकर आयोग खास तैयारी कर रहा है।

बॉयोमेट्रिक पहचान पर चल रहा विचार

अभ्यर्थियों की पहचान का एक डॉटा तैयार करने में बॉयोमेट्रिक पहचान लेने की भी योजना है। हालंकि इस आशय का सुझाव उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से वर्ष 2017 में लोक सेवा आयोग को दिया गया था। जिसमें बायोमेट्रिक पहचान, जैमर का प्रयोग और साक्षात्कार के दौरान आयोग के सभी लैंड लाइन फोन को बंद करने और साक्षात्कार लेने वालों के मोबाइल फोन जमा करा लिए जाने का सुझाव दिया गया था।

एसएससी ने चिह्नित किए 400 सॉल्वर गैंग

एआई की मदद से कर्मचारी चयन आयोग ने देश भर में 400 सॉल्वर गैंग चिह्नित किए गए हैं। इसमें 261 सॉल्वर गैंग ऐसे हैं, जिन्होंने यूपी के प्रयागराज जोन में आवेदन किया है। अब ये गैंग प्रवेश पत्र को डाउनलोड नहीं कर पाएंगे। एसएससी की परीक्षा 30 सितंबर से 14 नवंबर के बीच होनी थी, लेकिन समय रहते एआई ने सॉल्वरों का भांडा फोड़ कर दिया है।

लैंगिक भेदभाव दूर करने पर किया मंथन

अमृत विचार, लखनऊ : लैंगिक संवेदीकरण (जेंडर सेंसिटाईजेशन) को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। लैंगिक संवेदीकरण लिंग आधारित भेदभाव को दूर करने और समान व्यवहार पर आधारित अवधारणा है। विधि संकाय में कार्यशाला संकाय अधिष्ठाता प्रो बीडी सिंह, विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष डॉ.अभिषेक कुमार तिवारी, लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष प्रो. नंद लाल भारती, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ वैशाली सक्सेना व डॉ सुशील सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजन हुआ। विधिक सहायता की सदस्य इरा उपाध्याय ने कहा कि समाज में व्याप्त लिंग-आधारित पूर्वाग्रह की भावना को बदलने की आवश्यकता है। शिवांगी ने पॉश एक्ट, भंवरी देवी केस 1992 और विशाखा गाइडलाइन के बारे में बताया। दानिश ने शिकायत प्रक्रिया, विभिन्न ऑर्गेनाइजेशंस, स्कूल या कॉलेज में स्थापित इंटरनल कंप्लेंट समिति के बारे में बताया।

अधीनस्थ सेवा आयोग छह माह से अध्यक्ष विहीन

सरकार ने दो बार मांगे आवेदन, नहीं मिले योग्य व्यक्ति, आयोग की दो दर्जन से अधिक परीक्षाएं लंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पिछले छह माह से अध्यक्ष और सदस्य विहीन है। प्रशासनिक सेवा में भर्ती करने वाला यह प्रदेश का दूसरा बड़ा आयोग है, जिसमें अध्यक्ष और सदस्यों के पद रिक्त हैं। सरकार की ओर से इसके लिए दो बार आवेदन मांगा गया है, लेकिन योग्य व्यक्ति की तलाश अब भी जारी है।

ऐसे में अधीनस्थ आयोग में सर्वेसर्वा सचिव ही हैं जिनके भरोसे आयोग काम कर रहा है। आयोग सरकारी सेवाओं में भर्ती करने के लिए किसी भी राजनैतिक हस्तक्षेप से अलग होता है। जिससे वह स्वतंत्र और निष्पक्ष रहते हुए कार्य कर सके। इसी आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जा सके।

आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति जरूर सरकार करती है, लेकिन एक बार नियुक्त हो जाने के बाद वह सिर्फ संवैधानिक जिम्मेदारियों के प्रति उत्तरदायी होते हैं। पिछले चार वर्षो में आयोग के पास करीब दो दर्जन परीक्षाएं लंबित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि बिना अध्यक्ष और सदस्यों के प्रदेश का दूसरा महत्वपूर्ण आयोग किस प्रकार काम कर रहा है।

राज्यपाल करते हैं नियुक्ति

राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति एक तरह से राष्ट्रपति करते हैं। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अधिनियम 2014 के प्रावधानों के अनुसार अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है। आयोग में अध्यक्ष के अलावा आठ सदस्य होते हैं।

ग्रुप सी और डी के पदों पर होती हैं भर्तियां

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ग्रुप सी और डी के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षाएं आयोजित करता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, कृषि जैसे विभागों में भर्ती का कार्य आयोग के पास है। वर्ष 1989 में इसकी स्थापना चयन बोर्ड के रूप में हुई थी लेकिन एक साल बाद ही 1990 में इसे आयोग में बदल दिया गया था।

भाषा, अर्थ और सत के बीच संबंधों पर हुआ संवाद

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविधालय के दर्शनशास्त्र विभाग में भाषा, अर्थ और सत् के बीच संबंधों पर सेमिनार का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्षा डॉ रजनी श्रीवास्तव की उपस्थिति में शोध छात्र गौरव मिश्र ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने दो पुस्तकों की चर्चा करते हुए पूंजी, भाषा, अर्थ और सत् के बीच संबंधों पर विस्तार से बताया। पहली पुस्तक गिल्स डेल्यूज़ की लॉजिक ऑफ़ सेंस दूसरी पुस्तक फ़ेलिक्स गुआटारी की लिखित एंटी-ओडिपस पर चर्चा की गई। डॉ प्रशांत शुक्ल, डॉ राजेन्द्र वर्मा, डॉ राजेश्वर यादव व डॉ ममता सिंह उपस्थित रही। सेमिनार के कोऑर्डिनेटर विभाग की शोध छात्रा निशी कुमारी रहीं।

लखनऊ विवि में आयोजित क्लाउड कंप्यूटिंग कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

छात्रों को दी गई क्लाउड कंप्यूटिंग की जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय में क्लाउड कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एडब्ल्यूएस क्लाउड कैप्टन रंजीत सिंह ने अमेजन वेब सर्विसेस की इलास्टिक कंप्यूटर क्लाउड और लिनक्स कमांड लाइन इंटरफेस के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ईसी दो एक वेब सेवा है, जो क्लाउड पर वर्चुअल सर्वर की स्थापना करने और कई प्रकार के प्रयोग करने की सुविधा देता है। ये सेवा ईबीएस (इलास्टिक ब्लॉक स्टोर), सिक्योरिटी फीचर्स, विभिन्न इंस्टेंस टाइप्स जैसी सुविधाओं को प्रदान करती है। जिससे उपयोगकर्ता सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट से लेकर बड़े पैमाने पर डेटा प्रोसेसिंग तक के कार्य कर सकते हैं।

छात्राओं को किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ: बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज मोतीनगर में पहल संस्था की संस्थापक डॉ. अंजना थडानी की ओर से छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उन्होंने छात्राओं को साइबर क्राइम, समाज से लापता बालिकाओं और महिलाओं के विषय में जानने के विविध उपाय और उसके दुष्परिणामों के बारे में बताया। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नोडल शिक्षिका शालिनी श्रीवास्तव के निर्देशन में डॉ थडानी, प्रधानाचार्य, शिक्षिकाओं, छात्राओं और उनकी माताओं ने पौधे लगाए गए। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कक्षा 6 से 8, 9 -10, 11 और 12 की छात्राओं के लिए प्रतियोगिताएं हुईं। आयोजन ऋचा अवस्थी, रागिनी यादव एवं मंजुला यादव के निर्देशन में हुआ।

एसआरएमयू कैम्पस में खुलेगा आईसीएमआई का अध्ययन केन्द्र

अमृत विचार, लखनऊ : द इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के लखनऊ चैप्टर तथा श्रीरामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के मध्य सीएमए के कोर्स के लिए अनुबंध हुआ। अनुबंध के माध्यम से यह निश्चित किया गया कि एसआरएमयू कैम्पस में आईसीएमआई का अध्ययन केन्द्र खोला जायेगा।

इससे बाराबंकी और लखनऊ के निकटवर्ती छात्रों को एक प्रोफेशन शिक्षा की जानकारी तथा क्लासेज मिल सकेंगी। आईसीएआई के अध्यक्ष सीएमए अमित यादव, अध्यक्षा (सीइपी) नैन्सी गुप्ता, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह एवं सचिव नरेन्द्र कुमार, कोपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष सुनील सिंह और पवन तिवारी तथा श्रीरामस्वरुप मेमोरियल यूनिवसिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. विकास मिश्रा, निदेशक प्रोफेसर डॉ. धर्मेन्द्र वाष्णेय, डीन डॉ. मुनीश कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

अनुबंध के मौके पर आईसीएआई के अध्यक्ष अमित यादव, श्रीरामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. विकास मिश्रा व अन्य।

उर्दू विभाग में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

उर्दू विभाग में नए छात्रों का हुआ स्वागत समारोह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में नए छात्रों के लिए बज़्में अदब की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बीए प्रथम वर्ष, एमए प्रथम वर्ष और नए शोधार्थियों का स्वागत किया गया। उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रो. फखरे आलम की अध्यक्षता में वरिष्ठ छात्रों ने प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत कर पढ़ाई में हर कदम पर मार्गदर्शन व प्रोत्साहन का आश्वासन दिया।

पीएचडी छात्रा राशदा खातून ने छात्रों और शिक्षकों का स्वागत किया। उन्होंने भाषा और संस्कृति के संदर्भ में उर्दू सीखने के महत्व को समझाया। प्रो फखरे आलम ने कहा कि भाषा और साहित्य को लेकर हम जिस संकटपूर्ण दौर में जी रहे हैं, उसके लिए जरूरी है कि विद्यार्थी अपने शैक्षिक कर्तव्यों में लापरवाही न बरतें। प्रोफेसर फखरे आलम ने बज़्में अल-अदब को बधाई दी।

मुईनुद्दीन अशरफ रिसर्च, हसन अकबर, शाहान अहमद, मुहम्मद अनस, अलाउद्दीन, मुहम्मद हारून रशीद, मुहम्मद अरबाज़ा, मुहम्मद अहमद और एमए छात्र मुहम्मद तरीफ ने मीर तकी मीर, ग़ालिब, ज़ौक और नासिर काज़मी की ग़ज़लें सुनायी। संचालन छात्रा निदा परवीन ने किया और एमए के छात्र अब्दुल कादिर ने धन्यवाद दिया। डॉ अकमल शादाब, डॉ वसी अंसारी, डॉ जफरुन नकी, डॉ मूनव्वर हुसैन उपस्थिति रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, टिकैतनगर, बाराबंकी (स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0)

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाराबंकी कि निस्प्रयोग्य सामग्री की नीलामी दिनांक 03/10/24 प्रात: 11:30 की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले ।

स्वास्थ विभाग बाराबंकी

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2009 अनुक्रमांक 2167753 व इंटरमीडिएट वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1280522 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र कहीं वास्तव में खो गया है। **वैभव कुमार पांडेय पुत्र दिनेश कुमार पांडेय निवासी मालवीय नगर जनपद –गोंडा**

सूचना

सूचित हो कि मैं **रोनन बटव्याल पुत्र बिरेन्द्र नाथ बटव्याल, निवासी– 559/खा–417, न्यू श्री नगर, नजदीक सेंट ऐन्स डे स्कूल, चंदर नगर, आलमबाग, लखनऊ, उ0प्र0–226005** मेरे पौत्र का नाम आदित्य बटव्याल (Aditya Batabyal) था किन्तु ज्योतिषीय सलाह से नाम बदलकर शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) हो गया है। जो कि मेरे पौत्र के आधार कार्ड में दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मेरे पौत्र को उसके वास्तविक नाम शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) के नाम से जाना व पहचाना जायेगा तथा जहां कहीं भी आदित्य बटब्याल (Aditya Batabyal) दर्ज है उसके स्थान पर वास्तविक नाम शरवील बटव्याल (Sharvil Batabyal) लिखा, पढा जाय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साबिर अली उर्फ गुड्डू का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं अपनी सारी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। यदि उसके द्वारा कोई भी कृत्य किया जाता है तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। **नादिरा पत्नी भिरगू निवासिनी ग्राम सेहरिया कला थाना कौड़िया, जिला– गोण्डा**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जमाल से बदलकर जमाल अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। जमाल अंसारी पुत्र मकसूद अहमद ग्राम बेतनार मुस्ताहकम, पोस्ट रमवापुर, थाना त्रिलोकपुर, जिला सिद्धार्थ नगर

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा यूपी बोर्ड का हाईस्कूल अनुक्रमांक 2120984 , वर्ष 2011, एवं इण्टरमीडियट अनुक्रमांक 1549516 , वर्ष 2013का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रियंका पुत्री दर्शन, निवासी ग्राम व पोस्ट कूम्ही, कादीपुर, सुल्तानपुर।, उत्तर प्रदेश।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साबिर अली उर्फ गुड्डू का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं अपनी सारी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। यदि उसके द्वारा कोई भी कृत्य किया जाता है तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। **नादिरा पत्नी भिरगू निवासिनी ग्राम सेहरिया कला थाना कौड़िया, जिला– गोण्डा**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम लगन से बदलकर लगन प्रसाद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। लगन प्रसाद पुत्र मुन्नर ग्राम बरवा उर्फ सियरही भार, पोस्ट जद्दू पीपरा, जिला महराजगंज

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत अलियाबाद में नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठन हेतु द्वितीय बैठक दिनांक 30/09/2024 दिन सोमवार को साय 4 बजे पंचायत भवन केन्हौरा ब्लाक दरियाबाद तहसील राम सनेही घाट जनपद बाराबंकी में आयोजित की जा रही है जिसमे सभी ग्रामवासी जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान बी डी सी जिला पंचायत व अधिकारीगण सादर आमंत्रित है। **मुख्य प्रवर्तक अब्दुल अली प्रस्तावित समिति 8127272752**

सूचना

मेरे पुत्र सौरभ कुमार राव के स्कूल के अभिलेखों में त्रुटिवश पिता का नाम संतलाल राव (Santlal Rao) व माता का नाम सुनीता राव (Sunita Rao) अंकित हो गया है। सही नाम पिता का नाम संतलाल राम (Santlal Ram) व माता का नाम सुनीता राव (Suneeta Rav) अंकित किया जाय। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **–संतलाल राम पुत्र राम समुझ, निवासी टाइप 2 क्वाटर नं0 694, जी0सी0, सी0आर0पी0एफ0 बिजनौर, लखनऊ**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम संजय से संजय यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। संजय यादव पुत्र रामायन ग्राम बॉक खास, पोस्ट बेदू पार, जिला कुशीनगर 274409

सूचना

मैं अपनी मूल विक्रय विलेख जिसका आराजी संख्या– 199/2, रकबा– 6 डिसमिल (2616 वर्गफीट) स्थित मौजा रोस्तमपुर तप्पा व परगना हवेली तहसील सदर जिला गोरखपुर को भारतीय स्टेट बैंक शाखा गोरखपुर में बंधक रखकर ऋण ले रहा हूं। उक्त आराजी संख्या 199/2, रकबा–6 डिसमिल की मूल विक्रय विलेख जो बही नम्बर 1, जिल्द–1473, पृष्ठ संख्या–266 से 268, क्रम संख्या–390 दिनांक– 28/01/1972 जो उपनिबंधक प्रथम सदर गोरखपुर के वहां रजिस्ट्रीकृत हैं, वास्तव में खो गया है। जगदीश पाण्डेय पुत्र रामदास पाण्डेय, निवासी– मौजा कोनी, तहसील सदर , जिला गोरखपुर।

सूचना

मैं राम बाबू पुत्र पन्ना लाल रस्तोगी निवासी वार्ड नं 10 रस्तोगी टोला कटरा बाजार गोंडा का निवासी हूं यह घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में राम बाबू उर्फ कौशल किशोर अंकित है जबकि मेरा सही नाम राम बाबू ही है। राम बाबू और कौशल किशोर दोनो नाम मेरा ही है अब मुझे राम बाबू के नाम से ही जाना जाय। **राम बाबू पुत्र पन्ना लाल निवासी वार्ड न 10 रस्तोगी टोला कटरा बाजार गोंडा।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **श्रीमती शुभावती शुक्ला, पत्नी स्व0 नरेश कुमार शुक्ला, स्थायी निवासिनी ग्राम–ठिहौरा, मजरा बौना भारी, विकास खण्ड व तहसील सिधौली, थाना अटरिया, जिला सीतापुर, हाल निवासिनी–मकानं–537भ/309, भरत नगर, थाना–मडियाँव, तहसील व जिला लखनऊ,** मेरा सही एवं वास्तविक नाम श्रीमती शुभावती शुक्ला (SUBHAVATI SHUKLA) पत्नी स्व0 नरेश कुमार शुक्ला है। मेरे पहचान पत्रों व सरकारी कागजातों में जहाँ–जहाँ मेरा नाम सोभावती, सोभावती शुक्ला या सोभारानी, सोभारानी शुक्ला दर्ज पाया जाय, वहाँ–वहां मेरा सही नाम श्रीमती शुभावती शुक्ला, पढ़ा, जाना व समझा जाय।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-अयोध्या।

पत्रांक– 2034/ ग्रा0अ0वि0/नि0 पत्रा0 /2024–25/ दिनांक : 20.09.2024

–: मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना :–

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अयोध्या के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है :–

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख) (ड्राइंग एंव बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार (जी0एस0टी0 छोड़कर)	बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी. एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित	अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	जिला अधिकारी कार्यालय का पता
3	2		4	5	6	7	8	9	10
विधायक निधि									
1	अयोध्या	कम्पोजिट विद्यालय वल्लीपुर ग्राम पंचायत पातूपुर विकास खण्ड बीकापुर में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, ग्रा0अ0वि0 विकास भवन अयोध्या	कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रा0अ0वि बड़ा रमना अयोध्या	कार्यालय जिला अधिकारी, कलेक्ट्रेट, अयोध्या
2	अयोध्या	कम्पोजिट विद्यालय गुन्धौर ग्राम पंचायत गुन्धौर विकास खण्ड बीकापुर में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
3	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय बिलारी नगर पंचायत बीकापुर विकास खण्ड बीकापुर में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
4	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय रामपुर भगन ग्राम पंचायत रामपुर भगन विकास खण्ड बीकापुर में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
5	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय मलेथू कनक ग्राम पंचायत मलेथू कनक विकास खण्ड बीकापुर में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
6	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय कुड़ौली ग्राम पंचायत मजनावॉ विकास खण्ड सोहावल में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
7	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय बाबा का पुरवा ग्राम पंचायत मोइया कपूरपुर विकास खण्ड सोहावल में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
8	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय करेरू ग्राम पंचायत करेरू विकास खण्ड सोहावल में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
9	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय मुबारकगंज ग्राम पंचायत देवराकोट विकास खण्ड सोहावल में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
10	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय उसरू अमौना ग्राम पंचायत उसरू अमौना विकास खण्ड मसोधा में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
11	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय बनके गॉव ग्राम पंचायत अबनपुर विकास खण्ड मसोधा में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त
12	अयोध्या	प्राथमिक विद्यालय लखौरी ग्राम पंचायत लखौरी विकास खण्ड सोहावल में स्मार्ट क्लास का कार्य।	5.93	29700	500+225+131 = 856	03माह	उपरोक्त	उपरोक्त	उपरोक्त

2. निविदा सूचना के कालम संख्या 8,9 एवं 10 में अंकित कार्यालय में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता/ विक्रय की तिथि :– 14.10.2024 से 19.10.2024 तक।
3. निविदा डाले जाने की तिथि, समय व स्थान:– 21.10.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–अयोध्या।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–21.10.2024 को सायं 3.00 बजे से।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अयोध्या में सम्पर्क करें।

(मुनेश कुमार लोधी)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–अयोध्या

UP – 219951 दिनांक 26.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

अमृत विचार आपके द्वार

'अमृत विचार आपके द्वार' टीम रविवार पूर्वाह्न 11:30 बजे आपके क्षेत्र की समस्याएं जानने के लिए कल्याणपुर मैकाले टेम्पू स्टैड के पास पहुंचेगी। स्थानीय लोग क्षेत्र की समस्याएं टीम के सदस्यों से साझा कर सकते हैं। आपकी दिक्कतों को अमृत विचार समाचार पत्र प्रमुखता से उठाएगा।

मौसम

हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

26.7°	23.3°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- कानपुर हरदोई बाईपास स्थित दि इलीट लखनऊ कन्वेन्शन होटल में इलेक्ट्रिक कांट्रेक्टर एंड मर्चेंट वेलफेयर असोसिशन यूपी की प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति की बैठक- 10:30 बजे
- सहकारिता भवन में अखिल भारतीय बढ़ई महासभा के तत्वाधान में सामाजिक सम्मेलन- 12:30 बजे।

फैल गई बीमारी तब याद आई जिम्मेदारी

घरों में ढूंढी जा रहीं मच्छर जनित स्थितियां, दिए जा रहे नोटिस

लार्वा मिलने पर मकान मालिक को नोटिस देते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मच्छर जनित बीमारियों पर काबू पाने के लिए शासन ने एक से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। पिछले ढाई महीने से मंडलायुक्त से लेकर जिलाधिकारी, सीएमओ और नगर आयुक्त तक बैठकें कर निर्देश देते रहे। अब जब डेंगू मलेरिया की स्थिति गंभीर होने लगी है, तब अधिकारियों को जिम्मेदारी याद आई है। टीमें मैदान में उतार दी गई हैं। लोगों को जागरूक करने के साथ मच्छर जनित स्थितियों की खोज के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव का भी दावा किया जा रहा है।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शनिवार को फिर संचारी रोग एवं दस्तक अभियान को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आशा कार्यकत्रियों, एएनएम को घर-घर जाकर दिमागी बुखार, डायरिया, जलजनित रोग के रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। कहा, अस्वस्थ बच्चों

▸▸ संचारी रोग अभियान को लेकर डीएम के बाद मंडलायुक्त ने की बैठक, दिए निर्देश

को चिह्नित कर निशुल्क जांच कर इलाज कराया जाए। निशुल्क परिवहन सुविधाएं प्रदान की जाए। ग्रामीण क्षेत्र में भी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराएं। अभियान के तहत 5 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों की खून की कमी की जांच, छः माह से पांच वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान और 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' का घोल दिया जाए।

मंडलायुक्त ने कहा कि नियमित एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के साथ टूटी फूटी नालियों की मरम्मत कराएं। खाली प्लाटों में कूड़ा डंप न किया जाए। पानी और सीवर लाइन में रिसाव न होने दें। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज अग्रवाल आदि थे।

लार्वा की जांच करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अमृत विचार

डेंगू 24 घंटे में मिले सर्वाधिक 39 मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड के मुताबिक शनिवार को इस सीजन में सर्वाधिक 39 मरीज मिले हैं। तीन मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हुई है। सभी को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया शनिवार को अलीगंज में 6, चन्दरनगर में 5, सरोजनीनगर में 4, एनके रोड पर 5, इन्दिरानगर में 5, सिल्वर जुबली में 3, चिनहट में 3, रेड क्रॉस में 2, टूडियागंज में 3, बीकेटी में 1 और ऐशबाग सीएचसी क्षेत्र में 2 मरीज मिले हैं। अलीगंज, बीकेटी व चन्दरनगर सीएचसी क्षेत्र में तीन मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हुई है। रिकॉर्ड के मुताबिक जनवरी से अब तक डेंगू के 429 और मलेरिया के 408 रोगी मिल चुके हैं।



5 दिनों में मिले मरीज

तारीख	डेंगू	मलेरिया
24	25	6
25	26	7
26	28	8
27	27	4

6 और घरों में मिली मच्छरजनित स्थिति

अभियान के दौरान टीमों ने लगभग 1160 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का निरीक्षण किया। 6 घरों में मच्छरजनित स्थिति मिली। इस पर मकान मालिकों को नोटिस जारी दिए गए।

टीमों ने चलाया सफाई अभियान

स्वास्थ्य और नगर निगम की टीमों ने सराय फाटक दुर्विजयगंज गणेशगंज, पुलिस चौकी आगामीर डयोढी, फैजुल्लागंज प्रथम, हनुमान मंदिर अर्जुनगंज, हरिओमनगर लाडो गेस्ट हाउस, सोना विहार आलमनगर, सेक्टर-12 योगी पार्क ओलंपिया जिम, हनुमान मंदिर शारदानगर नीलमथा के आस-पास क्षेत्रों में सघन मच्छर रोधी अभियान चलाया। साफ-सफाई, लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव और फॉगिंग कराई गई। लोगों को मच्छर जनित बिमारियों से बचाव के लिए जागरूक भी किया गया।

सफाई कर्मचारियों से करा रहे फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव

महापौर ने कार्यकारिणी बैठक में हर वार्ड में पांच कर्मचारी अलग से लगाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संचारी रोग नियंत्रण अभियान में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों से ही फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है, जबकि महापौर सुषमा खर्कवाल ने कार्यकारिणी बैठक में प्रत्येक वार्ड में अलग से 5-5 कर्मचारी लगाने के निर्देश दिए थे।

इसके बावजूद अधिकारियों ने उनके आदेश का अनुपालन नहीं किया। फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव में ड्यूटी लगाने से सफाई के कार्य में करीब 550 सफाई कर्मचारी कम हो गए हैं। जिससे सफाई और कूड़ा उठ नहीं हो पा रहा है।

▸▸ नगर निगम से बननी थी टीम

संचारी रोग अभियान के तहत फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव के लिए नगर निगम को प्रत्येक वार्ड के लिए 5-5 कर्मचारियों की टीम बननी थी। इन कर्मचारियों को 5-5 छोटी फॉगिंग मशीनें भी दी जानी थीं।

▸▸ प्रत्येक वार्ड में एक फॉगिंग मशीन तक नहीं

नगर निगम जरूरत के हिसाब से फॉगिंग मशीनें तक नहीं खरीद पाया है। फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव के लिए प्रत्येक वार्ड के लिए 5-5 हैंड हेल्ड कोल्ड थर्मल फॉगिंग मशीनें खरीदने की बात कही गई थी। किंतु प्रत्येक वार्ड में एक-एक मशीन भी नहीं है। 54 छोटी मशीनों से काम चलाया जा रहा है। इसके अलावा पुरानी 36 व्हिकल माउंटेड मशीनें हैं। मशीनों की कमी के कारण प्रत्येक वार्ड में फॉगिंग नहीं हो पा रही है।

> कुछ जोन ने फॉगिंग के लिए 5-5 कर्मचारी पहले से बढ़ा लिए थे। जिन जोन से मांग की जाएगी, उन्हें अलग से कर्मचारी उपलब्ध करा दिए जाएंगे। फॉगिंग के लिए जल्दी ही और मशीनें खरीदी जाएंगी।
>
> -**ललित कुमार**, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम

अभियान चलाकर किया जागरूक

अमृत विचार: एसामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने शनिवार से फैजुल्लागंज में जागरूकता अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया टीम के साथ श्याम विहार कॉलोनी में लोगों को डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए सुझाव दिए।

बताया कि जलजमाव वाले स्थलों पर मोबिल ऑयल डाल कर मच्छर पनपने से रोका जा सकता है। उन्होंने लोगों घर के आसपास सफाई रखने, जलजमाव न होने देने और बच्चों को पूरी आस्तीन के कपड़े पहनाने की अपील भी की है। कहा, सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल भी करें।

लोगों को जागरूक करतीं सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी। अमृत विचार

एक नजर

गीतापल्ली में नगर निगम की सड़क धंसी

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग के गीतापल्ली में शनिवार दोपहर सड़क धंस गई। सूचना पर पहुंचे नगर निगम के अभियंताओं ने सड़क पर बैरीकेटिंग करा दी। लोगों ने बताया कि सीवर का मैनहोल टूट जाने से सड़क बैठ गई। प्रभारी नगर अभियंता जोन 5 राजीव शर्मा ने बताया कि ट्रक से मैनहोल का लोहे का ढक्कन टूट गया, जिससे सड़क धंस गई। जेई को मौके पर भेजकर बैरिकेटिंग करा दी गई है। रविवार को सड़क सही कराई जाएगी।

राजभवन उपकेंद्र के कई इलाकों में बिजली रहेगी गुल

अमृत विचार, लखनऊ : राजभवन उपकेंद्र के अंतर्गत कई इलाकों में बिजली के पोल, केबल बदलने सहित फीडर के मरम्मत कार्य किया जाएगा। सभी कार्य लेसा आरडीएसएस योजना के तहत करेगा। राजभवन उपकेंद्र के महिला विधायक फीडर से पोषित इलाकों में रविवार सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में 103 प्रकरण निस्तारित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शनिवार को प्राधिकरण में सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रकरणों से सम्बंधित 103 फाइलों का निस्तारण किया गया। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि 370 दिन से लंबित सिण्डर्स डम्प योजना की दुकान, 580 दिन से लंबित कानपुर रोड योजना की व्यावसायिक सम्पत्ति व 342 दिन से लंबित अमृत बाजार योजना की दुकान के नामांतरण की फाइल का निस्तारण कराया गया।

आकाशीय बिजली गिरने से इंसुलेटर जले

अमृत विचार, निगोहां : आकाशीय बिजली गिरने से शुक्रवार को हाईटेंशन लाइन के 9 इंसुलेटर जल गए थे। इससे निगोहां बिजली उपकेंद्र से जुड़े कई इलाकों की बिजली सप्लाई 21 घंटे से बाधित रही। 50 हजार से अधिक लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा। एसडीओ उपेंद्र पटेल ने बताया कि इंसुलेटर बदलकर आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

ईरानी ट्रॉफी खेलने लखनऊ आ रहे क्रिकेटर मुशीर हादसे में घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

अमृत विचार: इकाना स्टेडियम में होने वाले ईरानी ट्रॉफी मैच खेलने के लिए आजमगढ़ से लखनऊ आ रहे युवा क्रिकेटर मुशीर हादसे का शिकार हो गए। गंभीर रूप से घायल मुशीर का इलाज लखनऊ के मेदांता अस्पताल में चल रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को उनकी फॉर्च्यूनर डिवाइडर से टकरा गई थी।

▸▸ पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई थी फॉर्च्यूनर

▸▸ मेदांता अस्पताल में भर्ती, गर्दन पर आई गंभीर चोट

मुशीर भारतीय टीम से बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट टीम में शामिल क्रिकेटर सरफराज खान के भाई है।

ईरानी ट्रॉफी खेलने के लिए मुशीर पिता व कोच नौशाद खान व दो अन्य लोगों के साथ शनिवार को आजमगढ़ से लखनऊ आ रहे थे। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सबई गांव के पास उनकी फॉर्च्यूनर कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। गाड़ी में बैठे चारों लोगों की जान बाल-बाल बच गई। मुशीर के गर्दन में गंभीर चोट आई है। उनके पिता व चालक समेत अन्य लोगों को हल्की चोट आई है। यूपीडा टीम ने प्राथमिक उपचार किया। मुशीर का इलाज लखनऊ के मेदांता अस्पताल में हो रहा है।

सेवानिवृत्तआईएएस की चेन लूटी, धक्का देकर गिराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विकासनगर सेक्टर-3 में टहलने निकले सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी की गले से बाइक सवार बदमाशों ने चेन लूट ली। उन्होंने बाइक से एक बदमाश को खींच लिया और भिड़ गए। लोगों के आने पर बदमाशों ने उन्हें सड़क पर गिरा दिया, जिससे वह घायल हो गए। दोस्तों ने मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार उनके कंधे की हड्डी टूट गई है।

सेवानिवृत्त आईएएस प्रेम नारायण द्विवेदी विकासनगर सेक्टर-तीन में परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार शाम को वह टहलने के लिए निकले थे।

▸▸ टूट गई गले की हड्डी, मेदांता अस्पताल में चल रहा इलाज

पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने गले में झपट्टा मारकर चेन लूट ली। प्रेम नारायण ने हिम्मत दिखाते हुए बाइक पर पीछे बैठे बदमाश को पकड़ लिया। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी। प्रेम प्रकाश ने बदमाशों से भिड़ गए। खुद को घिरता देख बदमाशों ने धक्का दिया और छुड़ाकर भाग निकले। इंस्पेक्टर विकासनगर विपिन सिंह के मुताबिक थाने से पुलिसकर्मी को तहरीर लेने के अस्पताल भेजा गया था। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। खुलासे के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

मानक विपरीत बन रहे दो निर्माण सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने मड़ियांव व अलीगंज में मानक विपरीत बन रहे दो निर्माण सील कर दिए।

जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन-4 माधवेश कुमार ने बताया कि अंकित निगम व अन्य द्वारा मड़ियांव के केशव नगर में सुरभि कॉलेज के पास लगभग 1,800 वर्गफीट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बिना स्वीकृत मानचित्र के आवासीय निर्माण कराया जा रहा था।

सचिन गर्ग पुत्र सुभाष गर्ग द्वारा अलीगंज के सेक्टर-बी में भूखण्ड संख्या-बी-59 पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। जिसे विहित प्राधिकारी न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में पूर्व में सील किया गया था।

राजधानी में तीन दिन में हुई 18 मिलीमीटर बारिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : तीन दिन से हो रही हल्की बारिश से पारा लुढ़क गया है। सुबह-शाम को ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग ने रविवार को भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

कुछ दिनों के विराम के बाद मानसून फिर सक्रिय हुआ और गुरुवार से बारिश शुरू हुई। तीन दिनों से हो रही हल्की बारिश के कारण अधिकतम तापमान 26.7 और न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान

▸▸ सामान्य से कम हुआ अधिकतम तापमान, सुबह-शाम ठंड का एहसास

सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस कम रहा। गुरुवार को 2, शुक्रवार को 4.7 और शनिवार को 11.6 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार तीन दिन 18 मिलीमीटर बारिश हुई। अभी तक 673 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जो कि सामान्य से कम है। जून से सितंबर तक 683.2 मिलीमीटर बारिश होती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि सोमवार से मौसम साफ होने की उम्मीद है।

▸▸ अमौसी एयरपोर्ट पर घंटों विलंबित रहे विमान

अमृत विचार, सरोजनीनगर : मौसम खराब होने का असर विमान सेवाओं पर भी पड़ रहा है। शनिवार को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दो विमान देरी से उड़े और दो देरी से लैंड हुए। नेपाल के एक विमान की अमौसी हवाई अड्डे पर लैंडिंग कराई गई। विमान तीन घंटे यहां रुककर नेपाल के लिए उड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक इंडिगो की दिल्ली जाने वाली उड़ान निर्धारित समय 7:40 के बजाय 11:15 बजे रवाना हुई। मुंबई से लखनऊ आने वाला विमान रात 2:15 बजे के बजाए तड़के 4:05 बजे लखनऊ पहुंचा। चंडीगढ़ से सुबह 7:55 बजे लखनऊ आने वाली उड़ान 10:10 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंच सकी। अन्य विमान भी देरी से चली। लखनऊ से काठमांडू जाने वाली थाई एयर की उड़ान रात 1:03 बजे के बजाए 2 घंटे बाद 3:50 पर उड़ान भर सकी। उधर, नेपाल में भी मौसम खराब रहा। इससे शनिवार तड़के एफजेड-1135 विमान दुबई से 2:29 बजे उड़कर काठमांडू एयरपोर्ट पर नहीं उतर सका। पायलट ने एटीसी से संपर्क कर विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारने की अनुमति मांगी। सुबह 8:00 बजे विमान को लखनऊ उतारा गया। मौसम ठीक होने पर करीब 3 घंटे बाद विमान काठमांडू रवाना कर दिया गया।

एक नजर

छात्रा समेत दो का शव फंदे से लटका मिला

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर के मानस इंक्लेव निवासी सचिवालय में तैनात निजी सचिव की बेटी जाह्नवी (19) ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। आत्महत्या की वजह नहीं पता चल सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, तालकटोरा के राजाजीपुरम एफ ब्लॉक एफ निवासी मनोज रस्तोगी (55) ने शुक्रवार रात आंगन में गले में फंदा लगा लिया। पत्नी अमिता के अनुसार, वह बीमारी से परेशान थे।

दो के शव मिले, नहीं हो पाई शिनाख्त

अमृत विचार, लखनऊ : सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में शनिवार को दो अलग-अलग स्थानों पर दो अज्ञात के शव मिले है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के लुलू मॉल के सामने एक पेड़ के नीचे 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव पड़ा मिला है। तो वहीं, मांदरमऊ गांव के पास सड़क के किनारे 40 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। दोनों के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

कार का शीशा तोड़ कर बैग चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर इलाके में श्रेया पाहवा अरोड़ा रहती है। शुक्रवार शाम करीब चार बजे उन्होंने अपनी कार विभूतिखंड इलाके के एक रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी की थी। चोरों ने उनकी कार का शीशा तोड़ कर अंदर रखा बैग चोरी कर लिया। बैग में 6 हजार रुपए, लैपटॉप, हाई कोर्ट का आई कार्ड व अन्य आवश्यक कागजात रखे थे।

सील तोड़कर निर्माण करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज वजीरहसन रोड रोड एकलव्यनगर में रहने वाले आसिफ अली एक सीलिंग का कार्रवाई के बाद भूखंड की सील तोड़कर निर्माण कार्य करा रहे थे। इस संबंध में जोन छह के अवर अभियंता प्रवर्तन राकेश कुमार ने हजरतगंज कोतवाली में आसिफ अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

प्लॉट का सौदा कर हड़पे 20 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

32 बीघा जमीन का सौदा कर एडवांस में लिए थे 50 लाख

अमृत विचार: स्वास्थ्य भवन महानिदेशालय में कार्यरत कर्मी को प्लॉट बेचने का झांसा देकर जालसाजों ने 20 लाख रुपए ऐंठ लिए। आरोपी बहनों ने अपने नाम दर्ज जमीन का सौदा कर परिवार संग मिलकर 50 लाख एडवांस लिया। फिर करीब दो करोड़ नकद मांगे। इनकार करते हुए पीड़ित ने रुपए वापस मांगे तो 30 लाख देकर शेष हड़प लिए और धमकाया। एसीपी अलीगंज बृज नारायण सिंह के निर्देश पर मड़ियांव पुलिस ने दोनों बहनों, उनके पति और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

जानकीपुरम स्थित सहारा स्टेट निवासी भानु प्रकाश जायसवाल स्वास्थ्य भवन महानिदेशालय में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में वे एक प्लॉट लेने के इच्छुक थे। अगस्त 2021 में पुष्पांजलि गोयल निवासी एल्डिको सिटी आईआईएम और उनकी बहन पूजा गोयल निवाई एलडीए कॉलोनी आशियाना के साथ लखीमपुर खीरी स्थित 32 बीघा जमीन को लेकर बातचीत हुई थी। सौदा 3.60 करोड़ में तय होने होने के बाद दोनों बहनों, उनके पति और पूजा के ससुर आरके सक्सेना ने एग्रीमेंट बनवाया था।

एसीपी से की शिकायत

भानु प्रकाश ने एसीपी अलीगंज से शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर मड़ियांव पुलिस ने पुष्पांजलि गोयल, उनके पति विजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक सक्सेना, उनकी पत्नी पूजा और पिता आरके सक्सेना के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, आपराधिक साजिश, मारपीट, गाली गलौज और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

एडवांस देने के बाद कई किश्तों में मई 2022 तक भानू प्रकाश ने 50 लाख रुपए नकद और चेक से दिए थे। इस बीच आरोपी दो करोड़ रुपए नकद की डिमांड करने लगे। इस पर पीड़ित ने इनकार करते हुए सौदा निरस्त कर अपने रुपए वापस मांगे। पता चला कि आरोपियों ने जमीन किसी और को बेच दी है। रुपए वापस करने का दबाव बनाया तो चेक से 30 लाख वापस किए। शेष 20 लाख मांगने पीड़ित आरोपियों के घर गया तो वहां मारपीट करते हुए उसे फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी गई।

छह के खातों से उड़ाए 9.71 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

इंदिरानगर, गाजीपुर, आलमबाग और चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: साइबर जालसाजों ने युवती समेत छह के खातों से 9.71 लाख रुपए उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने ट्रेडिंग और टास्क का झांसा दिया तो कहीं क्लोन बनाकर ठगा। साइबर ठगी के यह मामले इंदिरानगर, गाजीपुर, आलमबाग और चिनहट के हैं। पुलिस सभी मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रहा है।

इंदिरानगर के फरीदीनगर इलाके में ज्योति वर्मा रहती हैं। उन्होंने बताया कि इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम की पोस्ट देख दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर संपर्क किया। फिर टेलीग्राम पर फंसा कई टास्क के नाम पर 1,94,900 रुपए जमा करा लिए। मुनाफा मांगने पर आरोपियों ने आनाकानी की। पीड़िता ने इंदिरानगर थाने में शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, खुर्रमनगर पंतनगर निवासी आदिल अहमद उस्मानी ने बताया कि फेसबुक पर एक पोस्ट देख क्लिक किया। एक ट्रेडिंग व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया।

पर्सनल लोन के नाम पर रुपये किए पार

मूल रूप से कानपुर नगर निवासी शिवशंकर चिनहट के कमता स्थित मुलायम नगर में रहते हैं। साइबर जालसाज ने पर्सनल लोन दिलाने के नाम पर उनके खाते से तीन बार में 75 हजार रुपए पार कर दिए। मैसेज देख पीड़ित ने जानकारी की तो पता चला कि क्रेडिट कार्ड से भी 16,326 रुपए की ऑनलाइन शॉपिंग हुई है। पीड़ित ने चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ठगों ने पहले 50 हजार फिर आईपीओ खरीदने का झांसा देकर कई बार में 4,02,200 रुपए ट्रांसफर करा लिए।

वहीं, इंदिरानगर सेक्टर -11 निवासी 55 वर्षीय आभा शुक्ला ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके पास एक कॉल आई। जालसाज ने बातों में फंसाकर जानकारी हासिल की, फिर खाते से 66,011 रुपए निकाल लिए। पीड़िता ने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, सेक्टर-8 पटेलनगर निवासी प्रेम प्रकाश वर्मा ने बताया कि कुछ दिन पहले एक कॉल आई। जालसाज ने बातों में फंसाकर खाते से 97,151 रुपए उड़ा लिए। उधर, आलमबाग के चंदर नगर निवासी कीर्ति खत्री ने बताया कि साइबर जालसाज ने क्लोन बनाकर खाते से कई बार में 1.20 लाख रुपए गायब कर दिए।

पिटाई में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर के दरोगाखेड़ा निवासी मजदूर जमुना (40) की शुक्रवार देर शाम को इलाज के दौरान मौत हो गई। वह गांव में हुए मारपीट में घायल हुआ था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राम बाबू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है।

जमुना की पत्नी पूनम के अनुसार, 22 सितंबर को पति गांव में ही पान मसाला की दुकान पर बैठा था। तभी पीछे से पहुंचे रामबाबू ने उनका गला दबा दिया था। साथ ही अपने तीन साथियों के साथ मिलकर पति को पीटा था। पूनम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति के मुताबिक अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

अलग-अलग हादसों में तीन की मौत

शहीद पथ, अयोध्या हाइवे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुई दुर्घटना, जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

विभूति खंड, बीबीडी और गोसाईगंज थाना क्षेत्र से सामने आई घटनाएं

अमृत विचार : विभूति खंड, बीबीडी और गोसई गंज में हुए सड़क हादसों में तीन की लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच कर रहे है।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि उज्जवल राय बीबीडी इलाके में किराए पर रहकर डीएमएलटी (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन) का कोर्स कर रहा था। शुक्रवार रात ढाई बजे उज्जवल शहीद पथ से बाइक से बीबीडी की तरफ जा रहा था। इसी बीच समिट बिल्डिंग के सामने तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वह बाइक से छिटककर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिता देवेन्द्र राय को सूचना दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि टक्कर मारने वाले कार की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

हाइवे पार कर रहे मजदूर को कार ने रौंदा : इंस्पेक्टर बीबीडी अजय नारायण सिंह के मुताबिक शनिवार सुबह बस्ती निवासी दिलीप कुमार अयोध्या हाइवे पार कर रहे थे। इसी बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल दिलीप को अस्पताल पहुंचा गया। जहां उसकी मौत हो गई। हादसा हाइवे स्थित वॉल्वो शोरूम के सामने हुआ। दिलीप खरगापुर में रहकर शटरिंग का काम करता था। बीबीडी इलाके में काम करने आए थे। हादसे की जानकारी होने पर उसके भाई व भतीजे भी पहुंच गए। उनकी तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

सड़क हादसे में डाला चालक की मौत

इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक नगराम के बहरौली गांव में रहने वाले राजकुमार (32) प्राइवेट डाला चलाते थे। भाई त्रिभुवन ने बताया उनके भाई शुक्रवार रात लखनऊ से काम खत्म होने के बाद किसी साधन से गोसाईगंज पूर्वांचल एक्सप्रेस के पास आए थे तभी पकरा गांव के पास सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक के मोबाइल से घर वालों को सूचना दी गई। परिवार में पत्नी सोनी और दो छोटे बच्चे, 5 वर्षीय पुत्री काव्या और 8 माह के पुत्र युग हैं। हादसे की जानकारी होने पर पूर्व विधायक अम्बरीश पुष्कर बहरौली पहुंचे, जहां परिवार को सांत्वना दी।

78 महिला पुलिस कर्मी सम्मानित

पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में सम्मानित होने वालीं महिला पुलिस कर्मियों के साथ राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: नीशू वेलफेयर फाउंडेशन, मां गायत्री जनसेवा संस्थान ने शनिवार को पुलिस लाइन के संगोष्ठी सदन में आयोजित सम्मान समारोह में 78 महिला पुलिसकर्मियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। नारी सशक्तिकरण महिला पुलिस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि नारी सशक्तिकरण में महिला पुलिस का सम्मान होना गर्व की बात है। महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी बढ़ी है।

कार्यक्रम अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि संस्था द्वारा दिए जा रहे सम्मान समाज के प्रति जिम्मेदारियों को निभाने की प्रेरणा देते हैं। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि समाज तभी विकासित होगा जब प्रत्येक व्यक्ति जिम्मेदारी निभाएगा। फाउंडेशन की अध्यक्ष गुंजन वर्मा और मां गायत्री जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि दोनों संस्थाएं समाज के लिए हमेशा खड़ी हैं (कार्यक्रम में रिटायर्ड आईजी आरके चतुर्वेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

महिला के अपहरण का प्रयास, मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कोर्ट के आदेश पर आलमबाग पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार: आलमबाग कोतवाली में वार्निंग देकर छोड़े गए शोहदे ने बस स्टैंड के पास महिला पर हमला कर दिया। आरोपी और उसके दोस्तों ने अगवा करने का प्रयास किया। विरोध पर सरेराह बाल खींचकर पीटा। चीख पुकार सुनकर राहगीर जुटे तो आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। कोतवाली पर दोबारा सुनवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट में अर्जी दायर की। आदेश पर आलमबाग पुलिस ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

मूल रूप से कानपुर निवासी रागिनी (काल्पनिक नाम) ने बताया कि शिकायत पर आलमबाग पुलिस ने प्रमोद शर्मा निवासी राजस्थान हालपता इको गार्डेन को बुलाया। कोतवाली में आरोपी ने पुलिस के सामने गलती मान कहा कि अब वह पीड़िता को परेशान नहीं करेगा और न ही उसकी कोई फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करेगा। साथ ही पीड़िता की फेसबुक पर बनाई फर्जी आईडी भी डिलिट कर देगा। चेतावनी के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया। पीड़िता ने बताया कि कोतवाली से निकलकर वह टेढ़ी पुलिया पहुंची थी, तभी प्रमोद ने उसे रोक लिया। आरोपी और उसके साथियों ने गाली गलौज कर बाल खींचकर पीटा। चीख पुकार सुनकर राहगीर जुटे तो आरोपी धमकाते हुए पर्स छीनकर भाग निकला।

नहीं की कार्रवाई

पीड़िता का कहना है कि आरोपी प्रमोद के साथ एक महिला भी थी। आरोप है कि आरोपियों ने अगवा करने का प्रयास किया था, लेकिन राहगीरों के जुटने पर वह बची। आरोप है कि आलमबाग कोतवाली और अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी लगातार उसकी आपत्तिजनक फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। निर्देश पर आलमबाग पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ट्यूशन पढ़ाने जा रही युवती से छेड़छाड़

अमृत विचार, पीजीआई: पीजीआई इलाके में शनिवार को ट्यूशन पढ़ाने जा रही युवती से सरेराह बुलेट सवार शोहदों ने छेड़छाड़ की। वृंदावन कालोनी की युवती का आरोप है कि काफी दिनों बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने जाते समय बाइक सवार युवक उसे परेशान करते थे। शनिवार शाम वह ट्यूशन पढ़ाने जा रही थी। दो युवकों ने कालिंदी पार्क के पास आगे बुलेट लगाकर रोक लिया। विरोध करने पर शोहदे हाथ पकड़कर घसीटने लगे। राहगीर मदद को दौड़े तो आरोपी भाग निकले। इंस्पेक्टर ब्रजेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि कृष्णा और शानू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

सर्राफा कारोबारी को पीटकर 3 लाख के जेवरात लूटे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की कर रही जांच

अमृत विचार : बंगलाबाजार निवासी सर्राफा कारोबारी की बाइक और कार सवार 7 बदमाशों ने छत्तेवाले पुल के पास पिटाई की। उनके पास से 3 लाख रुपये के जेवरात लूट लिए।

बंगला बाजार निवासी अमन सोनी की घर में अनिल ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। वहीं अमन ने कुछ दिन पहले कल्ली पश्चिम में अनिल एंड संस के नाम से नई दुकान खोली है।

शनिवार शाम को अमीनाबाद कारखाने से कुछ जेवरात बनवाने गए थे। वहां से रात करीब 9.30 बजे स्कूटी से घर जा रहे थे। छत्ते वाले पुल स्थित सप्लाई डिपो के पास पहुंचे थे कि पीछे से आए बाइक व कार सवार 7 बदमाशों ने ओवर टेक कर रोक लिया। स्कूटी से खींचकर पिटाई शुरू कर दी। विरोध किया तो रिवाल्वर तान दिया। दहशत में आए अमन कुछ समझ पाते इस बीच बदमाशों ने गले में पहनी 25 ग्राम की सोने की चेन और स्कूटी में रखा गया करीब 3 लाख के जेवरात से भरा बैग छीन लिया। सैन्यकर्मियों को आता देख बदमाश वहां से भाग निकले। सूचना पाकर पहुंची कैंट पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

मौसम

राजधानी में दो दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। शनिवार को भी रिमझिम बारिश होती रही, इसी दौरान हजरत गंज क्षेत्र में छाते के सहारे बचकर जाता साइकिल सवार बुजुर्ग।

परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: काकोरी के ददोखर खेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात असलहे से लैस बदमाशों परिवार को बंधक बना लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। वहीं पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने लूट की घटना को चोरी में दर्ज किया है।

ददोखर खेड़ा इलाके में रहने वाले सुनील कुमार नादरगंज स्थित पेंट फैक्ट्री में काम करते हैं। शुक्रवार की देर परिवार के साथ घर में सो रहे था। उसने बताया कि देर रात मकान के मुख्य गेट को फांदकर तीन नकाबपोश बदमाश घर में घुस गए। फिर कमरे में रखी अलमारी खोल ली। बदमाश आलमारी से जेवर बटोरने लगे।

अलमारी का टूटा हुआ लॉकर।

काकोरी के ददोखर खेड़ा में शुक्रवार देर रात की घटना

इसी दौरान खटपट की आवाज सुन उनकी और अन्य जग गए। जब उनके द्वारा विरोध किया गया तो बदमाशों ने असलहे निकाल लिए। शोर मचाने पर बदमाशों ने कनपटी पर असलहा सटा कर गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद बदमाश आलमारी में रखे जेवर, 20 हजार रुपए व अन्य सामान लूट कर ले गए।

पीड़ित ने बताया कि बदमाश चार पहिया वाहन से थे। बदमाशों के भागते समय पीड़ित सुनील और ग्रामीणों ने बदमाशों के वाहन का पीछा भी किया था। इसपर बदमाश असलहे लहराते हुए फरार हो गए। डायल 112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने छानबीन की और सुबह आकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कहा। परिजनों के तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मामले में चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद का दावा है कि बदमाशों ने असलहे के बल पर लूटपाट की बात गलत है। परिवार ने चोरी की तहरीर दी है, जिसपर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सार-संक्षेप

सीतापुर पुलिस पर रुपये लेकर छोड़ने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : सीतापुर पुलिस शुक्रवार शाम को पारा इलाके से पूछताछ के नाम पर दुकानदार के कर्मचारी को उठा ले गई। दुकानदार का आरोप है कि पुलिस ने उसके कर्मचारी को 9 हजार रुपये लेकर सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में छोड़ दिया। बुद्धेश्वर निवासी व्यापारी अनिल के मुताबिक, काकोरी के करीमाबाद में रहने वाले नवल किशोर उर्फ नेवाली उनकी दुकान पर काम करते हैं। शुक्रवार शाम पांच बजे कार से चार लोग बुद्धेश्वर चौराहे पर पहुंचे। दो युवक पुलिस की वर्दी में थे, जबकि दो सिविल ड्रेस में थे। चारों उनके कर्मचारी नवल को जबरन कार में बैठाकर ले गए। उनका मोबाइल भी बंद था। देर रात उन्हें नवल के सुशांत गोल्फ सिटी में होने की जानकारी मिली। पारा इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार वर्मा के मुताबिक सीतापुर के लहरपुर थाने की पुलिस आई थी। पुलिस ने नवल, रमजान और पंकज यादव को ठगी के मामले में पूछताछ के लिए सुशांत गोल्फ सिटी ले गई थी। पूछताछ के बाद करीब नौ बजे तीनों को छोड़ दिया गया था। रुपये के लेनदेन के बारे में उनको कोई जानकारी नहीं है।

जन सुविधा केंद्र समेत तीन जगह चोरी

अमृत विचार, आशियाना : आशियाना थाना क्षेत्र में बेकरी, जन सुविधा केन्द्र समेत तीन प्रतिष्ठानों को चोरों ने निशाना बना चोरी की घटना को अंजाम दिया। मनीष कुमार सिंह आशियाना के सेक्टर एच में रहते हैं और घर के नीचे वाले फ्लोर पर उन्होंने जन सुविधा केंद्र खोल रखा है। गुरुवार रात वह जन सुविधा केंद्र का दरवाजा बंद कर पहली मंजिल पर परिवार के साथ सोने चले गये थे। शुक्रवार सुबह उठे और जन सुविधा केन्द्र खोलने गये तो देखा दरवाजे का लॉक टूटा था और कबर्ड में रखे 5500 रुपये व कुछ जरूरी कागजात गायब थे। इसी दौरान पास में पान की दुकान चलाने वाला कासिमपुर पकरी निवासी दीपू वहां आया और उसने बताया कि बदमाशों ने उसकी दुकान का भी ताला तोड़कर 1500 रुपये व काफी कीमती सामान पार कर दिया। इसी बीच मनीष को जानकारी हुई कि बदमाशों ने सेक्टर जी निवासी कुमुद भाटिया की बेकरी में भी शटर तोड़कर गल्ले से 5 हजार रुपये व कुछ सामान चुराया था। पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की है।

चोर समझ कर ग्रामीणों ने दो युवकों को पीटा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर में चोर समझ कर ग्रामीणों ने अलग-अलग स्थान पर दो युवकों की पिटाई कर दी। शनिवार शाम करीब चार बजे एक युवक सरोजनीनगर के अमौसी स्थित हड़ईन खेड़ा से कुछ-कुछ दूर किसान पथ के पास पैदल जा रहा था। तभी कुछ युवकों ने उसे चोर बताते हुए जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं उसे बिजली के पोल में रस्सी से बांधकर जमकर पीटा। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस उसे पकड़ कर थाने ले आई। जहां पूछताछ में वह कुछ नहीं बता सका। बल्कि उसका दिमागी संतुलन गड़बड़ बताया जा रहा है। इसी तरह सरोजनीनगर के ही हिंदू खेड़ा गांव में शनिवार शाम करीब 4:30 बजे एक युवक को ग्रामीणों ने चोर बता कर पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। बाद में इसकी सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस उसे भी थाने ले आई। पड़ताल में पता चला कि पीटा गया युवक कानपुर का निकला। वह गांव में फेरी लगाकर पुरानी कापी किताबें खरीदता है।

स्कूल गई किशोरी संदिग्ध हालात में लापता

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा में चार दिन पहले घर से स्कूल गई एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित परिजनों ने इस मामले में तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा इलाके के एक गांव में रहने वाले पीड़ित परिजनों के मुताबिक उनकी 13 वर्षीय बेटी बीते बुधवार को सुबह करीब 7:30 बजे घर से पढ़ने के लिए स्कूल गई थी। लेकिन वापस नहीं लौटी। बाद में काफी खोजबीन करने पर भी उसका कहीं अता-पता नहीं चल सका। इस मामले में पीड़ित परिजनों ने उन्नाव जिले के अजगैन थानान्तर्गत जगदीशपुर में रहने वाले एक युवक पर बहला फुसला कर अपने साथ ले जाने का संदेह जताया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

बंधक बनाकर युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के शिवपुरा निवासी रीमा मौर्य ने मोहन मौर्य, अपनी दीदी साधना मौर्या, बहनोई सरोज उर्फ सनोज मौर्य और दो अज्ञात किरायेदारों पर उसके पति को घर में बंधक बनाकर डंडों से पीटने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि वह गुरुवार को पति सुशील कुमार के साथ सामान लेने जा रही थी। तभी रास्ते में आरोपियों ने सुशील को घर के अंदर घसीटकर रस्सी से बांध दिया और लाठी डंडों से मारा पीटा। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर सुशील को मुक्त कराया। आरोप है इस मारपीट में पीड़िता की उंगली टूट गई। जबकि उसके पति के शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आई हैं। बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

बैंक मैनेजर की कार से उड़ाया आई-फोन

अमृत विचार, लखनऊ : फरीदीनगर स्थित मयूर रेजीडेंसी में अमोल लहरी परिवार संग रहते हैं। वह राजभवन स्थित एक्सिस बैंक की शाखा में मैनेजर के पद पर हैं। बताया कि शुक्रवार रात 8:15 बजे वे ऑफिस से घर जा रहे थे। पॉलीटेक्निक चौराहे के पास जाम के कारण कार रोक दी थी। इसी बीच दो युवक कार के पास आए। दोनों तरफ से शीशा पीटने लगे। कार का शीशा नीचे करते ही धमकाने लगे। इसी बीच सीट पर रखा आईफोन उड़ा दिया। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सतीश चंद्र मिश्रा के खिलाफ अवमानना का भेजा संदर्भ

विधि संवाददाता, लखनऊ

याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया आदेश

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पूर्व सांसद व वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही चलाने के लिए मामला मुख्य न्यायमूर्ति को संदर्भित किया है। कोर्ट ने कहा कि एक मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता का आचरण निंदनीय और अदालत की गरिमा को गिराने वाला है। अपने आदेश में कोर्ट ने आगे कहा कि सतीश चंद्र मिश्रा मिश्रा अदालत पर व्यक्तिगत द्वेष का आरोप और आक्षेप भी लगाते रहे। उनका इस प्रकार का आचरण आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को आपराधिक अवमानना की कार्यवाही चलाने पर विचार के लिए भेज दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने लक्ष्मी सिक्योरिटी गार्ड्स सर्विसेस फर्म की ओर से नगर निगम से जुडे एक टेंडर के मामले में दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया।

दरअसल 27 सितंबर को नगर निगम, लखनऊ के एक टेंडर संबंधी मामले की सुनवाई चल रही थी। याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा बहस कर रहे थे। बहस सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को लगा दी और कहा कि इस दौरान यदि नगर निगम लेटर आफ इंटेंट जारी करता है तो वह न्यायालय के अग्रिम आदेशों के अधीन रहेगा।

हालांकि सतीश चंद्र मिश्रा की दलील थी कि चूंकि नगर निगम उसी दिन लेटर ऑफ इंटेंट जारी करने जा रहा है लिहाजा कोर्ट को अंतरिम आदेश जारी करना चाहिए। लेकिन कोर्ट ने बिना नगर निगम का रिकॉर्ड देखे ऐसा आदेश पारित करने से मना कर दिया। अवमानना के लिए संदर्भित किये जाने वाले आदेश में कहा गया है कि मना करने के बावजूद सतीश चंद्र मिश्रा बहस करते रहे। कहा गया है कि उन्होंने कोर्ट पर तंज भी कसा कि बिना रिकार्ड देखे, विपक्षी के हक में आदेश पारित कर दिया जाये और उनका केस खारिज कर दिया जाए।

अवध बार ने की जज के तबादले की मांग

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के अवध बार एसोसिएशन ने न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा पर वकीलों के साथ आए दिन दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए, मुख्य न्यायमूर्ति से मांग किया है कि उन्हें स्थानांतरित करने की कार्यवाही शुरू की जाए। साथ ही अवध बार ने पूरी घटना पर विचार विमर्श के लिए 30 सितंबर को आपात बैठक बुला ली है। बार के महासचिव मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि बैठक में न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा के खिलाफ पूर्व में प्राप्त हुई शिकायतों और वर्तमान घटना पर उनकी कोर्ट का बहिष्कार करने के संबंध में निर्णय लिया जायेगा।

सिर पर वार कर की गई थी महिला की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: इटौंजा के अकड़रिया खुर्द गांव में खेत में हत्या कर फेंका गया अर्धनग्न शव माल के सैदापुर की रहने वाली महिला का था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर भारी हथियार से वार कर हत्या करने की पुष्टि की गई है। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए, डॉक्टरों के पैनल ने टेस्ट के लिए स्लाइड बनाई है। मृतका के परिजनों ने इटौंजा के लासा गांव निवासी व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया है। जिसे पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

शुक्रवार को किसान रामकरन के खेत में लगभग 34 वर्षीय महिला का हत्या कर फेंका गया शव मिला था। माल के सैदापुर इलाके में रहने वाले शख्स ने शव की पहचान पत्नी के रूप में की। डॉक्टरों के पैनल ने महिला के शव का पोस्टमॉर्टम किया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सिर में चोट आया है। महिला के सिर पर दो जगह चोटें हैं।

22 को हुई थी लापता

इंजीनियरिंग कॉलेज में खाना बनाने वाले पति ने बताया कि महिला खेतों में बुआई का काम करती थी। 22 सितंबर को लासा निवासी बाइक सवार व्यक्ति महिला से मिलने पहुंचा था, उसके बाद से वह लापता हो गई थी। पति ने घरवालों के साथ मिलकर पत्नी की तलाश की थी, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया था। 24 सितंबर को पति ने माल थाने में तहरीर दी।

एक नजर

गुरमत समागम पर सजा दीवान

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी सिख विचार मंच की ओर से एक गुरमति समागम का आयोजन ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिण्डोला लखनऊ में किया गया। सायं का दीवान 6 :15 बजे रहिरास साहिब के पाठ से शुरु हुआ जिसमें हजूरी रागी भाई राजिन्दर सिंह ने शब्द कीर्तन गायन एवं समूह संगत को नाम सिमरन करवाया। रागी जत्था चरनजीत सिंह ने हरि जियो निमनियां तू मान एवं बाणी गुरु गुरु है बाणी विच बाणी अमृत सारे बाणी कहै सेवक जनि माने पर्तख गुरु निसतारे गायन कर साथ संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। अध्यक्ष गुरजीत सिंह छाबड़ा ने रागी जत्थे को गुरु घर का सम्मान सिरोपा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

श्रीराम सहस्त्रनाम का मंचन कल से

अमृत विचार, लखनऊ : अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान और भातखंडे संस्कृति महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिवसीय रामलीला कार्यशाला में प्रशिक्षण के साथ तैयार संगीतमय रामायण नाट्य प्रस्तुति श्रीराम सहस्त्रनाम का मंचन 30 सितंबर को सांय 6 बजे कला मंडपम में किया जाएगा। भातखंडे राज्य विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, कुलसचिव डॉ. श्रृष्टि धवन, आईआरवीआरआई के निदेशक संतोष कुमार शर्मा के मार्गनिर्देशन में संगीतमय रामायण प्रस्तुति की परिकल्पना, लेखन, संगीत व निर्देशन वरिष्ठ नौटंकी व नाट्य निर्देशक अमित दीक्षित द्वारा की गई। प्रस्तुति में भातखंडे संस्कृति महाविद्यालय के 6 से 75 वर्ष तक के 100 से अधिक छात्र अभिनय, गायन व नृत्य का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

माकपा ने की छात्र की हत्या की निंदा

अमृत विचार, लखनऊ : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) उत्तर प्रदेश राज्य सचिव डॉ. हीरालाल यादव ने हाथरस में रसगवां में कक्षा 2 के छात्र सिद्धार्थ की स्कूल के मैनेजर और उसके पिता द्वारा निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने ने कहा है कि डीएल पब्लिक स्कूल के मैनेजर और उसके तांत्रिक पिता और अध्यापकों द्वारा स्कूल की तरक्की के लिए कृतार्थ नामक बच्चे की बलि देना अत्यंत बर्बर खौफनाक और बेहद अफसोस जनक है।

बकाया बिल न देने पर मरीज को रोका

कुर्सी रोड के निजी अस्पताल का मामला, उप मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद मरीज को मिली छुट्टी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कुर्सी रोड स्थित निजी अस्पताल पर बकाए बिल के लिए महिला मरीज को रोके जाने का आरोप लगा है। परिजनों का आरोप है विरोध पर उन्हें धमकाया गया। परिजन मरीज को अस्पताल में ही छोड़कर भाग गए। परिजनों ने मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से की। उपमुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद मरीज को छुट्टी मिल सकी। वहीं अस्पताल प्रशासन का कहना है तीमारदारों ने महज 10 हजार रुपए बिल जमा किया था। मरीज को बंधक बनाए जाने का आरोप बेबुनियाद है।

- परिजन का आरोप, विरोध पर उन्हें धमकाया गया
- मरीज को अस्पताल में ही छोड़कर भाग गए तीमारदार

सीतापुर के धनपुरिया गांव की रहने वाली दुलारा (55) का इलाज इलाके के निजी डॉक्टर से चल रहा था। करीब 6 दिन पहले हालत गंभीर होने पर परिजन लखनऊ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराने के लिए ला रहे थे। आरोप है एंबुलेंस चालक ने बेहतर व सस्ता इलाज का झांसा देकर टेढ़ी पुलिया स्थित वेदांता अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां पर डायलिसिस की सुविधा न होने पर दूसरे अस्पताल से डायलिसिस कराई। पति गिरीश का आरोप है डायलिसिस के नाम पर पहले 18 हजार रुपए लिए गए। इसके बाद दूसरी जांच व दवा के नाम पर करीब 1 लाख रुपए अस्पताल में जमा हुए। इसमें कुछ ही बिल अस्पताल ने दिए थे। तीमारदारों ने रुपए न होने की बात कहते हुए शुक्रवार को डिस्चार्ज के लिए कहा तो अस्पताल ने करीब 70 हजार रुपए का बिल थमा दिया। परिजनों ने 10 हजार रुपए होने की बात कही। आरोप है अस्पताल स्टॉफ ने बिना बिल भुगतान मरीज ले जाने से रोक दिया। तीमारदारों ने विरोध जताया तो स्टाफ ने पुलिस बुलाकर पिटवाने की धमकी दी। सहमे परिजन मरीज को छोड़कर निकल गए। मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के पास पहुंची।

उपमुख्यमंत्री के हस्तक्षेप बाद पहुंची पुलिस ने मरीज को परिजनों के सुपुर्द करा दिया है। नर्सिंग होम के नोडल व एसीएमओ डॉ. एपी सिंह के मुताबिक, मामले की जांच कराई जाएगी। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। अस्पताल के डॉ. सर्वेश का कहना है कि मरीज के इलाज का कुल 90 हजार रुपए का बिल बना है। तीमारदारों ने महज 10 हजार रुपए जमा किए हैं। मरीज को बंधक बनाने का आरोप बेबुनियाद है।

एक सप्ताह भी नहीं चली सीटी स्कैन मशीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 45 दिन बाद बनी बलरामपुर अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन 7वें दिन फिर ठप हो गई। इससे भर्ती व ओपीडी के मरीजों की जांच का फिर से संकट खड़ा हो गया है। गंभीर मरीजों को बहार से जांच करानी पड़ रही है। मशीन खराब होने की जानकारी अस्पताल प्रशासन ने उपकरण के मरम्मत करने वाली सायरेक्स कंपनी को दी। कंपनी की ओर से भेजे गए इंजीनियर शनिवार शाम तक भी मशीन को ठीक नहीं कर सके। अफसरों का कहना है मामले की रिपोर्ट शासन को भेजी गई है।

गत अगस्त महीने में बलरामपुर अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन खराब हुई थी। सायरेक्स कंपनी के

- 45 दिन बाद ठीक कराई जा सकी थी बलरामपुर अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन

इंजीनियर मशीन को ठीक करने में करीब 45 दिन लगा दिए। कंपनी मशीन का पाट्‌र्स न मिलने का दावा करती रही। इस दौरान करीब 1 हजार से अधिक मरीजों की जांच टल गई थी। गंभीर मरीजों को बहार से जांच करानी पड़ी। इसी माह 20 सितंबर की रात को कंपनी ने मशीन ठीक करके अस्पताल को दिया था। शुक्रवार सुबह मशीन एक बार फिर ठप हो गई। इससे अस्पताल में जांच का काम बंद हो गया। दो दिन में करीब 50 से अधिक मरीजों की जांच टल गई। कई गंभीर मरीजों को जांच निजी केंद्र से करानी पड़ी। अस्पताल निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण का कहना है मशीन मरम्मत का काम चल रहा है।

कंपनी पर करीब 20 लाख रुपए लग चुका है जुर्माना

कंपनी तय कार्य दिवस में मशीन को ठीक नहीं कर पाई। नतीजा कंपनी पर हर दिन के हिसाब से जुर्माना लगना शुरू हुआ था। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है 45 दिन के हिसाब से करीब 20 लाख रुपए जुर्माना कंपनी पर लगा है। इस बार भी कंपनी मशीन तय समय पर ठीक न हुई तब फिर से जुर्माना लगेगा।

एलटी एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

एलटी एसोसिएशन के छठवीं बार अध्यक्ष चुने गए महेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन लखनऊ शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन और चुनाव बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी के सभागार में शनिवार को संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी डीपीए लखनऊ शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष कपिल वर्मा, सहायक चुनाव अधिकारी चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उप्र. के प्रदेश सचिव सर्वेश पाटिल की देखरेख में हुआ। सर्व सम्मति से महेश प्रसाद अध्यक्ष और मंत्री पद पर संतोष जौहरी लगातार छठी बार निर्विरोध चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी कपिल वर्मा ने बताया कि अध्यक्ष, मंत्री के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष अवस्थी, कोषाध्यक्ष अनीता सिंह, संयुक्त सचिव विजय गुप्ता, संप्रेक्षक नरेंद्र कुमार भी निर्विरोध चुने गए। इस द्विवार्षिक अधिवेशन में यूपी प्रयोगशाला प्राविधिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत, महामंत्री कमल श्रीवास्तव, प्रवक्ता सुनील कुमार, सचिव अमित शुक्ला, उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, संप्रेक्षक एके मौर्या, गोरखपुर जनपद अयक्ष नवीन श्रीवास्तव, मंत्री देवेंद्र यादव, शैल पांडेय, नीरू सिंह आदि रहे।

ज्यादा उम्र में गर्भधारण करने पर दिल की बीमारी का खतरा अधिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ज्यादा उम्र में गर्भधारण करने वाली महिलाएं भी दिल बीमारी की चपेट में आ सकती हैं। बच्ची को भी खतरा रहता है। दिल संबंधी बीमारी और इससे बचाव के लिए महिलाओं के लिए व्यापक दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के सहयोग से अध्ययन किया जा रहा है। इसके आधार पर गाइडलाइन तैयार की जाएगी। यह जानकारी केजीएमयू लारी कॉर्डियोलॉजी की डॉ. मोनिका भंडारी ने दी। वह शनिवार को हृदय दिवस की पूर्व संध्या लारी मेंआयोजित जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं।

उन्होंने बताया शोध में ऐसी महिलाओं को शामिल किया है, जिनमें गर्भ के दौरान हृदय रोग की समस्या है। क्योंकि इस दौरान दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। अगर पहले से हार्ट समस्या होगी तो गर्भ के दौरान और समस्या बढ़ जाएगी। जो जच्चा-बच्चा दोनों के लिए खतरा है। इसी को लेकर प्रोटोकॉल तैयार करने की कोशिश कर रहे है। ताकि दिल की बीमारी से जूझ रही महिलाओं और बच्चों दोनों को बचाया जा सके। जिसमें मेडिसिन से लेकर सर्जरी तक शामिल है। डॉ. ऋषि सेठी ने बताया कि दिल की बीमारी से से दुनियां में सबसे ज्यादा मौतें हो रही है। इसलिए राइट टाइम पर राइट एक्शन लेने से मरीज की आने वाले जिंदगी करीब-करीब सामान्य हो जाती है। नियमित चेकअप भी कराते रहना चाहिए।

हृदय रोग की जानकारी देते हुए विशेषज्ञ। अमृत विचार

विश्व हृदय दिवस आज

- विश्व हृदय दिवस पर केजीएमयू के लारी कॉर्डियोलॉजी के विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

दिल की बीमारी से बचने के लिए अपनाएं ए, बी, सी, डी और ई फॉर्मूला : लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. अक्षय प्रधान ने बताया ए, बी, सी, डी और ई के फार्मूले को अपनाकर हम दिल की बीमारी का खतरा 40 से 50 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं। यदि बीमारी हो गई है तो भी इस फॉर्मूले को अपनाकर सामान्य दवाओं से काबू आ सकती है। इसके तहत ए का मतलब एल्काहोल से किनारा। बी का अर्थ है ब्लड प्रेशर काबू में रखें। सी का तात्पर्य कोलेस्ट्रॉल कम रखें। सिगरेट पीने से बचें। डी का अर्थ डायबिटीज और डायट पर नियंत्रण रखें। ई का मतलब एक्सरसाइज करें। डॉ. शरद चंद्रा ने बीमारी से बचने के लिए मोटापे पर काबू रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कार्डियक अरेस्ट में तत्काल सीपीआर देने से मरीज की जान बचाई जा सकती है। सभी को सीपीआर देने का तरीका पता होना चाहिए।

बच्चों में नहीं होता हार्ट अटैक-कार्डियक अरेस्ट

अमृत विचार, लखनऊ : अमूमन बच्चे की अचानक से मौत होने पर लोग हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट का कयास लगाने लगते हैं। ये बातें सिविल अस्पताल के सीएमएस एवं वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने विश्व हृदय दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 29 सितंबर को यह दिवस मनाया जाता है। डॉ. राजेश के मुताबिक अगर बच्चे को जन्मजात समस्या न हो तो बच्चों में आमतौर पर कार्डियक अरेस्ट या हार्ड अटैक नहीं आता है। जन्म से ही कुछ हृदय समस्याएं होती हैं, जिससे बच्चों में कार्डियक अरेस्ट का खतरा बढ़ जाता है। लंबे क्यूटी सिंड्रोम एक स्वास्थ्य समस्या है। जिससे दिल की धड़कन असामान्य हो जाती है। अगर इसका इलाज सही समय पर न हो, तो व्यक्ति की अचानक मौत हो सकती है।

जानिए हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट में अंतर : डॉ. राजेश ने बताया हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट में बहुत ही मामूली सा अंतर है। हार्ट अटैक तब होता है, जब हृदय में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है या अवरुद्ध हो जाता है। यह रुकावट आमतौर पर हृदय (कोरोनरी) धमनियों में वसा, कोलेस्ट्रॉल और अन्य पदार्थों के जमाव के कारण होती है। वहीं, कार्डियक अरेस्ट तब होता है जब दिल अचानक से धड़कना बंद कर देता है। यह दिल की इलेक्ट्रिकल प्रणाली में किसी समस्या की वजह से होता है।

कमान अस्पताल में हृदय रोग के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में कमान अस्पताल मध्य कमान ने हृदय रोग के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें '2024 में हार्ट डिजीजः मिथक और वास्तविकताएं' नामक व्याख्यान और 'रन फॉर फन' कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य रोगियों और उनके परिवारों को हृदय का स्वास्थ्य, हृदय रोगों की रोकथाम और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। कमान अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ ने सूर्या ऑडिटोरियम में प्रस्तुत व्याख्यान में रोग के रुझान, आम मिथक को दूर करने और रोकथाम के दृष्टिकोण पर जानकारी दी। उपस्थित लोगों को जीवनशैली विकल्पों के प्रभाव, शीघ्र पता लगाने के महत्व और उपचार विकल्पों में प्रगति पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की गई। इंटरएक्टिव सत्र में प्रतिभागियों को प्रश्न पूछने की अनुमति दी गई, जिससे हृदय स्वास्थ्य की बेहतर समझ को बढ़ावा मिला।

सूर्या हॉल में विश्व हृदय दिवस पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित जवान।

- 2024 में हार्ट डिजीजः मिथक और वास्तविकताएं विषय पर व्याख्यान

पीजीआई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञ। अमृत विचार

सर्तकता से रोक सकते हैं आईसीयू के मरीज में फैलने वाला संक्रमण

संवाददाता, पीजीआई

अमृत विचार : आईसीयू में भर्ती मरीजों में संक्रमण का खतरा अधिक रहता है। जिसे डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी और तीमारदार थोड़ी सी सर्तकता और सजगता से मरीज में फैलने वाले 40 फीसदी संक्रमण को रोक सकते हैं। ये जानकारी संजय गांधी पीजीआई इमरजेंसी मेडिसिन के डॉ. तनमय घटक ने शनिवार को इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन ओर से संस्थान में आयोजित कार्यशाला में दी। इस मौके पर डॉ. घटक की क्रिटिकल केयर पर्सपेक्टिव्स फ्रॉम थ्योरी टू प्रैक्टिस पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर पीजीआई के पूर्व डॉ. एके बारोनिया को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और डॉ.ललित सिंह को यूपी क्रिटिकल केयर रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने कहा कि मरीजों के इलाज में प्रौद्योगिकी की उपयोगिता काफी ज्यादा बढ़ी है। कार्यशाला में पद्म भूषण डॉ. बीके राव और आईएससीसीएम के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार भट्टाचार्य ने आईसीयू में रोगियों के इलाज के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली नई तकनीकियों के बारे में बताया। कार्यशाला में 900 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिन्हें इमरजेंसी के दौरान मरीजों के अल्ट्रासाउंड व ईसीजी करने के आसान तरीके बताए गए।

- पीजीआई में इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के कार्यक्रम में डॉक्टर सम्मानित

फेफड़े की जटिल बीमारी में इसीएमओ थेरेपी कारगर

अमृत विचार, लखनऊ : फेफड़े और हृदय की गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों के कई अंग काम करना बंद कर देते हैं। वेंटिलेटर सपोर्ट पर इलाज करना कठिन हो जाता है। तब एक्स्ट्राकोर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन (इसीएमओ) थेरेपी का सहारा लेना पड़ता है। इस मशीन से मरीज के अंगों को सपोर्ट दिया जाता है। यह प्रणाली मरीजों के लिए वरदान से कम नहीं है। यह जानकारी लोहिया संस्थान में एनस्थीसिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. पीके दास ने कही।

- लोहिया संस्थान में आयोजित हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों ने इसीएमओ थेरेपी के बारे में साझा की जानकारी

वह शनिवार संस्थान में क्रिटिकल केयर पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। डॉ. पीके दास ने कहा कि इसीएमओ प्रणाली से मरीज के फेफड़े को सहारा दिया जाता है। ताकि मरीज के शरीर के बाकी पैरामीटर ठीक से काम कर सकें। लोहिया संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. दीपक मालवीय ने कहा कि वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखने के बाद मरीजों की सेहत की निगरानी बहुत जरूरी है। साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। जरा सी चूक से मरीज संक्रमण की जद में आ सकता है।

उन्होंने कहा कि कई मरीजों को वेंटिलेटर सपोर्ट पर एक से दो सप्ताह तक रखना पड़ा है। कुछ मरीजों को तो और भी अधिक समय लगता है। ऐसे में संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। कार्यक्रम में डॉ. प्रणय ओझा, डॉ. वेंकट गोयल, डॉ. विवेक गुप्ता, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. शिखा और डॉ. सुलोचना समेत 50 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण हासिल किया।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें
प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है
प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है
प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है
प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है
प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है
प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है
प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है
प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े
प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266
आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक
मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक
रविवार सांय अवकाश

एक नजर

वोकल फॉर लोकल विषय पर संवाद प्रतियोगिता आयोजित

अमृत विचार, सरोजनीनगर : स्वच्छ भारत मिशन के तहत शनिवार को सरोजनीनगर के उत्तर प्रदेश सैनिक इंटर कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम को लेकर कक्षा 11 व 12 के छात्र-छात्राओं द्वारा वोकल फॉर लोकल विषय पर संवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जबकि कक्षा 9 और 10 के छात्राओं द्वारा विकसित भारत 2047 पर निबंध प्रतियोगिता के अलावा कक्षा 6, 7 और 8 के छात्र - छात्राओं द्वारा कला पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

काकोरी की घटना ने किया राष्ट्रीय औषधि का काम

अमृत विचार, लखनऊ : काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें डाक्यूमेंट्री के माध्यम से उस ऐतिहासिक घटन को छात्रों को दिखाया गया। राजनीति विज्ञान विभाग के दिनेश कुमार और प्रो संजय गुप्ता ने काकोरी ट्रेन की घटना को अहिंसक कार्य बताया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन परिस्थितियों में यह घटना राष्ट्रीय औषधि की तरह कार्य की और देश की आजादी में बेहद अहम भूमिका किया। कार्यक्रम में शेफाली जावेद, दीपक गुप्ता, डॉ नीतू सिंह, पूनम कुशवाहा, शिखा वर्मा, प्रो श्रवण कुमार, प्रो मुनेश कुमार, प्रो अरुण कुमार, डॉ सूर्यनारायण गुप्त, डॉ वीणा इंद्राणी, डॉ सुमीत गंगवार डॉ देवेंद्र कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

दवा बाजार

आग लगी तो मुश्किल होगा जिंदगियां बचाना

चार से पांच फीट चौड़ी गलियों में खड़े रहते दोपहिया वाहन, बमुश्किल निकल पाते हैं लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमीनाबाद व कैसरबाग क्षेत्र में दवा बाजार की संकरी गलियों में खड़ी बाइकों के बीच से बचकर निकलते लोग। अमृत विचार

अमृत विचारः लाटूश रोड पर इलेक्ट्रॉनिक्स गोदाम में हुए अग्निकांड के बाद भी दमकल विभाग और व्यापारियों ने सबक नहीं लिया है। इसी मार्ग पर ओल्ड और न्यू मेडिसिन थोक मार्केट है। बमुश्किल चार से पांच फीट चौड़ी गली में दो पहिया वाहनों की कतारें लगी हैं।

कहीं दवाएं उतारी जा रहीं तो कहीं सिर पर दवाओं से भरे गत्ते लादे श्रमिक आडे-तिरछे होकर निकलते दिखे। बाजार और भूमिगत दुकानों में लाखों लीटर ज्वलनशील केमिकल के साथ बिजली के तार जगह-जगह लटक रहे हैं। तारों में स्पार्किंग से आए दिन चिंगारी फूटती हैं, जो कभी भी बडे.हादसे को अंजाम दे सकती हैं। बाजार इतना संकरा है कि आग लगने पर जिंदगियों को बचाना मुश्किल हो जाएगा। पहले भी यहां आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार गंभीर नहीं हुए हैं।

शनिवार को अमृत विचार की टीम ओल्ड और न्यू मेडिसिन मार्केट में तंग गलियों में दवाओं का कारोबार देखने पहुंची। गली इतनी संकरी है कि दमकल की गाड़ी तो छोर तक प्रवेश ही नहीं कर सकती है। सभी बाजारों में अग्नि से बचाव के लिए सुरक्षा उपकरण तक हर दुकान पर ढूंढे नहीं मिलेंगे। एलडीए की साठगांठ से बिल्डरों ने सिर्फ एक फ्लोर का नक्शा पास कराकर तीन-चार तल बनाकर बेच दिए। मेडिसिन मार्केट की गली में दोनों ओर अवैध पार्किंग और दुकानें लगी हैं। जिसमें दिनभर थोक दुकानदारों, एमआर और आम लोगों की भीड़ खरीदारी के लिए मौजूद रहती है। ऐसे में हादसे के दौरान उसे संभालना मुश्किल हो जाएगा।

- गलियों में तारों के मकड़जाल में होती रहती है स्पार्किंग
- दुकानों और बेसमेंट में भरा है ज्वलनशील केमिकल

यह बाजार हैं आग के मुहाने पर, हो चुके हैं भीषण अग्निकांड

- अमीनाबाद मोहन मार्केट में दर्जनों दुकानों में डबल बेसमेंट। अग्नि सुरक्षा के मानक के अनुरुप इंतजाम नहीं। कई बार लग चुकी है आग।
- मुमताज मार्केट में बेसमेंट में 100 से अधिक दुकानें। पूरी बाजार में ज्वलनशील खिलौने और अन्य वस्तुएं है। कई बार भीषण अग्निकांड हुए।
- प्रताप मार्केट में कपड़ा व्यवसायी। खचाखच दुकानें भरी हैं। अग्नि सुरक्षा के बंदोबस्त नहीं।
- स्टेशनरी बाजार में गोदाम और बेसमेंट में दुकानें। कई बार लग चुकी है आग।
- लाटूश रोड पूरी बाजार में बेसमेंट में इलेक्ट्रानिक उपकरणों के तमाम गोदाम हैं।
- गणेशगंज दुर्गा जी मंदिर के आस पास घरों में बेसमेंट में गोदाम बन गए हैं।
- भूतनाथ मार्केट में गोदाम और घने बाजार में अग्नि सुरक्षा के बंदोबस्त नहीं।
- प्रिंस मार्केट बेसमेंट में दुकानें। अग्नि सुरक्षा के बंदोबस्त नहीं।
- कपूरथला में प्रगति बाजार।
- यहियागंज बाजार। दुकानों का सड़क पर इतना अतिक्रमण कि एक बाइक भी जाना मुश्किल।

प्रमोटर को विज्ञापन में देनी होगी परियोजना की रेरा पंजीयन संख्या

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- परियोजना का कलेक्शन एकाउंट नंबर साफ दिखाई देना चाहिए
- रेरा अधिनियम का पालन न करने वाले प्रमोटर पर होगी कार्रवाई
- 380 प्रमोटर्स को जारी हो चुके हैं नोटिस

अमृत विचार : परियोजनाओं के विज्ञापन, प्रचार-प्रसार में रेरा अधिनियम के प्राविधानों और यूपी रेरा से जारी कार्यालय आदेशों का अनुपालन नहीं करने वाले प्रमोटर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने प्रोमोटर्स को अपनी परियोजनाओं के (प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, रेडियो, एजेंट आदि) किसी भी माध्यम से जारी होने वाले विज्ञापन तथा प्रचार-प्रसार सामग्री में रेरा अधिनियम 2016 के प्राविधानों के तहत अनुपालन करने के लिए निर्देशित किया है।

यूपी रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि प्रोमोटर को विज्ञापन एवं प्रचार-प्रसार सामग्री में परियोजना की रेरा पंजीयन संख्या, विशिष्ट क्यूआर कोड, रेरा पोर्टल तथा प्रोजेक्ट कलेक्शन एकाउंट नंबर का अनिवार्य रूप से उल्लेख करना होगा। परियोजना एजेंट द्वारा जारी विज्ञापन में रेरा पंजीयन संख्या भी देनी होगी। इसका उद्देश्य है कि ग्राहक घर या भूखंड खरीदने से पहले रेरा पोर्टल पर परियोजना सम्बन्धी उपलब्ध अभिलेख एवं जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि रेरा अधिनियम का अनुपालन न करने पर लगभग 380 से ज्यादा कारण दर्शाओ नोटिस प्रदेश के प्रोमोटर्स को जारी किए जा चुके हैं। 125 मामलों में 9 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया जा चुका है।

अध्यक्ष ने बताया कि इसके अलावा सभी प्रोमोटर्स को रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता लाने के लिए परियोजनाओं से सम्बन्धित सभी प्रकार के विज्ञापनों, प्रास्पेक्टस, ब्रोशर, एलॉटमेंट लेटर, एग्रीमेंट फॉर सेल तथा मौजूदा एवं भावी घर खरीदारों के साथ किए जाने वाले पत्राचार माध्यमों में परियोजना के कलेक्शन एकाउंट नंबर का स्पष्ट विवरण अनिवार्य रूप से उल्लेखित करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्राहक परियोजना के लिए विज्ञापन में या प्रोमोटर द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खाते का सत्यापन रेरा पोर्टल पर दिए गए 'प्रोजेक्ट कलेक्शन एकॉउन्ट नंबर' के विवरण से अवश्य करें।

कामगारों की समस्याओं पर की चर्चा

श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा कानूनों पर राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन ने भारत में संगठित और असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों से संबंधित सामाजिक सुरक्षा कानूनों पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में विभिन्न कानूनी विशेषज्ञों, छात्रों और शिक्षाविदों ने भाग लिया और संगठित और असंगठित क्षेत्रों में कामगारों के सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा किया। साथ ही उनके सामाजिक सुरक्षा अधिकारों को बेहतर बनाने के लिए संभावित सुधारों पर विचार किया।

सेमिनार की शुरुआत डॉ. राधेश्याम प्रसाद के संबोधन से हुई। प्रो. बंशीधर सिंह ने श्रमिकों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा में सामाजिक सुरक्षा कानूनों के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि न्यायाधीश राजेश सिंह चौहान थे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो एससी श्रीवास्तव ने सामाजिक सुरक्षा श्रमिकों के पांच श्रेणियों का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के प्रति सरकार की उदासीनता पर प्रकाश डाला। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो आरके मुरली ने संगठित और असंगठित क्षेत्रों के बीच संबंध पर विचार करते हुए बताया कि ये दो क्षेत्र एक-दूसरे के पूरक हैं।

सरदार भगतसिंह और काकोरी की स्मृति में हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर काकोरी की घटना को भी याद किया गया। समाजवादी छात्र सभा की विश्वविद्यालय इकाई द्वारा श्रद्धांजलि सभा व संगोष्ठी में वक्ताओं ने सरदार भगत सिंह को याद किया। समाजवादी पार्टी के नेता डीपी यादव, वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रितेश यादव, कार्यक्रम संयोजक इकाई अध्यक्ष धीरज यादव, समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव ऋषभ यादव, हरीश रावत, रजत अग्रहरि व हिमांशु यादव ने शहीद-ए-आजम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए डीपी यादव ने कहा कि शहीद-ए-आजम समाजवाद के पोषक थे और उनकी यह ख्वाहिश थी कि देश में आजादी के साथ-साथ समाजवादी व्यवस्था स्थापित हो। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजवादी छात्र सभा इकाई अध्यक्ष धीरज यादव ने कहा कि भगत सिंह के अनुसार पिस्तौल और बम कभी इंकलाब नहीं लाते बल्कि इंकलाब की तलवार विचारों की शान पर तेज होती है। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव ऋषभ यादव ने कहा कि फांसी वाले दिन भगत सिंह की उम्र मात्र 23 वर्ष 5 महीना 26 दिन थी।

स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग से बढ़े रोजगार के अवसर

अमृत विचार, लखनऊः स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग से देश में स्वरोजगार के साधन बढ़े हैं। दस वर्षों प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए कार्यों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है। उक्त बात एमएलसी मुकेश शर्मा ने राजकीय जुबली कॉलेज में सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कहीं। छात्रों ने नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फार वोकल के महत्व और विकसित भारत में स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग की उपयोगिता के प्रति अन्य छात्रों को जागरूक किया। उन्होंने विजय प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर पुरस्कृत किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित मंदिर में साफ-सफाई की। एमिटी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट और विश्वविद्यालय के छात्रों को स्वच्छता अभियान के लिए सम्मानित किया। इस दौरान रमेश प्रसाद तिवारी, बृजभान सिंह, हेल्प यू एवं एजुकेशनल ट्रस्ट लखनऊ के प्रबंधक न्यासी हर्षवर्धन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

बिजली कटौती के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- राजाजीपुरम ओल्ड उपकेंद्र के जेई पर अभद्रता का लगाया आरोप

अमृत विचारः बिजली कटौती से परेशान व्यापारियों ने शनिवार को राजाजीपुरम ओल्ड उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने जेई पर अभद्रता करने का आरोप भी लगाया। मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंता ने समस्याओं के समाधान कराने का आश्वासन देकर व्यापारियों को शांत कराया।

उत्तर प्रदेश व्यापार महासंघ के महामंत्री विशाल सिंह यादव ने बताया कि पिछले 15-20 दिनों से घंटों बिजली कटौती की जा रही है। बिजली गुल होने के बाद उपकेंद्र कर्मचारी फोन भी नहीं उठाते।

आरोप लगाया कि फोन करने पर जेई मनीराम अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। ज्यादातर घरों और दुकानों पर स्मार्ट मीटर लगे हैं। 500 रुपये बकाए पर बिजली काट दी जाती है।

संगठन अध्यक्ष मो. सिराज ने अवर अभियंता पर धन उगाही का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि मीटर रीडिंग और अन्य कार्य के लिए संविदाकर्मी आते हैं। इन कर्मियों के पास पहचान पत्र नहीं होता है।

व्यापारियों के प्रदर्शन की सूचना पर अधिशासी अभियंता अभिषेक कुमार तुरंत कार्यालय पहुंचे। व्यापारियों ने उनसे कहा कि, बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार न होने पर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन किया जाएगा। अधिशासी अभियंता ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

सार-संक्षेप

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत हुई प्रतियोगिता

अमृत विचार, मोहनलालगंज : नवजीवन इंटर कॉलेज मोहनलालगंज में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6, 7 और 8 के छात्रों ने विकसित भारत - 2047 विषय पर कला पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इसके साथ ही कक्षा 9 और 10 के छात्रों ने निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जबकि कक्षा 11 और 12 के छात्रों ने वोकल फॉर लोकल विषय पर संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। कला पेंटिंग प्रतियोगिता कक्षा 6, 7, 8 की छात्राओं ने भाग लिया। विजयी छात्रों को जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा विनय प्रताप सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कालेज के कार्यकारी प्रबंधक नवेंदु दीक्षित, प्रधानाचार्य हरि गोविंद मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पाण्डेय 'सत्यम', वरिष्ठ प्रवक्ता सत्यपाल सिंह, शैलेंद्र शुक्ला कई अन्य मौजूद रहे ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रसेन यादव को सम्मानित करते पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

जशपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में रणनीतियों पर हुई चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : जनता शासन पार्टी (जशपा) द्वारा पार्टी विस्तार के लिए पूरे देश में वृहद सदस्यता अभियान चलाया जाएगा । यह जानकारी जशपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रसेन यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन व द्वितीय स्थापना दिवस के मौके पर इंदिरा नगर में एक निजी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में दी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में आगामी चुनावों में प्रत्याशियों के चयन, जनता में प्रत्याशियों की छवि, जनता के साथ समन्वय एवं जनता को पार्टी की नीतियों से अवगत कराये जाने सहित अन्य रणनीतियों पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चर्चा की गयी। अधिवेशन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप पाठक, राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, राष्ट्रीय सचिव बंशीधर चतुर्वेदी, राष्ट्रीय सचिव पवन कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव सीडी शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मिट्टी में कम हो रहे पोषक तत्वों पर जताई चिंता

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब राजकीय बीज विक्रय केंद्र पर नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड द्वारा शनिवार को एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत करते हुए प्रबन्धक क्षेत्रीय कार्यालय बीके मिश्रा द्वारा कंपनी के विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई। चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय निदेशक प्रो. योगेश शर्मा द्वारा मिट्टी में कम हो रहे पोषक तत्वों पर चिंता जताते हुए बताया कि अब जिंक के साथ में सल्फर की भी कमी मिट्टी में हो रही है उन्होंने बेंटोनाइट सल्फर के प्रयोग से होने वाले लाभों से अवगत कराया। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला प्रभारी महेश कुमार, वरिष्ठ पर्यवेक्षक विपणन रामेंद्र कुमार, प्राविधिक सहायक कोमल यादव , अवनीश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम में 84 किसानों ने प्रतिभाग किया।

दक्ष बन युवती को प्रेम जाल में फंसाया, किया यौन शोषण

अमृत विचार, लखनऊ : अरशद नाम के युवक ने खुद को दक्ष बताकर हिंदू युवती को प्रेम जाल में फंसाया। फिर नशीला पेय पिलाकर रेप कर अश्लील वीडियो बना ली। आरोप है कि करीब डेढ़ साल तक शारीरिक शोषण किया। गर्भवती होने पर दो बार गर्भपात कराया। संप्रदाय की हकीकत सामने आने पर पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। इसके बाद मदेयगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मड़ियांव इलाके में रहने वाली युवती यहियागंज में दुकान में काम करती थी। वह उस समय मदेयगंज इलाके में किराए पर रहती थी। यहियागंज दुकान पर ही हसनगंज निवासी अरशद से दोस्ती हुई थी। अरशद ने अपनी पहचान छिपा दक्ष बनकर मिला था। दोनों के बीच व्हाट्सएप पर चैटिंग और मोबाइल पर बातचीत होने लगी। अरशद ने अपने जाल में फंसाने के बाद उसके साथ करीब ड़ेढ साल तक शारीरिक शोषण किया। इसी बीच युवती को अरशद की हकीकत पता चल गई। विरोध पर पीटा, जान से मारने व अश्लील वीडियो व फोटो सोशल वयरल करने की धमकी दी। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी अरशद की तलाश की जा रही है।

बीबीडी छात्रों और ग्रामीणों में भिड़ंत, बमबाजी

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट इलाके के पासी टोला में शनिवार देर रात करीब 11 बजे बीबीडी छात्रों का स्थानीय लोगो से विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मारपीट हुई और बम चलने लगे। एक छात्र के मुंह पेट और हाथ में लोहे के छल्ले लगे हैं। घायल का लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज चल रहा है। सूचना पर एसीपी सहित भारी पुलिस फोर्स तैनात है। चिनहट के पासी टोला इलाके में गोरखपुर निवासी बीबीडी छात्र रुद्राक्ष मिश्रा ने एक रूम किराए पर लिया था। शनिवार रात रुद्राक्ष सहित दूसरे छात्रों की स्थानीय लोगों से कहासुनी हो गई। मामला धक्का मुक्की तक पहुंच गया। इस दौरान किसी ने एक एक करके तीन देशी बम मार दिए। इलाके में धुआं होने के साथ ही तेज आवाज हुई। सभी लोग भागने लगे। वही रुद्राक्ष को भी कई छल्ले लग गए। एसीपी विभूति खंड राधा रमण सिंह ने बताया कि आपसी विवाद के बाद मारपीट और बम चलने की घटना हुई। इसमे एक युवक घायल है जिसका लोहिया संस्थान में इलाज चल रहा है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज देख कर आरोपियों की पकड़ की जायेगी।

कैंसर पीड़ित ने खुद को मारी गोली, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नहीं मिला सुसाइड नोट, पुलिस ने तमंचा कब्जे में लिया

अमृत विचारः आलमबाग के ओमनगर इलाके में मुंह के कैंसर से परेशान होकर शनिवार सुबह कनपटी पर तमंचे से गोली मारकर जीवन लीला समाप्त कर ली। एसीपी कैंट अभय प्रताप मल ने बताया कि ओमनगर निवासी पुष्पेंद्र सिंह सिकरवार (56) 15 साल से कैंसर से पीड़ित थे। शनिवार सुबह उन्होंने कमरे में दाहिनी कनपटी पर तमंचे सटाकर गोली मार ली। गोली कनपटी के आरपार निकल गई। गोली की आवाज सुन उनकी बुजुर्ग मां कमरे में पहुंचीं तो बेटे को खून से लथपथ देखा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुष्पेंद्र के दो भाई जितेंद्र और सत्येंद्र परिवार संग अलग रहते हैं। इंस्पेक्टर एसएस महादेवन ने बताया कि चौकी प्रभारी की तहरीर पर आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस पता लगा रही है कि उनके पास से तमंचा कहां से आया। परिवार में पत्नी शशि और बेटी है।

लोन का खेल खुलने के डर से हुई शेर खान की हत्या

हसनगंज पुलिस व सर्विलांस टीम ने सात आरोपियों को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- फर्जी दस्तावेज पर लोन कराने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य था मृतक
- कमीशन बढ़ाने की मांग की, मना करने पर दी थी खुलासे की धमकी

अमृत विचारः हसनगंज के तकिया मुंशीगंज निवासी शेर खान (37) की हत्या उसके ही दोस्तों ने की थी। वह दोस्तों के साथ मिलकर फर्जी तरीके से बैंक और फाइनेंशन कंपनी से लोन कराते थे। इसमें तीन दोस्त शेर खान, बृजेश वर्मा और विकास उर्फ विक्की रस्तोगी शामिल थे। शेर खान ने कमीशन बढ़ाने की मांग की थी। नाराज होकर हत्या की साजिश रच डाली। हसनगंज पुलिस और मध्य जोन के सर्विलांस सेल खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

वारदात में प्रयुक्त शराब की बोतल, डंडा और बांस बरामद कर लिया है।

एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह के मुताबिक शेर खान 14 सितंबर को संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया। वहीं, 23 सितंबर को शेर खान का शव इंदिरानगर के कुकरैल जंगल में मिला। एडीसीपी के मुताबिक शुक्रवार देर शाम को सात आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। पकड़े गये आरोपियों में महानगर के बाल्मिकी कालोनी निवासी रवि बाल्मिकी, डालीगंज तकिया मुंशीगंज का कपिल बाल्मिकी, बुद्धेश्वर चौराहे के पास के सगे भाई अमित कुमार सोनी उर्फ नाना और सोहित सोनी उर्फ बबलू, कमलापुर सीतापुर का मोनू गौड़ उर्फ मनीष, पिकनिक स्पॉट फरीदीनगर का बृजेश शर्मा उर्फ सौरभ, इंदिरानगर सेक्टर-11 का विक्की रस्तोगी उर्फ विकास शामिल है।

फर्जी लोन के लिए आधार कार्ड उपलब्ध कराता था शेर खान

एसीपी महानगर नेहा त्रिपाठी के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि शेर खान बृजेश और विक्की को फर्जी लोन के लिए आधार कार्ड उपलब्ध कराता था। वह हसनगंज और आसपास के इलाके में रहने वाले ठेले, रिक्शा चालक, सब्जी वाले और मजदूरों से उनका आधार कार्ड मांगता था। उनके नाम से फर्जी तरीके से 50 हजार से दो लाख रुपये तक के लोन कराते थे। आधार कार्ड देने के बदले में ठेले, रिक्शा चालक, सब्जी वाले और मजदूरों कुछ रुपये शेर खान देता था। शेर खान ने विक्की और बृजेश से कमीशन बढ़ाने की मांग करने लगा। इस पर नाराज हो गए।

साधारण सभा

रोजगार के साथ ही आधुनिकता को मिलेगा बढ़ावा, प्रदेश में आ रही नित नई औद्योगिक इकाइयां : वित्त मंत्री

5 एकड़ में बनेगा सेन्ट्रल इंटरनेशनल मीलिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्यमियों के विकास व उद्योग जगत की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसका परिणाम अब जमीन पर देखने को मिल रहा है। आज प्रदेश में नित नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं। इससे न केवल सूबे का विकास तेजी से आगे बढ़ रहा है बल्कि रोजगार के अनेक नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। अब ज्यादा समय नहीं है जब उत्तर प्रदेश देश में एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनामी वाला पहला प्रांत बनेगा।

वित्त मंत्री शनिवार को होटल ताज में उत्तर प्रदेश रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन की 61वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक में बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्य सचिव मनोज सिंह ने कहा कि आज के दौर में किसी भी उद्योग में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का महत्व बढ़ गया है। साथ ही प्रशिक्षित कामगारों की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने लखनऊ में 5 एकड़ जमीन उत्तर प्रदेश रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन को देने का निर्णय लिया है, जिसमें देश का दूसरा व उत्तर भारत का पहला सेन्ट्रल मिलिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट संस्था द्वारा स्थापित किया जाएगा।

यूपी रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा को सम्बोधित करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

टर्की की फ्लोर मिलों को चला रहे प्रदेश के युवा

चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि यह विश्वस्तरीय इंस्टीट्यूट होगा। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के प्रयोग से उन्नत उत्पाद तैयार करने के लिए इसमें ऐसे प्रशिक्षित कामगार तैयार होंगे जिनकी मांग न केवल भारत में बल्कि यूरोपीय देशों के साथ ही मध्य पूर्व देशों में भी रहेगी। टर्की की फ्लोर मिलों को यूपी के लड़के चला रहें है, यह हमारे लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में 250 से ज्यादा रोलर फ्लोर मिल के उद्यमी मौजूद रहे। बैठक में रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवनीत चितलंगिया, उत्तर प्रदेश फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष दीपक बजाज, सुरेश सिंघल, विजय गुप्ता, संजीव गुप्ता व पूर्वाध्यक्ष प्रमोद वैश्य, रामचंद्र सिंघल, प्रदीप सिंघल, कुलभूषण अग्रवाल तथा अशोक अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, संदीप बंसल, मदन लाल जिंदल सहित अनेक उद्यमी उपस्थित रहे।

एनीमिया से बचाता है फोर्टीफाइड आटा

महिलाएं घरों के कामकाज और जिम्मेदारी को लेकर खुद की सेहत पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। इससे वह एनीमिया की शिकार हो जाती हैं। जबकि समय-समय पर जांच कराते रहने से इससे बचा जा सकता है। साथ ही एनीमिया से बचाने में फोर्टीफाइड आटा भी काफी कारगर रहता है। इसे लेकर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, हरियाणा, पंजाब, यूपी सहित 10 राज्यों में महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। एनीमिया की बीमारी से ज्यादातर महिलाएं ग्रसित होती हैं। एनीमिया एक ऐसी बीमारी है जो आयरन की कमी से होती है। प्रत्येक दो में से एक महिला एनीमिया की शिकार है। वहीं बच्चों में भी तीन में से दो बच्चे एनीमिया से ग्रस्त पाए जाते हैं। उक्त बातें एनीमिया पर कार्य कर रही फोर्टीफाई हेल्थ संस्था की निदेशक शकुन शर्मा ने कहीं। उन्होंने बताया कि संस्था एनीमिया पर लगातार काम कर रही है। एनीमिया मुख्यत : आयरन, बी9 और बी12 की कमी के कारण होता है।

आरबीआई की करेंसी चेस्ट में मिले 86 जाली नोट

अमृत विचार, लखनऊः गोमतीनगर स्थित आरबीआई के करेंसी चेस्ट में अगस्त माह में 86 नोट जाली मिले। इस संबंध में आरबीआई की तरफ से महानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गोमतीनगर के विपिनखंड इलाके में आरबीआई की शाखा है। शाखा के प्रबंधक लखविंदर पुआर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि किया है कि अगस्त में शाखा में आए नोटों की जांच की गई। छानबीन में 86 नोट जाली मिले। इनमें 50 के पांच, 100 के तीन, 200 के दो, 500 का एक और 2000 के 75 जाली नोट हैं।

दहेज में नहीं मिली कार तो दे दिया तीन तलाक

अमृत विचार, लखनऊः गोसाईगंज में दहेज में कार न मिलने नाराज़ पति ने अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया । शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। गोसाईगंज के मरखापुर गाँव निवासी गुड़िया उर्फ़ इरम ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह क़रीब 12 साल पहले क्षेत्र के ही अलियामऊ गांव में रहने वाले वाज़िद अली के साथ हुआ था। शादी के बाद से उसके ससुरालीजन उसे दहेज में कार के लिए प्रताड़ित करने लगे। माँग न पूरी होने पर 25 सितंबर को उसके पति वाजिद अली सास अफ़सर जहाँ, जेठानी सरोज जहाँ ने उसकी जमकर पिटाई की। बच्चो को छीनकर पति ने तीन तलाक देते हुए घर से भगा दिया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में गलती से नीलू दर्ज हो गया है जबकि उसका नाम अन्य दस्तावेजों में श्रद्धा यादव है नीलू पुत्री अवध शरन और श्रद्धा यादव पुत्री अवध शरन दोनों एक ही व्यक्ति हैं सुमन देवी पत्नी अवध शरन निवासी पैगुवा पोस्ट टेडवा परगना व तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी

एक नजर

प्रज्ञा ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ: सेंटेग्निस लोरैटो की छात्रा प्रज्ञा जैन ने राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। सेंटेग्नेस लोरेटो के गेम्स डिपार्टमेंट के मिस्टर केरिबिन ने उनके इस प्रदर्शन पर बधाई दी। उन्होने बताया कि प्रज्ञा जैन ने इससे पूर्व हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्टेडियम मे आयोजित काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स (सीआईएससीई) राष्ट्रीय एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता मे अपना दमखम दिखा चुकी है। इस प्रतियोगिता में उन्होने अंडर-19 शॉट पुट वर्ग में और जैवलिन थ्रो में दो स्वर्ण पदक जीत चुकी है। इस शानदार जीत के बाद स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसजीएफआई की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

लखनऊ जिला साइकिलिंग चैंपियनशिप आज

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन के देखरेख में होने वाली लखनऊ साइकिलिंग चैंपियनशिप कुड़िया घाट में आज आयोजित की जायेगी। एसोसिएशन सचिव अनुराग बाजपेयी ने बताया कि मौसम के चलते इस चैंपियनशिप की तारीख में परिवर्तन किया गया। इस चैंपियनशिप में बालक और बालिका के 6 आयु वर्गों में रोड, ट्रैक और माउंटेन वर्ग की स्पर्धाएं होंगी। आयोजन में मुख्य अतिथि अरविंद शर्मा (आईआरएस), अति विशिष्ट अतिथि डॉ.आनन्द किशोर पाण्डेय संयुक्त सचिव, लखनऊ ओलंपिक संघ, विशिष्ट अतिथि समाज सेवी डॉ. ज्योति सिंह, डा.समीर कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी, ट्रामा सेंटर,,अनुराग मिश्रा अन्नू, सुधा सिंह इंचार्ज, खुन-खुन जी इंटर कॉलेज, ऋद्धि गौड़ समाजसेवी सहित कई मुख्य लोग मौजूद रहेंगे।

33वीं राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता में उप्र ने चार स्वर्ण सहित जीते दस पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

पदक के साथ सीनियर वुशू प्रतियोगिता के खिलाड़ी। अमृत विचार

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के वुशू खिलाड़ियों ने 21 से 26 सितंबर तक देहरादून उत्तराखंड में आयोजित 33वीं राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता में चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदक अपने नाम किए। वहीं उत्तर प्रदेश ने सांडा श्रेणी में उपविजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया।

उत्तर प्रदेश वुशू एसोसिएशन के महासचिव मनीष कक्कड़ ने बताया कि सांडा वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस के सूरज यादव ने 70 किग्रा से कम, गौतम बुद्ध नगर के अभिषेक तंवर ने 90 किग्रा से कम और उप्र पुलिस की श्रुति ने 70 किग्रा से कम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। ताउलू वर्ग के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस के रवि सूर्यवंशी ने ननक्वान में सफलता अर्जित करते हुए ननगुन में रजत पदक जीता। इसके अलावा ताउलू वर्ग में गौतम बुद्ध नगर की गिन्नी भाटी ने ट्रेडिशनल इवेंट में रजत और उत्तर प्रदेश पुलिस के मोहित थापा ने ननक्वान में कांस्य पदक जीता।

▶▶ **उत्तर प्रदेश की टीम सांडा वर्ग में उप विजेता**

वहीं सांडा वर्ग में जौनपुर के अवनीश यादव ने 52 किग्रा से कम, उत्तर प्रदेश पुलिस के अमन ने 75 किग्रा से कम और गाजियाबाद के सचिन ने सिंगल वेपन में कांस्य पदक जीते। पदक विजेताओं को यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के डॉ. आनंदेश्वर पांडेय सहित वुशू एसोसिएशन के अध्यक्ष सुहैल अहमद, महासचिव मनीष कक्कड़ और उपाध्यक्ष टीपी हवेलिया के साथ टीम के कोच सुनील कुमार ने उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बधाई दी।

बालिकाओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राजकीय महिला शरणालय की युवतियों को आत्मरक्षा की तकनीक सिखाने के लिए एमरेन फाउंडेशन ने रेड ब्रिगेड संस्था के तत्वावधान में 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जिसका शनिवार को राजकीय महिला शरणालय पराग नारायण रोड में समापन हो गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण की कार्यशाला के पूरा होने पर उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र सौंपे।

युवतियों को रेड ब्रिगेड की उषा विश्वकर्मा और उनकी टीम के द्वारा आत्मरक्षा की बारीकियों से अवगत कराया गया। शिविर में बालिकाओं को कठिन परिस्थितियों में डटकर सामना करने सहित कई तरीके की ट्रेनिंग दी गई।

प्रतिभागियों के साथ मौजूद राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव।

▶▶ **राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने प्रतिभागियों को सौंपे प्रमाण पत्र**

अपर्णा यादव ने कहा कि सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य युवतियों में आत्मविश्वास पैदा करना है ताकि वह आने वाले खतरों से खुद की रक्षा कर सकें। उन्होंने कहा कि सेल्फ डिफेंस के गुर सीखकर युवतियां किसी भी तरह के अपराधियों का मुकाबला कर सकती हैं।

बारिश के चलते मुंबई टीम नही कर सकी अभ्यास

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

ईरानी ट्रॉफी

अमृत विचार: 1 अक्टूबर से इकाना स्टेडियम में होने वाले ईरानी ट्रॉफी के लिए रेस्ट ऑफ इंडिया टीम शनिवार को लखनऊ पहुंच गई। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई में टीम विकेट कीपर ईशान किशन के अलावा टीम इंडिया के बाए हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद समेत पूरा टीम राजधानी पहुंची। वहीं शुक्रवार को लखनऊ आई दूसरी टीम मुंबई बारिश के चलते अभ्यास नहीं कर सकी।

कप्तान अजिंक्य रहाणे, बल्लेबाज पृथ्वी शॉ, श्रेयस अय्यर, शार्दुल ठाकुर समेत सभी खिलाड़ी बारिश के बंद न होने के कारण अभ्यास नहीं कर सके। अब दोनो टीमों के अभ्यास की संभावना रविवार को है। मुंबई की टीम में शार्दुल ठाकुर के अलावा पृथ्वी शॉ और श्रेयस अय्यर को भी चुना गया है, जो टीम इंडिया की टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। श्रेयस का बल्ला हाल ही में हुई दलीप ट्रॉफी में बेहद खामोश रहा था, ऐसे में वह इस मैच में अपनी लय को पाने की जद्दोजहद में रहेंगे। मुंबई की टीम को मुशीर खान के सड़क हादसे से बड़ा झटका लगा है। उन्होंने दलीप ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर लोगो का ध्यान अपनी ओर खींचा था। इसके साथ ही ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ईरानी ट्रॉफी के जरिये क्रिकेट में वापसी कर आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने पर उनकी नजर रहेंगी। हार्दिक तामारे और सिद्धांत अधात्राव को विकेट कीपर के तौर पर टीम में रखा गया है। तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहित अवस्थी और मोहम्मद जुनैद खान पर होगी। स्पिनर के तौर पर शम्स मुलानी और तनुष कोटियान की जिम्मेदारी दी गई है।

उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन का पुनर्गठन

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: पिकलबॉल को खेल की मुख्य धारा में लाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन का पुर्नगठन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को संस्था का चेयरमैन बनाया गया है। इसी के साथ एसोसिएशन के उप चेयरमैन प्रमुख शिक्षाविद सर्वेश गोयल व अध्यक्ष लखनऊ के डॉ.आनन्द किशोर पाण्डेय मनोनीत किए गए हैं।

एसोसिएशन के महासचिव अरविंद शर्मा (आईआरएस) ने बताया कि इस खेल के बारे में लोगों को बताने के लिए कार्यशाला को आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश स्टेट पिकलबॉल चैंपियनशिप और कार्यशाला को आयोजन नवंबर और दिसम्बर माह में लखनऊ में किया जायेगा।

▶▶ **परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह होंगे चेयरमैन**

उन्होंने ये भी जानकारी दी कि वर्तमान में लखनऊ के सेंट्रम होटल में तीन कोर्ट के पिकलबॉल एरिना की शुरुआत हुई है। वहीं गोमतीनगर विनय खंड-2 में मॉडर्न अकादमी में स्थित एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में दो प्रैक्टिस कोर्ट है। इसके अलावा विराम खंड-5 में भी जल्द ही पिकलबॉल एरिना की शुरुआत करने की योजना है।

डॉ.आनन्द किशोर पाण्डेय का स्वागत करते अरविंद शर्मा

एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों में अंकित त्रिपाठी अब मुख्य सलाहकार होंगे। इसके साथ ही संरक्षक दिनेश चंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव कुमार, उपाध्यक्ष कमलदीप त्रिपाठी और कोषाध्यक्ष सनी गुप्ता होंगे।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संगठन के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडेय, लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ सैयद रफत जुबैर रिजवी ने नवगठित प्रदेश संगठन को बधाई देते हुए पिकलबॉल खेल के विकास के लिए संपूर्ण सहयोग देने का प्रदान का आश्वासन दिया।

'मसीहा' में दिखा भारत-पाकिस्तान बंटवारे का दर्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति की ओर से मसीहा नाटक का मंचन एसएनए के वाल्मीकि रंगशाला में किया गया। नाटक का परिकल्पना व निर्देशन अनुपम बिसारिया का रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल रस्तोगी और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुनीत अस्थाना मौजूद रहे।

नाटककार एवं फिल्म के लेखक सागर सरहदी का यह नाटक वर्ष-1947 के भारत पाकिस्तान के बंटवारे पर शरणार्थियों की सामाजिक एवं मानसिक मनोदशा के अत्यधिक मार्मिक ढंग से उजागर करता है।

सशक्त कथानक से परिपूर्ण नाटक मसीहा की प्रधान भूमिका में नीरज दीक्षित, गौतम राय, अश्वनी अनुपम बिसारिया ने अपने भावपूर्ण अभिनय से रंगप्रेमी दर्शको को देर तक बांधे रखा।

जूडो के संस्थापक मुनव्वर अंजार सम्मानित

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार : यूनिटी कॉलेज में शनिवार को आयोजित विशेष सम्मान समारोह में भारतीय दृष्टिहीन पैरा जूडो एसोसिएशन के संस्थापक महासचिव मुनव्वर अंजार सिद्दीकी को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे पेरिस में आयोजित पैरालिंपिक में चीफ कोच रहते हुए भारतीय जूडोका कपिल परमार को मिले कांस्य पदक के लिए दिया गया।

यूनिटी कॉलेज में सम्मानित किए जाते मुनव्वर अंजार सिद्दीकी। अमृत विचार

सम्मान समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के सचिव नजमुल हसन रिजवी ने की। समारोह में संयुक्त सचिव डॉ. एम तल्हा, प्रिंसिपल दीपक मर्विन मैथ्यूज, उप-प्राचार्य सचिंद्र भारती और कॉलेज काउंसलर निसार फातिमा रिजवी मौजूद रही। इस मौके पर कोच मुनव्वर अंजार ने कपिल परमार के संघर्ष भरे जीवन के बारे मे बताते हुए कहा कि अगर कुछ करने की लगन आप में तो कोई भी मुकाम को छुआ जा सकता है। यह बात कपिल परमार ने अपनी मेहनत और लगन से साबित की है।समारोह में शामिल दो खिलाड़ियों हुसैन मेहदी और रबाब फातिमा को भी मुनव्वर अंजार ने सम्मानित भी किया।

▶▶ **कपिल परमार का पैरालंपिक में पदक दिलाने में रहा अहम योगदान**

छोटे-मध्यम किसानों से प्राथमिकता पर खरीदें धान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: छोटे और मध्यम वर्गीय किसानों से धान प्राथमिकता के आधार पर खरीदा जाए। धान खरीद के बाद 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान किया जाए।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने धान क्रय केंद्र को लेकर बैठक के दौरान उक्त निर्देश मातहतों को दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी धान क्रय केंद्र की प्रत्येक सप्ताह अधिकारी निरीक्षण करें। बैठक के दौरान अधिकारियों ने मंडलायुक्त को बताया कि मंडल में 7,82000 मीट्रिक टन धान क्रय का लक्ष्य है। लखनऊ में धान क्रय के लिए 30 केंद्र खोले जाएंगे। मंडल के सभी क्रय केंद्रों पर 1 अक्टूबर से धान क्रय शुरू होगा। अधिकारियों ने बताया कि हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली और उन्नाव में 427 क्रय केंद्र खोले गए हैं। मंडल में 512 केंद्र खोलने का लक्ष्य है। बैठक में अपर आयुक्त न्यायिक घनश्याम सिंह क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक, सभी जिलों के एआरएमओ आदि मौजूद रहे।

▶▶ **धान क्रय के बाद 48 घंटे में किसानों को करें भुगतान**

अभिषेक अध्यक्ष व शशांक बने महासचिव

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : इंजीनियर्स एसोसिएशन, उप्र आवास एवं विकास परिषद का 26वां अधिवेशन शनिवार को इन्दिरा नगर स्थित विश्वेश्वरैया भवन में हुआ। जिसमें अभिषेक नाथ तिवारी अध्यक्ष और शशांक पांडेय महासचिव पद पर विजयी हुए। रामलखन को उपाध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

एसोसिएशन ने अभियंताओं की वरिष्ठता सूची, कैडर रिव्यू, कैशलेस चिकित्सा सुविधा और अधीक्षण अभियंता पद पर उच्चीकृत वेतनमान अनुमन्य करने की मांग रखी। अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण और अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने उक्त मांगों के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। अपर मुख्य सचिव ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को सजाने संवारने में परिषद के अभियंताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने प्रत्येक जनपद में लैंड बैंक बढ़ाने के साथ आमजन को सस्ते और अच्छे मकान उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने पर जोर दिया। उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इंजीनियर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मौजूद अपर मुख्य सचिव।

▶▶ **इंजीनियर्स एसोसिएशन, उप्र आवास एवं विकास परिषद का द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न**

▶▶ **अपर मुख्य सचिव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ**

ये है नई कार्यकारिणी

अभिषेक नाथ तिवारी	अध्यक्ष
शशांक पांडेय	महासचिव
उपाध्यक्ष	रामलखन
अतिरिक्त महासचिव	अंकुश वर्मा
कोषाध्यक्ष	कृष्ण कुमार
भवन सचिव	अंगद यादव
प्रचार सचिव	श्रुति सिंह
सांस्कृतिक सचिव	धनंजय गुप्ता
संप्रेक्षक	उमानाथ शुक्ला
सचिव, परिवार कल्याण	अभिषेक राज
कोषाध्यक्ष परिवार कल्याण	राहुल यादव
संप्रेक्षक प्रथम	स्वाती सिंह
निवर्तमान अध्यक्ष	दीप कुमार गुप्ता

प्रभात अध्यक्ष और चंद्रपाल बने सचिव

अमृत विचार, लखनऊ : मानसरोवर योजना, कानपुर रोड स्थित सनराइज अपार्टमेंट रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) का चुनाव शनिवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रभात अग्रवाल अध्यक्ष और नीना उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुईं। इसके अलावा चंद्रपाल सिंह सूद सचिव और गौरव चौरसिया कोषाध्यक्ष पद के लिए चुने गए। प्रभप्रीत सिंह, अंबरीश श्रीवास्तव, प्रद्युम्न श्रीकृष्ण चितले, राम प्रकाश गुप्ता, ब्रजेश कुमार और सचिन कुमार कार्यकारिणी सदस्य बने। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निवासियों ने बधाई दी और कहा कि इनके नेतृत्व में हमारा समाज प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयां छुएगा। पदाधिकारियों ने कहा कि परिसर की देखभाल, स्वच्छता, सुरक्षा और विकास के सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा।

पुस्तक मेले में हर विषय की किताबों का खजाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बलरामपुर गार्डन में शुक्रवार से शुरू हुये राष्ट्रीय पुस्तक मेले में लोगों ने किताब पर चली परिचर्चा के जरिये पिछली सदी के अंतिम दशकों की अपराधिक वर्चस्व स्थितियों का जायजा एक तेजतर्रार पुलिस अधिकारी के नजरिये से लिया। ऐसे ही साहित्यिक आयोजनों का दौर आज से मेला मंच पर शुरू हो गया।

21वें पुस्तक मेले के दूसरा और शनिवार की छुट्टी का दिन था। थम-थम कर हो रही वर्षा के बीच पुस्तक प्रेमी भी आते-जाते रहे और आयोजनों का सिलसिला भी जारी रहा। मेले में राजपाल एंड संस पहली खेप में 11 लाख की हजारों किताबें लाये हैं। सेतु प्रकाशन में सेतु के संग वाग्देवी प्रकाशन और सर्जना की पुस्तकें भी बड़ी मात्रा में हैं। प्रभात प्रकाशन अग्नि की उड़ान, महाराणा, 32 हजार साल पहले, ओवर द टाप जैसी बीसियों बेस्ट सेलर और नयी किताबें लेकर मेले में आये हैं। राजकमल के स्टाल पर राधाकृष्ण, लोकभारती, साहित्य भवन, सारांश आदि कई पुराने प्रकाशकों की भी पुस्तकें हैं। मेला निदेशक आकर्ष चंदेल ने बताया कि मेले में बच्चों, महिलाओं की पसंद से लेकर साहित्य के संग ही, धर्म-अध्यात्म, कला, इतिहास, खानपान जैसे लगभग हर विषय की किताबें हैं। हिन्दी, अंग्रेज़ी के संग ही संस्कृत और उर्दू की किताबें भी खूब हैं।

बलरामपुर गार्डन में राष्ट्रीय पुस्तक मेले में किताबें देखतीं युवतियां। अमृत विचार

सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह नवसृजन संस्था की काव्यगोष्ठी से हुयी। इसी क्रम में बोधरस प्रकाशन द्वारा रजनी ए. के महिला चरित्र पर केन्द्रित उपन्यास शमा का विमोचन हुआ। दोपहर राजकमल के कार्यक्रम में पूर्व पुलिस अधिकारी राजेश पाण्डेय की प्रदेश के एक कालखण्ड विशेष पर लिखी किताब वर्चस्व पर परिचर्चा हुई।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2024

आगामी त्यौहारों के सीजन में रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्वघोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा:-

09013/09014 उधना-छपरा-उधना विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09013 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09013 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09014 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09014 प्रस्थान
---	07:00	उधना	08:15	---
13:25	13:35	वाराणसी	03:30	03:40
19:30	---	छपरा	---	22:30

चलने के दिन: 09013 उधना से दिनांक 05.10.2024 से 30.11.2024 प्रत्येक शनिवार **एवं 09014 छपरा से** दिनांक 06.10.2024 से 01.12.2024 प्रत्येक रविवार को;
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: भरुच जं., वडोदरा जं., गोधरा जं., रतलाम जं., उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी एवं बलिया स्टेशन।

09027/09028 बान्द्रा(टर्मि.)-मालदा टाउन-बान्द्रा(टर्मि.) विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09027 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09027 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09028 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09028 प्रस्थान
---	11:00	बान्द्रा (टर्मि.)	18:15	---
16:50	16:52	बाराबंकी	14:55	14:57
16:30	---	मालदा टाउन	---	17:30

चलने के दिन: 09027 बान्द्रा (टर्मि.) से दिनांक 02.10.2024 से 27.11.2024 प्रत्येक बुधवार **एवं 09028 मालदा टाउन से** दिनांक 05.10.2024 से 30.11.2024 प्रत्येक शनिवार को;
स्थान: 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: बोरीवली, वापी, सूरत, भरुच जं., वडोदरा जं., गोधरा जं., रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर जं., कहलगांव, साहिबगंज, बड़हरवा जं., एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन।

09031/09032 बान्द्रा(टर्मि.)-गोरखपुर-दहानू रोड विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09031 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09031 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09032 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09032 प्रस्थान
---	12:15	बान्द्रा (टर्मि.)	---	---
14:04	14:06	दहानू रोड	12:25	---
15:35	15:40	लखनऊ	08:45	08:50
21:00	---	गोरखपुर	---	04:00

चलने के दिन: 09031 बान्द्रा (टर्मि.) से दिनांक 03.10.2024 से 28.11.2024 प्रत्येक बृहस्पतिवार **एवं 09032 गोरखपुर से** दिनांक 05.10.2024 से 30.11.2024 प्रत्येक शनिवार को;
स्थान: 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: बोरीवली, पालघर, दहानू रोड, वापी, वलसाड, उधना, भरुच जं., वडोदरा, गोधरा, रतलाम जं., उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी जं., गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

09421/09422 साबरमती-सीतामढ़ी जं.-साबरमती बीजी विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09421 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09421 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 09422 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09422 प्रस्थान
---	19:45	साबरमती	06:00	---
18:15	18:30	लखनऊ	06:15	06:25
08:30	---	सीतामढ़ी	---	16:00

चलने के दिन: 09421 साबरमती से दिनांक 05.10.2024 से 30.11.2024 प्रत्येक शनिवार **एवं 09422 सीतामढ़ी से** दिनांक 07.10.2024 से 02.12.2024 प्रत्येक सोमवार को; **स्थान:** 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: महेसाना जं., पालनपुर जं., आबूरोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर जं., किशनगढ़, जयपुर जं., बांदीकुई जं., भरतपुर जं., अहमदाबाद जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., लखनऊ, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., सिसवा बाजार, नरकटियागंज जं. एवं रक्सौल जं. स्टेशन

04006/04005 दिल्ली जं.-जयनगर-दिल्ली जं. आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) — 30 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04006 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04006 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04005 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04005 प्रस्थान
---	23:05	दिल्ली जं.	01:30	---
23:45	---	जयनगर	---	01:30

चलने के दिन: 04006 दिल्ली जं. से दिनांक 08.10.2024 से 26.11.2024 प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार **एवं 04005 जयनगर से** दिनांक 10.10.2024 से 28.11.2024 प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को;
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

04048/04047 आनन्द विहार(टर्मि.)-कटिहार जं.-आनन्द विहार (टर्मि.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) — 30 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04048 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04048 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04047 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04047 प्रस्थान
---	15:20	आनन्द विहार(टर्मि.)	17:50	---
15:00	---	कटिहार जं.	---	18:00

चलने के दिन: 04048 दिल्ली जं. से दिनांक 08.10.2024 से 26.11.2024 प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार **एवं 04047 कटिहार जं. से** दिनांक 09.10.2024 से 27.11.2024 प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को;
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया एवं मानसी स्टेशन।

04070/04069 नई दिल्ली-राजगीर-नई दिल्ली वातानुकूलित आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) — 30 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04070 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04070 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04069 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04069 प्रस्थान
---	00:20	नई दिल्ली	23:10	---
21:00	---	राजगीर	---	22:50

चलने के दिन: 04070 नई दिल्ली से एवं 04069 राजगीर से दिनांक 12.10.2024 से 30.11.2024 प्रत्येक शनिवार, मंगलवार को;
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
ठहराव: गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन।

YouTube f X पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित देश


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था"।

देश स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित है। यह समाज और राज दोनों के लिए पीड़ादायी है। स्त्री उत्पीड़कों को दंडित करने के लिए अनेक कानूनी प्रावधान हैं। कानून पालन कराने वाले शासकीय तंत्र द्वारा अपना काम किया जा रहा है,लेकिन समाज में ऐसी घटनाओं पर समुचित चिंतन नहीं हो रहा है। हम सहस्त्रों वर्ष प्राचीन राष्ट्र हैं। संस्कृति ही समाज की गतिशीलता तय करती है। संस्कृति ही राष्ट्र जीवन की संचालक है। स्त्री-पुरुष संबंधों पर वैदिक काल में काफी चिंतन हुआ था। संस्कृति की महत्ता का चिंतन इसलिए और जरूरी है कि भारत का राष्ट्र जीवन संस्कृति और दर्शन के क्षेत्र में बहुप्रतिष्ठित था और समाज के नियमन का काम करता रहा है। स्त्री महत्ता और प्रतिष्ठा के अनेक सूक्त ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक विद्यमान हैं। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है और गृहस्थ धर्म की प्रशंसा। विवाहित होना सम्मानीय था। एक सुंदर मंत्र में अग्नि से प्रार्थना है कि वह सभी देवों को पत्नी सहित लाएं। पत्नीहीन पुरुष को यज्ञ करने के अधिकार से वंचित किया गया है।

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था।" ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिलाकर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। दंपत्ति स्त्री-पुरुष दोनों से मिलकर बना है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में किसी न किसी रूप में स्त्री सम्मान का तत्व मौजूद है। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'-जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। सृष्टि के आदितत्व की खोज महत्वपूर्ण अभिलाषा है, लेकिन उसे स्त्रीलिंग में याद करना स्त्री का आदर है। ऐसा यूनान में भी नहीं रहा। ऐसे ही ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी अदिति हैं। वह अखंड अस्तित्व हैं। कहा गया है, "इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।"

ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष उसके नीचे है, वह भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिंधु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं,जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) इस तरह एक अद्वैत शक्ति की अनुभूति देवी के रूप में की गई है। यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान भाव और गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई भी देवी नहीं है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। ऋग्वेद में अनेक मंत्रों में विवाह की प्रतिष्ठा है। विवाह सूक्त के एक सुंदर मंत्र में नववधू को आशीर्वाद दिया गया है और नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, "यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।" यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। परंपरा पीछे सहस्त्रों वर्ष से चली आ रही है। किसी स्त्री को तंग करने और परेशान करने की कोई छूट प्राचीन परंपरा में नहीं है। तुलसीदास जी ने स्त्री अपमान के विरुद्ध चौपाई में कहा है, "अनुज बधू भगिनी सुत नारी/सुनु सठ ए कन्या सम चारी/इन्हहि कुदृष्टि बिलोकइ जोई/ताहि बधे कछु पाप न होई।-तुलसीदास ने स्त्री उत्पीड़क को सीधे मौत की सजा सुनाई है। कानून अपना काम करे और समाज अपना। समाज के लिए वर्तमान समय चुनौतीपूर्ण है।

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। उन्हें मातृशक्ति की संज्ञा दी गई है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार एक समय राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। बहुत दूर-दूर के विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। उनमें से एक गार्गी भी थी। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा गया था कि, "यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?" गार्गी ने तमाम सवाल पूछे थे। उनमें से एक सवाल यह भी था कि, "सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।" उत्तर दिया, "जल पर।" फिर पूछा गया कि, "इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?" गार्गी ने उत्तर के बाद कहा, "जल किसमें आधारित हैं?" गार्गी ने पूछा, "इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?" याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा कि, "ब्रह्म किस पर आधारित हैं"। याज्ञवल्क्य ने कहा, "ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। हे गार्गी ब्रह्म को लेकर सवाल नहीं पूछा करते। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। इस संसार के सभी कारक तत्व ब्रह्म में ही सक्रिय हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत है"।

गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव पार्वती में पार्वती प्रथमा हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते तत्रदेवता-जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं। नारी माता हैं। अनेक प्रतीकों में स्त्री को मां कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को मां बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, "तुम ऋक हो। मैं साम गान हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।" भारतीय संस्कृति में मां सर्वोत्तम अनुभूति है। वह जननी है और स्त्री है। हम हिन्दू समाज के लोग अवतारवाद भी मानते हैं। संसार में अवतरित होने के लिए एक मां की आवश्यकता होती है। भगवान भी अपने अवतार में मां को ही माध्यम बनाता है। हम भारत के लोग मां का विस्तार हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के लोकजीवन को स्त्री अपमान की वर्तमान घटनाओं को लेकर सजग रहना चाहिए। देश को इस समय एक सशक्त स्त्री विमर्श की आवश्यकता है।

समाज में स्त्री की स्वतंत्रता

डॉ. बीएन सिंह
बीएचयू, वाराणसी

मेरे ख्यालों में स्त्री की सबसे सशक्त छवि तब उभरती है जब मैं उसे अपने एकांत में सिर्फ खुद के लिए सुकून से बैठा देखूं। अपने में खोए हुए कुछ गुनगुनाते, कुछ ऐसा सोचते कि दृढ़ता से होठ भिंच जाएं या पांच बरस की एक छोटी सी बच्ची की तरह खेलते हुए-किसी भी चीज से, लेकिन सच तो यह है कि मैंने अपने आसपास कभी किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा। परंपरागत परिवारों से आई या छोटे शहरों की स्त्रियां अपने परिवार के लोगों के साथ होती हैं। महानगरों में भी वो कभी अकेले नहीं दिखतीं। उनके साथ उनका कोई पुरुष या स्त्री दोस्त होता है। अकेली सड़क पर वे कानों में हेडफोन लगाए किसी से बतियाती हुई जाती हैं। किसी कॉफी हाउस या रेस्त्रां में कोई अकेली स्त्री दरअसल किसी का इंतजार कर रही होती है या फिर उसकी कॉफी के दौरान कोई न कोई उसके फोन पर होता है।

अकेले निकलने वाली कामकाजी स्त्रियां भी अकेले कहां होती हैं? वे अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही होती हैं। समय से दफ्तर पहुंचने की हड़बड़ी में होती हैं या घर लौटने के निर्धारित समय से देर हो चुकी होती है। उनका आगत उनके वर्तमान में शामिल रहता है हमेशा। वे या तो कहीं जा रही होती हैं या कहीं से लौट रही। आगे बढ़ने के लिए उनके पांव हवा में उठते ही कोई 'अन्य' दूसरे छोर पर मौजूद होता है। वे जैसे खला में एक सफर तय करती हैं किसी और के अधूरेपन को भरने के लिए। मैंने किसी स्त्री को अकेले बैठकर कुछ सोचते भी नहीं देखा। उसे सोचने के लिए कोई चाहिए। वे गौर से सामने वाले की प्रतिक्रियाओं को सुनती हैं और फिर अपना फैसला सुनाती हैं। वह जो चाहती है उसकी पुष्टि किसी और से करती है और उसकी 'चाहना' अक्सर उसकी नकारात्मक प्रतिक्रियाओं में निकलती है। वह अपनी खुशी और अपने दुःख में भी किसी के साथ होना चाहती है। उसके लिए साथ के बिना ये दोनों ही अधूरे हैं। खुशी के रंग हल्के पड़ जाते हैं और दुःख उमड़ता ही नहीं कि बाहर बह निकले और मन को हल्का कर दे।

स्त्री अपने एकांत को सबसे छुपाती है। इस तरह उसका एकांत एक रहस्य बन जाता है। उसके छोटे-छोटे राज कभी खुलते नहीं हैं। जब खुलते हैं तो सिर्फ उनका एक हिस्सा जगमगाता है बाकी रहस्य में आवरण से ही ढका रहता है। जैसे लगता है कि स्त्री का सबसे निजी सुख बहुत अमूल्य सी चीज है, जिस पर सूरज की रोशनी नहीं पड़नी चाहिए नहीं तो वह भाप की तरह उड़ जाएगा। ठीक इसी तरह जब स्त्री अपने दुःख में बिल्कुल अकेली हो जाती है तब वह नहीं चाहती कि उसका दुःख कोई और देखे। वह खुद को दुनिया की नजरों से छिपाकर रो लेती है, अपनी स्मृतियों को तहस-नहस कर देती है, अपनी यादों को खुरच-खुरचकर मिटा देना चाहती है। यहां उसे किसी का साथ नहीं चाहिए। वह कभी नहीं चाहती कि इन जख्मों को कोई देखे। वह अंतिम समय तक अपने भीतर के नन्हें से स्वाभिमान को मरने नहीं देना चाहती। इसीलिए अपने अस्तित्व के लिए जब वह संघर्ष कर रही होती है तब भी उसको अकेलापन चाहिए, किसी का साथ नहीं।

अपनी अंतिम लड़ाई, अंतिम संघर्ष, दर्द की अंतिम लहर में स्त्री अकेली होती है। दांत भींचकर, उभरी हुई नसों और माथे पर आए पसीने के साथ वह लड़ती है, बहुधा जीतती है, कई बार हार भी जाती है। मैंने किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा तो किसी स्त्री को हारते भी नहीं देखा। उसकी हार दिखती भी है तो उसमें हमारी कायरता के प्रति एक उपहास होता है। स्त्री को हारने के लिए मजबूर करना एक किस्म की कायरता है, जैसे प्रकृति का विध्वंस करना। पर सवाल वही है, अपने दुःख और संघर्ष में अकेली हो जाने वाली औरत अपनी खुशियों के साथ कब स्वतंत्र होगी? कब अपने अकेलेपन के प्रति आत्मविश्वास से भरी होगी? वह भीतर से कब इतनी हल्की और मुक्त हो सकेगी जैसे प्रकृति में उसके जैसी तमाम सुंदर चीजें हैं।

लाहौर नेशनल कॉलेज में भगत सिंह- छबील दास

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था।

भगत सिंह जहां एक जोशीला इंकलाबी था वह एक बहुत अच्छा विद्यार्थी भी था। उसके अध्यापक होने के नाते मैं यह बात दावे से कह सकता हूं कि उसे पढ़ाने में बहुत आनंद आता था। भगत सिंह को पढ़ने का बेहद शौक था। जब किसी भी किताब का नाम उसके सामने लिया गया तो उसने फौरन उसे पढ़ने की फरमाइश की। वैसे तो भगत सिंह ने न जाने इतिहास की कितनी ही किताबें पढ़ डाली होंगी,लेकिन मुझे अभी तक याद है कि उसे जो किताब सबसे ज्यादा पसंद थी वह 'क्राइ फॉर जस्टिस' थी। भगत सिंह ने लाल पेंसिल से इस किताब के बहुत हिस्सों पर निशान लगाए थे। इनसे पता चलता था कि उसके हृदय में बेइंसाफी के खिलाफ लड़ने की भावना किस तरह कूट-कूट कर भरी हुई थी। वह पुस्तक लाजपतराय भवन लाहौर में हमारे घर में वर्षों तक रही। स्वयं मेरे बच्चों विजय, संतोष और मनोरमा ने कई बार इस किताब को लेकर मुझसे ढेरों सवाल पूछे। मेरे बच्चे भी यह जानना चाहते थे कि भगत सिंह को कौन-सी किताब पसंद थी और क्यों?

मैंने नेशनल कॉलेज में और बाहर भी भगत सिंह को हमेशा हंसते हुए देखा, लेकिन उस हंसी के पीछे भी उसका पक्का इरादा और अपने मकसद को पूरा करने की भावना झलकती थी। लगता था कि भगत सिंह को जीवन के सांसारिक बंधनों से गहरी चिढ़ थी इसलिए उसने कभी शादी करवाने की हामी नहीं भरी। भगत सिंह को विश्वास था कि शादी का बंधन इंकलाब के रास्ते में बहुत भारी रुकावट है। मुझे याद है एक बार लाहौर में दरिया रावी में मैं और भगत सिंह कश्ती की सैर कर रहे थे, मेरी तरह भगत सिंह को भी दरिया में कश्ती की सैर का बहुत शौक था। उस वक्त शाम का अंधेरा होने ही वाला था। भगत सिंह ने हंसते हुए मुझसे पूछा- "गुरुजी सुना है आप शादी कर रहे हैं? क्या यह खबर ठीक है"। जब मैंने कहा, 'हां' तो भगत सिंह एकदम से कहने लगा "फिर इंकलाब कैसे आएगा? आप घर गृहस्थी में पड़ जाएंगे या मुझ जैसे नौजवानों को इंकलाब का सबक पढ़ाएंगे? मैंने महसूस किया भगत सिंह को मेरी शादी करने का फैसला पसंद नहीं आया"।

हमारे सौभाग्य में जिन दिनों देशभर में महात्मा गांधी तथा स्वराज्य आंदोलन की लहर मची हुई थी, उन्हीं दिनों विदेशी विशेषतः आयरलैंड तथा सोवियत रूस से धड़ाधड़ राजनीतिक लिटरेचर, किताबें, टेक्स्ट, अखबारों और मैग्जीनों का आना शुरू हो गया था। आयरिश लिटरेचर तो केवल यही नारा लगाता था कि किसी भी देश अथवा जाति को आजादी प्राप्त करने के लिए बंदूकों, पिस्तौलों, बमों तथा हवाई जहाजों की भारी जरूरत होती है। भारत में अंग्रेजी शासन अपनी फौजों तथा छावनियों से सशस्त्र सैनिकों तथा टैंकों द्वारा स्थापित हुआ है और अब तक चल रहा है। बाइबिल में स्पष्ट घोषणा दी गई है कि 'इफ यू हैव फेथ इन द सोर्ड, बाई द सोर्ड यू शैल बी पनिश्ड' अर्थात यदि तुम तलवारों और बंदूकों द्वारा किसी को गुलाम बनाते हो तो समय और अवसर आने पर वही लोग तुमसे अधिक तेज शस्त्रों व बंदूकों से तुम्हें अपने हाथ से धकेल कर बाहर करेंगे। अतः यदि सचमुच ही भारत की जनता अपनी दासता का जुआ अपनी गरदन से उतार फेंकना चाहती है तो किसी न किसी ढंग से अणु शस्त्र प्राप्त करे। वे साधन बेग-बारो-स्टील अर्थात कहीं से मांगकर, उधार लेकर अथवा जबरदस्ती कहीं से चुराकर अथवा लूटकर प्राप्त करें।

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मियों की गतिविधियों की बातें वह मुझसे नहीं करता था,क्योंकि वह सभी गुप्त कार्रवाहियां थीं,जो आर्मियों के सदस्यों के बीच की बातें थीं। मैं हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी का सदस्य नहीं था। जब भी हम असहयोग आंदोलन की प्रगति और गांधी के विषय में बातचीत करते तो भगत सिंह उत्तेजित होकर गांधीजी की आलोचना करता। गांधीजी के प्रति भगत सिंह का रवैय्या सुभाष चंद्र बोस की तरह था। सुभाष चंद्र बोस ने गांधी जी से कहा था-"बापू, आइए हम वही भाषा सीखें जो अंग्रेज समझते हैं। अहिंसा और जुर्म सहने की फिलोस्फी अंग्रेजों की समझ में नहीं आ सकती। उनका साम्राज्य ताकत के सहारे टिका हुआ है। हमारे पास भी अगर वैसे ही हथियार हों तो निःसंदेह हमारी विजय होगी। अंग्रेज चार करोड़ हैं और हम चालीस करोड़ हैं।'' भगत सिंह भी इसी तरह का दृष्टिकोण रखता था।

भगत सिंह के साथ मेरी अंतिम भेंट जनवरी के प्रथम सप्ताह 1929 में कलकत्ता में हुई। वह अप्रैल 1929 को गिरफ्तार कर लिया गया था। भगत सिंह ने अपने केश कटवा दिए थे। वह कोट-पैंट और हैट पहनता था। मैं भी कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने गया हुआ था। भगत सिंह से मेरी मुलाकात कांग्रेस अधिवेशन में नहीं, बल्कि एक दोस्त के घर हुई थी। मैं पोर्टिको में खड़ा था। भगत सिंह तेजी से आया और सीढ़ियों के रास्ते ऊपर चला गया। उस समय मेरी भगत सिंह से बातचीत नहीं हुई। हमने एक दूसरे की ओर देखा। उसने मुझे नमस्ते की और वह गायब हो गया। उसके बाद भगवती चरण मेरे पास आए और कहने लगे "गुरुजी, आपने भगत सिंह को देख लिया है। कृपया यह रहस्य किसी को न बताएं कि आपने उसे कलकत्ता में देखा था।" मुझे समझ में आ गया कि क्या बात थी। भगवती चरण, भगत सिंह से पढ़ाई में एक साल सीनियर था।

लाहौर में भगत सिंह, सुखदेव और भगवती चरण अक्सर मेरे कमरे में आया करते थे। साथ ही गुसलखाना था,जिसमें वे नहाते थे। मुझे बहुत से लोगों से पता चला कि हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी की शाखाएं बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में थीं। दिल्ली और महाराष्ट्र में भी उनका प्रभाव था। राजगुरु तो महाराष्ट्र के रहने वाले थे।

स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं धर्म


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

वार्ता में शब्द और अभिप्रेत अर्थ का अपरिहार्य संबंध है। वक्ता जिस अर्थ में शब्द का प्रयोग करता है, श्रोता उससे भिन्न अर्थ ग्रहण करता है तो वार्ता असंभव हो जाती है। ऐसी वार्ता वार्ता के लिए नहीं वितंडावाद के लिए होती है। 'सनातन' नाम का कोई धर्म विशेष नहीं है। कारण, सनातन संज्ञा शब्द है ही नहीं, विशेषण है। सनातन का अर्थ है- नित्य, निरंतर, शाश्वत, स्थायी, पुरातन। ये सभी अर्थ विशेषण हैं।

'एष धर्मः सनातनः' का तात्पर्य यह नहीं कि यह सनातन नामक धर्म है। इसका तात्पर्य है कि यह धर्म नित्य और पुरातन है। कौन सा धर्म नित्य और पुरातन है? कोई धर्म विशेष नहीं, जो भी नित्य और पुरातन है वह। या किसी भी धर्म का जो घटक नित्य और पुरातन है,वह। केवल धर्म नहीं, संसार और अस्तित्व भी सनातन हो सकता है। सांख्य, मीमांसा, वेदांत, बौद्ध, जैन दर्शन व्यक्त या अव्यक्त रूप में सृष्टि को सनातन मानते हैं। डार्विन के विकासवाद और स्टीफन हॉकिंग के बिग बैंग के पहले, (मसीहाई धर्मों को छोड़कर) सृष्टि को सभी सनातन मानते थे। सूर्य और चंद्र को भी सनातन मानते थे। 'यावत् चंद्रदिवाकरौ' का यही निहितार्थ था/है। जब और जहां धर्म शब्द अस्तित्व में आया तब और वहां किसी अन्य धर्म का प्रचलन नहीं था कि उसे कोई नाम देना पड़ता। वह बस धर्म था। धर्म माने ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः। जिसके द्वारा लोक या संसार को धारण किया जाता है, संसक्त रखा जाता है या जो लोक या संसार को धारण करता है, संसक्त रखता है वह धर्म है।

धर्म का यह अर्थ संसार या ब्रह्मांड के परिप्रेक्ष्य में है, जिसमें मनुष्य भी आता है। वेदों में धर्म से पहले ऋत शब्द का इस्तेमाल होता था, जो सत्य का पूरक था। ऋत माने उचित, सही, स्थिर और निश्चित नियम। बाद में ऋत की जगह धर्म का प्रयोग होने लगा, किंतु अर्थ वही उद्दिष्ट रहा। मनुष्य के विशेष संदर्भ में धर्म का अर्थ है आद्य गुण, कानून, नैतिक नियम। पद्मपुराण के अनुसार धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ, जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ न करो। इस तरह तीन पुरुषार्थों में धर्म, अर्थ और काम का तात्पर्य हुआ धर्मानुरूप (नैतिकता की सीमा में) अर्थ (जीविकोपर्जन) और धर्मानुरूप काम (दैहिक सांसारिक एषणाओं की पूर्ति)। वस्तुतः धर्म कोई स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं है, यह अर्थ और काम का नियामक है, इसलिए प्रथम है। इसका फलित है अनैतिकता और अति का निषेध।

संगीत लोकवार्ता


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संगीत (गायन-वादन नृत्य) की तीन धाराएं प्रवाहित हो रही हैं- एक को राज दरबार में प्रश्रय मिला था, इन्द्र के दरबार से लेकर विक्रमादित्य, समुद्रगुप्त, हर्षवर्धन, बंगाल के राजा लक्ष्मणसेन, देवगिरि के यादव-नरेश, अलाउद्दीन खिलजी, मेवाड़ के राणाकुंभा, मुगलदरबार, रीवा के राजा रामचंद, गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह, ग्वालियर दरबार मानसिंह तोमर और मुहम्मद शाह रंगीले तक। गोपालनायक, अमीरखुसरो, बैजूबाबरा, बख्शू, तानसेन, अदारंग, सदारंग दरबार के ही गायक तो हैं।

दरबारों में राग मालाओं का विकास हुआ। दूसरी धारा को आप अध्यात्म अथवा भक्ति की धारा कह सकते हैं। सामगान प्रकृति पूजा का गान है। गीतगोविंद के गायक जयदेव, पदावली के गायक विद्यापति, मध्यकालीन भक्ति-आंदोलन की वह धारा, जो स्वामी हरिदास, कुंभनदास, परमानंददास, सूरदास, गोविंद स्वामी आदि के स्वरों में स्फुरित हुई।

तीसरी धारा लोकजीवन में बहती रही है। राग आसावरी, बिहाग, मल्हार, काफी, मालकोस, बिलाबल, रामकली, भीमपलासी, दरबारी, कालिंगड़ा, मारूबिहाग, भैरव, भैरवी, तोड़ी, गूजरीतोड़ी आदि के स्रोत लोक में हैं,लेकिन इन तीन धाराओं में भिन्न-भिन्न युगों में संगीत की वे धाराएं भी अंतर्भुक्त होती रहीं, जो अन्य देशों से आने-वाले जनसमूहों और जातियों, परंपराओं के साथ भारत में आती रहीं, जैसे ईरानी-संगीत। पश्चिमी संगीत की धाराएं आज भी यहां आ रही हैं और यहां के संगीत में अंतर्भुक्त हो रही हैं। अमीर खुसरो इस अंतर्भुक्ति का एक बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है।

आस्तिकता और नास्तिकता

डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं।

अमर बलिदानी भगत सिंह सदैव नमन के योग्य हैं। वह आस्तिक थे या नास्तिक बहुधा भगत सिंह के लिए इस विषय में वाद-विवाद होते हुए अक्सर देखा जाता है। ऐसा विवाद संभवतः इसलिए होता है, क्योंकि उन्होंने जेल से एक लेख लिखा था- "मैं नास्तिक क्यों हूं"। ईश्वर के संबंध में विचार, उस पर विश्वास करना अथवा न करना, किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत विचार होते हैं या व्यक्तिगत विचार होने चाहिए। किसी व्यक्ति के सामाजिक रूप से अच्छा या बुरा व्यक्ति होने का उसके ईश्वर में विश्वास करने या न करने से कोई सीधा संबंध नहीं है। ईश्वर में विश्वास करने वाला कोई व्यक्ति सामाजिक रूप से अच्छा अथवा बुरा हो सकता है और इसी प्रकार उसमें विश्वास न करने वाला व्यक्ति भी।

किसी व्यक्ति का सामाजिक महत्व और उसकी सामाजिक महानता उसकी मानवता, देश और समाज के प्रति भावना और उसके इनके प्रति सार्वजनिक विचारों और कार्यों से निर्धारित होती है-उसके ईश्वर में विश्वास करने अथवा न करने से नहीं। इसलिए हमें किसी व्यक्ति की आस्तिकता अथवा नास्तिकता देखने को केवल इतना ही महत्व देना चाहिए। हमें इसे केवल उसके व्यक्तिगत विचारों के रूप में देखना चाहिए और इसे उसके सामाजिक रूप से अच्छे अथवा बुरे होने से नहीं जोड़ना चाहिए। किसी व्यक्ति की महानता अथवा लघुता दिखाने के लिए यह सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है कि वह आस्तिक अथवा नास्तिक था या है। क्या भगत सिंह के देश-प्रेम के विचारों पर इस बात से कोई अंतर पड़ता था कि वह ईश्वर पर विश्वास करते थे अथवा नहीं? वह उस पर विश्वास करते रहे हों अथवा नहीं, यदि उनके मन में देश-प्रेम की भावनाएं थीं तो क्या वास्तविक महत्व उनका ही नहीं है? समाज और देश के लिए क्या आस्तिक अथवा नास्तिक होने का महत्व है अथवा समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा करने की भावनाओं का? मैं ईश्वर पर विश्वास करता हूं अथवा नहीं, क्या इस बात का इस पर रत्ती भर भी कोई प्रभाव पड़ता है कि मैं एक अच्छा चिकित्सक हूं अथवा नहीं या मैं एक अच्छा इंसान हूं अथवा नहीं? वास्तविक महत्व किस बात का है? ईश्वर है अथवा नहीं, इसका महत्व वहां तो हो सकता है, जहां इस ब्रह्मांड के मूलभूत कारणों को देखने में इसकी आवश्यकता हो। यदि हमें यह सच्चा ज्ञान प्राप्त करना हो कि इस ब्रह्मांड की उत्पत्ति कैसे हुई - क्या इसे किसी अलौकिक शक्ति ने केवल अपनी इच्छा से पैदा किया है अथवा यह क्वांटम नियमों का उत्पाद है-वहां या इस प्रकार के अन्य प्रश्नों को हल करते समय, तो ईश्वर की अवधारणा का महत्व हो सकता है अन्यथा सार्वजनिक जीवन में इसका क्या महत्व है? हां, व्यक्ति अपने व्यक्तिगत जीवन में कैसे भी विश्वास रखने के लिए स्वतंत्र है बशर्ते उनका कोई बुरा प्रभाव समाज पर न पड़ रहा हो।

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं। अभी आस्तिकों द्वारा अपने विचारों से विपरीत विचार रखने वाले व्यक्तियों को एक अपशब्द और व्यंग्य के रूप में नास्तिक शब्द से संबोधित किया जाता है। वह किसी अलौकिक शक्ति में विश्वास न रखते हुए केवल इस संसार की बेहतरी चाहने वाले लोगों को, 'चार्वाक' जैसे शब्दों से भी संबोधित करते हैं। ऐसे लोग स्वयं से विपरीत विचार रखने वालों व्यक्तियों को हेय नजर से देखना तो बंद नहीं करेंगे, लेकिन उनके विचारों से सहमत न होने वाले लोग नास्तिक शब्द को एक गर्व के रूप में ले सकते हैं - जैसे गांधी जी ने जेल जाने को भय और घृणा के पर्याय से हटा कर देश-सेवा और गर्व का पर्याय बना दिया था। मनवता ने इस विषय में विभिन्न धारणाओं और विश्वासों में अंतर के कारण जितना रक्तपात देखा है, उतना संभवतः किसी अन्य अंतर के कारण नहीं। इतिहास साक्षी है कि इस विषय में अपने विश्वासों को लेकर समाज में कितने अन्याय, कितनी हत्याएं और कितने युद्ध हुए हैं, कितने धर्म-युद्ध, जेहाद और क्रूसेड्स हुए हैं। मैं तो यहां तक कहूंगा कि इस प्रकार के रक्तपात में जितना रक्त आस्तिकों ने बहाया है, उतना नास्तिकों ने नहीं। इसका कारण यह है कि आमतौर पर आस्तिक अपने विश्वासों के प्रति कट्टर होते हैं और वह दूसरों के भिन्न विचारों को सहन नहीं कर पाते हैं, जबकि आम तौर पर नास्तिक तर्कशील होते हैं। क्या तमाम बलि प्रथाओं के पीछे आस्तिक लोग ही नहीं थे? मैं जानता हूं कि मेरे इन विचारों पर अनेक असहमतियां आ सकती हैं। मेरा कहने का अर्थ केवल यह है कि क्या हम अपनी सोच एक व्यापक स्तर पर नहीं रख सकते हैं? क्या हम सार्वजनिक रूप से उन गुणों को अधिक महत्व नहीं दे सकते हैं, जो मानवता के हित में हों? क्या हम आस्तिकता और नास्तिकता जैसे विषयों को केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं कर सकते हैं? क्या हमें ऐसा नहीं करना चाहिए?

बैंक की एफडी में निवेश का समय

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन इसमें रोजगार पैदा करना एक बड़ी चुनौती भी है। सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक खर्च से ग्रोथ रेट को बल मिला है, लेकिन प्राइवेट इंवेस्टमेंट में कमी और बैंक डिपॉजिट में धीमी ग्रोथ से आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है। बैंक कर्ज तभी दे पाएंगे, जब उनके पास कर्ज बांटने जितना पैसा रखा हो, लेकिन डिपॉजिट की कमी और लोन बांटने के अनियंत्रित नियमों ने आर्थिक विकास को धीमा कर दिया है।

इन सबके बीच, घरों की बचत का निवेश शेयर मार्केट और पूंजी बाजार में बढ़ रहा है। समझने की जरूरत है कि ये पूरा घटनाक्रम भारत के आर्थिक विकास और अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित कर सकता है, लेकिन अभी भी सीनियर सिटीजन का रुझान बैंक एफडी की ओर ही है। एक मोटे अनुमान के अनुसार बैंक की एफडी में 43 प्रतिशत निवेश सीनियर सिटीजन का ही है, विगत कुछ वर्षों में देश के बैंकों ने एफडी की ब्याज दर बढ़ाकर आकर्षण पैदा किया है, किंतु हाल में यूएस में ब्याज दरें घटने का क्रम देखा जा रहा है ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में भारतीय बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा सकते हैं। एक्सपर्ट का मानना है कि जब बैंकों को फंड्स की जरूरत होती है तो बैंक ज्यादा ब्याज दरें ऑफर करते हैं, किंतु हो सकता है कि रिजर्व बैंक रेपो रेट कुछ कम कर दे तो ब्याज दरें कम भी हो सकती है।

इस समय यह दरें पीक पर है (कुछ बैंक 8 प्रतिशत तक दे रहे हैं) आने वाले त्योहारी सीजन के बाद इनके कम होने की संभावना लग रही है। ऐसे में यह सही समय होगा जब दो साल की एफडी में सुरक्षित निवेश किया जाए। खासकर वो लोग जो एफडी के ब्याज पर निर्भर है वो इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। आज भी लो रिस्क लो गेन,और हाई रिस्क हाई गेन को कहावत सही लगती है।

एक नजर

पेप्सिको की गीडा यूनिट का आज उद्घाटन करेंगे योगी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर में कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स के ग्लोबल ब्रांड पेप्सिको की गीडा यूनिट का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री रविवार को ही मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय, गोरखनाथ में नवनिर्मित चार कक्षों और एक बहुउद्देशीय सभागार का भी लोकार्पण करेंगे। इन कक्षों का निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने कराया है। साथ ही रविवार को गीता वाटिका में भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार की 132वीं जयंती पर महोत्सव में सम्मिलित होंगे। वह भाईजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही गीता वाटिका में श्रद्धांजन सभा को भी संबोधित करेंगे।

प्रदेश भर में अब तक 7634 कृषि सखियां प्रशिक्षित

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कृषि के क्षेत्र में एक अनूठी पहल "कृषि सखी" योजना के तहत 7,634 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कृषि सखियों का चयन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गांवों में गठित स्वयं सहायता समूहों से किया जा रहा है। बिजनौर जिले में सबसे अधिक 670 महिलाओं का प्रशिक्षण और सत्यापन पूरा हो चुका है। महिलाओं के चयन के लिए कुछ विशिष्ट मानदंड तय किए गए हैं, जिनमें उनकी आयु 21 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उन्हें कृषि कार्यों में रुचि और अनुभव होना चाहिए।

धमकी के बाद सपा सांसद ने उठाई अपनी सुरक्षा की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के घोसी लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव राय ने अपनी जान का खतरा बताते हुए कहा कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। बीते 20 सितम्बर 2024 को फोन पर पाकिस्तान के नंबर से धमकी मिली। मेरी शिकायत पर पुलिस संज्ञान नहीं ले रही है। राज्य सरकार से इस मामले की गंभीरता से जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग करता हूं। अपनी सुरक्षा की चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि मुझे 2017 से पहले वाई-श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी लेकिन भाजपा सरकार आते ही सुरक्षा हटा दी गई। उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री को भी पत्र लिखकर जानकारी दी है और मामले की जांच के लिए हर स्तर पर अपील करेंगे।

स्वच्छता पर हुई वीडियो व फिल्म प्रतियोगिता

अमृत विचार, लखनऊ : राजभवन में शनिवार को पर्यावरण व स्वच्छता पर आधारित वीडियो व फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजभवन में कर्मियों के बच्चे, उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन व उम्मीद संस्था के बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में 12 बच्चों ने पर्यावरण व स्वच्छता का संदेश देते लघु वीडियो फिल्मों को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता में उम्मीद संस्था से माही ने प्रथम, राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय से इकबाल ने द्वितीय व राजभवन में कार्यरत कार्मिक की पुत्री वृंदा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भाजपा के सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री योगी सबसे आगे

एके शर्मा दूसरे व ब्रजेश पाठक तीसरे स्थान पर, खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक व बिहार शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

1.5 करोड़ सदस्य बनाए उप्र ने पहले चरण में

23 दिनों में बने छह करोड़ सदस्य

भाजपा ने पहले चरण के 23 दिनों में करीब 6 करोड़ सदस्य बनाए हैं, हालांकि इसे अपेक्षा से कम माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक सदस्य बनाने में अव्वल स्थान पर है। तय किए गए राज्यवार लक्ष्य में असम भाजपा 85 फीसदी उपलब्धि के साथ प्रथम स्थान पर है। 75 फीसदी से अधिक लक्ष्य पूरा कर मध्यप्रदेश, गुजरात और त्रिपुरा दूसरे स्थान पर हैं। खराब प्रदर्शन वाले राज्यों की सूची में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और बिहार जैसे राज्यों का स्थान है। सदस्यता के मामले में देश के सभी महानगरों में दिल्ली अव्वल है। दूसरा चरण 2 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। बता दें कि पार्टी ने झारखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे चुनावी राज्यों को सदस्यता अभियान से दूर रखा है।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान के पहले चरण में सिरमौर रहे। दूसरे स्थान पर उर्जा मंत्री एके शर्मा के बाद सभी मंत्रियों और संगठन नेताओं से लेकर जनप्रतिनिधियों की खास धाक नहीं दिखी। 1.5 करोड़ सदस्य बनाकर संख्या के मामले में भी उप्र सबसे अव्वल रहा, मगर लक्ष्य पूर्ति 65 फीसदी ही है। 85 फीसदी लक्ष्य के साथ असम ने सभी प्रदेशों को पीछे छोड़ दिया है। राज्यों में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक व बिहार का प्रदर्शन खराब रहा।

देशभर में भाजपा ने दो सितंबर को प्रधानमंत्री को सदस्यता दिलाने के साथ अभियान का पहला चरण शुरू किया था। यह चरण 25 सितंबर को खत्म होने के बाद प्राप्त हुए आंकड़ों के अनुसार उप्र में भाजपा ने सर्वाधिक करीब 1.5 करोड़ सदस्य बनाए हैं। इसमें प्रदेश मुख्यालय आई 19 सितंबर तक की रिपोर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे अधिक 53 हजार 55 सदस्य बनाए हैं। उर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने 35 हजार 353, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 15 हजार 827, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने 12 हजार 208 और औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी 9 हजार 198 सदस्य बनाकर क्रमशः टॉप फाइव में शामिल हैं।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, सूर्य प्रताप शाही, लक्ष्मीकांत बाजपेयी, महेंद्रनाथ पांडेय और स्वतंत्र देव सिंह जैसे दिग्गज भी दो हजार का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं। 28 ऐसे मंत्री हैं, जो एक हजार भी सदस्य नहीं बना पाए। तमाम विधायक और सांसद तय लक्ष्य का 20 फीसदी भी सदस्य नहीं जोड़ पाए। भाजपा के प्रदेश सदस्यता प्रभारी व महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल कहते हैं कि नए आंकड़े ज्यादा हैं, इसकी जानकारी आते ही साझा की जाएगी।

एनडीए के घटक दल के रूप में रालोद कर रहा उपचुनाव की तैयारी : त्रिलोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ महिलाओं, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ली रालोद की सदस्यता

अमृत विचार : रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि रालोद एनडीए घटक दल के रूप में उपचुनाव की सभी दसों सीटों पर तैयारी कर रहा है।

राष्ट्रीय महासचिव शनिवार को पार्टी कार्यालय में संपन्न सदस्यता ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि सभी लोगों के आने से पार्टी को नई ताकत और ऊर्जा मिलेगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। इनमें व्यापारी नेता विजय श्रीवास्तव, शरद वार्ष्णेय, शिरीष चन्द्र श्रीवास्तव, विवेक चौधरी, विपिन सिंह, अभय गुप्ता, डॉ. विपिन पाठक, डॉ. अजय कुमार समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव राजीव रंजन के अथक प्रयासों से प्रतिनिधि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जावेद हुसैन, पूर्व प्रधान मो० शकील अहमद, पूर्व प्रधान मनोज कुमार पाल, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हरिओम दोहरे, क्षेत्र पंचायत सदस्य नफीस खान, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मो० असलम शामिल थे।

कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को रोज मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

माध्यमिक विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र में प्रोजेक्ट प्रवीण का होगा विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

90 मिनट होगी प्रशिक्षण की समयावधि

अमृत विचार : युवाओं को भविष्य संवारने के लिए छात्रों में छिपी प्रतिभा को उभारा जाएगा। इसके लिए विद्यालयों में चल रहे 'प्रोजेक्ट प्रवीण' कार्यक्रम अंतर्गत इस साल एक लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना को प्रदेश के चयनित माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा। योजना के तहत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को रोजाना 90 मिनट कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यह जानकारी व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शनिवार को दी, उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अंतर्गत छात्रों को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है। प्रोजेक्ट प्रवीण अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कपिल देव ने बताया कि अब तक 315 राजकीय विद्यालयों में 63 हजार से अधिक छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस प्रोजेक्ट प्रवीण से युवाओं को कौशल प्रदान करने के साथ ही उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा रहे हैं।

कौशल विकास मिशन निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि हर विद्यालय में अधिकतम दो अलग-अलग जॉब रोल का चयन किया जाएगा। हर बैच में 35 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण को भी प्रमुखता देते हुए बालिका विद्यालयों को प्राथमिकता दी जाएगी। महिला छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विद्यालय प्रशासन से समन्वय स्थापित किया जाएगा। विद्यालयों की समय सारिणी में बदलाव किए जाएंगे, ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रम बिना किसी बाधा के संचालित हो सके।

अवनीश अवस्थी से अमिताभ ठाकुर ने माफी मांगी

अमृत विचार, लखनऊ : आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर ने शनिवार को रिटायर्ड आईएएस व मुख्यमंत्री के प्रशासनिक सलाहकार अवनीश अवस्थी को अलग-अलग पत्र भेजकर उनके संबंध में की गई अपनी पोस्ट पर माफी मांग ली।

अवनीश अवस्थी ने अमिताभ ठाकुर व नूतन ठाकुर को भेजे अलग-अलग कानूनी नोटिस में कहा था कि उनका उस पोस्ट में अंकित प्रकरण से कोई संबंध नहीं है, जिसमें उनके संबंध में गलत व भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। इस पर अमिताभ व उनकी पत्नी ने अपनी पुरानी 'एक्स' पोस्ट को 'डिलीट' कर दिया, साथ हीनई पोस्ट के जरिये कहा कि वह पूर्व पोस्ट से उन्हें हुई पीड़ा के लिए सार्वजनिक तौर पर क्षमा मांगते हैं।

दोगुना से ज्यादा हुईं एमबीबीएस की सीटें

5,390 से बढ़ाकर 78 मेडिकल कॉलेजों में 11, 200 की गईं सीटें

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

बागपत, हाथरस और कासगंज में भी होगा मेडिकल कॉलेज

डीजीएमई ने बताया कि सोनभद्र के मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के लिए केंद्रीय मंत्री से दोबारा अपील की गई। अमेठी में मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन है। अगले साल, सत्र 2025-26 में 100 सीटों की लेटर ऑफ परमिशन प्राप्त करने के लिए एनएमसी, नई दिल्ली का पोर्टल खुलते ही आवेदन किया जाएगा। पीपीपी मोड अंतर्गत मऊ में कल्पनाथ राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज निर्माणाधीन है। इस कॉलेज में सत्र शुरू करने के लिए एनएमसी से लेटर ऑफ परमिशन की जरूरत पड़ रही है। पीपीपी मोड के वायबिलिटी गैप फंडिंग स्कीम के तहत बागपत, हाथरस व कासगंज में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए जल्द ही कैबिनेट के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा।

अमृत विचार : वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की योजना के तहत साढ़े सात सालों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 39 से 78 हो गई तो एमबीबीएस सीटों की संख्या 5,390 से बढ़कर 11 हजार 200 और पीजी की तीन हजार 781 सीटें हो चुकी हैं। अकेले सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 5,150 सीटें हो चुकी हैं।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 में प्रदेश के 14 सरकारी और 25 निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल पांच हजार 390 सीटें थीं। इनमें सरकारी कॉलेजों में पांच हजार 150 सरकारी सीटें और 6050 सीटें प्राइवेट कॉलेज की हैं। इसी तरह 2016 में पीजी की 1,344 सीटें थीं, जो कि बढ़कर तीन हजार 781 हो चुकी हैं। इनमें सरकारी कॉलेजों में 1,759 और निजी कॉलेजों की 2022 सीटें हैं। इस सत्र 2024-25 में राज्य के 12 नए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की कुल सीटों में 85 प्रतिशत सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग चल रही है। पहले चरण की काउंसिलिंग में अधिकांश सीटें भर चुकी हैं।

नीट यूजी काउंसिलिंग में 5 तक लेना होगा दाखिला

यूपी नीट यूजी की दूसरे चरण की काउंसिलिंग में एमबीबीएस व बीडीएस सीट आवंटित कर सूची जारी कर दी गई है। आवंटित सीट पर दाखिले की प्रक्रिया 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक पूरी की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा शनिवार को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

अयोध्या समेत 12 जिलों की गोचर भूमि कब्जा मुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि मुक्त कराई

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश के बाद गो-संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पशुपालन विभाग ने विशेष अभियान चलाकर अयोध्या के साथ-साथ 12 जिलों में कुल 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि को मुक्त कराया गया है।

वहीं, अन्य जिलों में भी तेजी से अभियान को आगे बढ़ाने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिये गये हैं। सबसे अधिक अयोध्या में 2 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जाधारियों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसे मुक्त कराया गया है। अयोध्या के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, कासगंज, बाराबंकी, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, श्रावस्ती, रामपुर, गाजीपुर और वाराणसी में कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री ने जिलों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामवार गोचर भूमि की सूची तैयार की जाए। बारिश के उपरांत गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का व्यापक अभियान चलाया जाए। इस भूमि को पशुपालन विभाग द्वारा उपयोग में लिया जाएगा।

भाजपा नहीं चाहती कोई भी चुनाव निष्पक्ष हो : अखिलेश यादव

अमृत विचार,लखनऊः सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा कोई भी चुनाव निष्पक्ष नहीं होने देना चाहती है। बेईमानी कर सभी पदों पर कब्जा करना चाहती है। इन दिनों गन्ना समितियों के चुनाव में भी भाजपा समर्थक अराजकता पर उतारू है।

सपा प्रमुख ने कहा कि लखीमपुर खीरी, बरेली, हापुड़, मेरठ, मुरादाबाद समेत अन्य जिलों में सत्ता संरक्षित भाजपाई बेईमानी और गुण्डई करके अपने राजनीतिक विरोधियों को परेशान कर रहे है। अधिकारियों पर दबाव बनाकर जबरदस्ती पर्चे खारिज करा रहे हैं। सत्ता के मद में चूर भाजपा प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग करके चुनावों को प्रभावित कर रही है।

एल्विश के मोबाइल के डाटा रिकवरी को भेजा रिमाइंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रेव पार्टी और संपत्ति से जुड़े मामले में मोबाइल का डाटा बनेगा अहम दस्तावेज

अमृत विचार: प्रवर्तन निदेशालय ने यू-ट्यूबर एल्विश यादव की जब्त हुई मोबाइल से डिलीट किए जा चुके डाटा की रिकवरी के लिए नोएडा स्थित लैब को रिमाइंडर भेजा है। ईडी अधिकारियों का मानना है कि डाटा एक अहम दस्तावेज साबित हो सकता है। ईडी ने जिन तीन मोबाइल के डाटा को रिकवरी के लिए भेजा है उनमें दो मोबाइल एल्विश के दोस्तों का भी है।

अधिकारियों के मुताबिक रेव पार्टी और एल्विश की संपत्ति से जुड़े अहम जानकारी मोबाइल से मिल सकती है। एल्विश के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद सपेरे राहुल को लेकर नोएडा पुलिस जब फरीदाबाद और फाजिलपुर पहुंची थी तो वहां पर तलाशी के दौरान एक रजिस्टर मिला था। रजिस्टर में 60 रेव पार्टियों का ब्योरा दर्ज था। रजिस्टर में नाम की जगह पुलिस के नंबर ही मिले थे।

जाहिर सी बात है उन नंबरों से चैटिंग जरूर हुई होगी। ऐसी स्थिति में डाटा रिकवर कराना जांच एजेंसी की प्राथमिकता है। अधिकारियों के मुताबिक एल्विश की जो संपत्तियां दर्ज हुई हैं, उसका आधार भी वह रजिस्टर ही बना था।

सार-संक्षेप

सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग के मुख्यालय में नहरों की सिल्ट सफाई को लेकर मुख्य अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक करते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

नहरों की सफाई में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : स्वतंत्र देव

अमृत विचार, लखनऊ : जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि नहरों की सफाई में लापरवाही होने पर दोषी अफसरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिल्ट सफाई के कार्य निर्धारित विभागीय मापदंड पर सुनिश्चित किए जाएं। जलशक्ति मंत्री शनिवार को सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग के मुख्यालय में नहरों के सिल्ट सफाई को लेकर मुख्य अभियंताओं के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नहरों से निकाली गई सिल्ट का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। नहर के आंतरिक भाग में सिल्ट न छोड़ी जाए, इसके लिए अवर अभियंता व सहायक अभियंता व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अखिलेश सचान, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन संदीप कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

बुरी संगति व नशा सेवन से दूर रहने का दिया संदेश

अमृत विचार,लखनऊ : 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत शनिवार को राजभवन में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक किया, जिसमें बुरी संगति व नशा सेवन से दूर रहने का संदेश दिया गया। छात्र-छात्राओं ने बुरी संगति व नशे की लत से मानसिक, शारीरिक व करियर को होने वाले नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति से युवाओं के भविष्य व स्वास्थ्य दोनों को दुष्प्रभावित करने वाली बुरी संगति व नशे से दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही, अच्छे परिवेश में रहकर स्वयं व समाज को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ पंकज एल जानी, परिसहाय राज्यपाल पुनीत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

सफाई अभियान में 5000 हजार स्कूलों ने किया सहयोग

अमृत विचार,लखनऊ : राज्य में 155 घण्टे के स्वच्छता अभियान के तीसरे दिन शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय द्वारा प्रदेश के लगभग 5000 स्कूलों, कालेजों व विश्वविद्यालयों में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता से स्वच्छता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने ''स्वच्छता शपथ'' लेकर इस कार्य में निरन्तर अपना योगदान देने का संकल्प लिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर 155 घंटे का नॉन स्टाफ सफाई अभियान में स्वच्छता के संकल्प को साकार किया जा रहा है। उक्त क्रम में शनिवार को निकायों में ''स्वच्छ स्कूल'' का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया।

कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई शहीद भगत सिंह की जयंती

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने अपने जीवन की आहुति देकर देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। वह भारत में ब्रिटिश शासन के मुखर आलोचक थे। उन्होंने चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। 23 मार्च 1931 को ब्रिटिश सरकार ने दो अन्य साथियों राजगुरु व सुखदेव के साथ उन्हें फांसी की सजा दी। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शहजाद आलम, विजय बहादुर, नितांत सिंह, राम बरन गौतम, डॉ श्याम गुप्ता, डॉ अमित राय, डॉ आदित्य मिश्रा, केडी शुक्ला, वसीउल्लाह आजाद, बदरे आलम आदि मौजूद रहे।

टांडा व हरदुआगंज समेत पांच इकाइयां ठप, बिजली संकट

अमृत विचार, लखनऊ : टांडा व हरदुआगंज समेत पांच इकाइयों के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। करीब तीन हजार मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की तीन इकाइयां और हरदुआगंज बिजलीघर की 250 मेगावाट व 105 मेगावाट की एक-एक इकाइयां ठप हो गई हैं। इकाइयों को चालू किए जाने के प्रयास जारी हैं। बिजली अभियंताओं ने तीन अक्टूबर तक इनके चालू होने की संभावना जताई है।

किशोरी को रात भर थाने में रोकने पर पुलिस को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: किशोरी को रातभर थाने में रोकने के मामले में न्यायपीठ बाल कल्याण समिति ने बस्ती के लालगंज थाने के एसएचओ और विवेचक को नोटिस जारी किया है। इस संबंध में पत्र पुलिस अधीक्षक बस्ती व थाने को भी भेजा गया है।

बताते चलें कि लालगंज थाना क्षेत्र के एक अभिभावक ने अपनी नाबालिग बेटी के घर से कहीं चले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने प्रयास करते हुए बालिका को बरामद कर अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने नाबालिग को सीडब्ल्यूसी के समक्ष 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करना था, लेकिन पुलिस ने नाबालिग को थाना परिसर में ही रात भर रोके रखा। दूसरे दिन न्याय पीठ के सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसका मेडिकल कराने का आदेश दिया गया। बालिका ने न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत होने के बाद मामले की पूरी जानकारी दी। न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉ. संतोष श्रीवास्तव व मंजू त्रिपाठी ने इसे बाल अधिनियम 2015 का उल्लंघन मानते हुए, थानाध्यक्ष व मामले के विवेचक से स्पष्टीकरण मांगा है।

825 कारतूसों के साथ दो गिरफ्तार

अमृत विचार , लखनऊ : राजकीय रेलवे पुलिस की ओर से चलाए जा रहे अभियान के दौरान शनिवार को बलिया जीआरपी को बड़ी सफलता हाथ लगी। जीआरपी ने रेलवे स्टेशन से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से 825 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इनमें रंजीत निवासी सरपतहा जौनपुर और राशिद निवासी सरपतहा जौनपुर शामिल हैं। बताते दें कि रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा को लेकर विगत दिनों डीजीपी प्रशांत कुमार सुरक्षात्मक अभियान चलाने का निर्देश दिया था। जिसके बाद एडीजी रेलवे प्रकाश डी. लगातार रेलवे सर्कुलेटिंग एरिया में सुरक्षात्मक अभियान चला रहे हैं।

भागदौड़ भरी जिन्दगी, अधूरी नींद दिल कर रही कमजोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हृदय रोगियों में तेजी से बढ़ रही युवाओं की संख्या

अमृत विचार : अपोलो मेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के इंटवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट (हृदयरोग विशेषज्ञ) कर्नल डॉ. अजय बहादुर ने बताया कि भागदौड़ भरी जिन्दगी, नशा और अधूरी नींद युवाओं का दिल को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि व्यायाम न करना, स्मोकिंग करने के खतरे के समान है। यही वजह है कि भारत के युवाओं में हृदयरोग का ग्राफ तेजी से उछला है।

विश्व हृदय दिवस के पूर्व शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अजय ने बताया कि अक्सर, युवाओं में हृदय की समस्याएं बिना किसी लक्षण के होती हैं। यह अचानक ही सामने आती है। खराब खानपान, शारीरिक गतिविधि की कमी, धूम्रपान, और तनाव दिल की बीमारियों का मुख्य कारण हैं। मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और हाई कोलेस्ट्रॉल दिल की बीमारियों को बढ़ावा देता है। कुछ लोगों में दिल की बीमारी का खतरा आनुवंशिक होता है। उन्होंने बताया की अगर हृदय रोगी से बचना है तो उचित आहार के साथ शारीरिक श्रम युक्त लाइफ स्टाइल अपनानी होगी।

हमारी खराब आदतें से दिल की बीमारी युवाओं में हो रहीं हैं

अमृत विचार, लखनऊ : मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नकुल सिन्हा ने बताया कि दिल की बढ़ती बीमारी की वजह हमारी खराब आदतें हैं। जैसे धूम्रपान और खराब खान-पान, जिनकी वजह से शुगर, ब्लड प्रेशर और ज्यादा कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां हो रही हैं। हार्ट हेल्थ फेयर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विजयंत देवराज (कार्डियक सर्जन) और डॉ. अंकुकेश्वर सिंह भी उपस्थित थे। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल में हार्ट हेल्थ फेयर संपन्न हुआ, जिसमें हृदय रोगों के बारे में प्रशिक्षित कया गया।

योजना

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़ समेत दिल्ली, गुरुग्राम तक होगी कनेक्टिविटी

नोएडा का बनेगा कॉम्प्रिहेंसिव रीजनल ट्रांसपोर्ट प्लान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार नोएडा समेत एनसीआर के समीप पड़ने वाले क्षेत्रों में कनेक्टिविटी सुधारने के लिए कॉम्प्रिहेंसिव रीजनल ट्रांसपोर्ट प्लान तैयार कराने जा रही है। इससे नोएडा, यीडा व ग्रेटर नोएडा के अतिरिक्त गाजियाबाद, दादरी, बुलंदशहर और हापुड़ को भी बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। वहीं, दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम व हरियाणा के प्रदेश से लगते इलाकों में व्यापक कनेक्टिविटी का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

पर्सनल रैपिड ट्रांजिट के लिए होगा अध्ययन

निर्माणाधीन फिल्म सिटी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच पर्सनल रैपिड ट्रांजिट के लिए अध्ययन की प्रक्रिया को भी परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (यीडा में इंटरचेंज) का विकास, एनएच-91 (एनएचएआई द्वारा) का प्रस्तावित विकास तथा खुर्जा और जेवर के बीच लिंक रोड के निर्माण का खाका भी नोएडा प्राधिकरण द्वारा बनाई जा रही 'कॉम्प्रिहेंसिव रीजनल ट्रांसपोर्ट प्लान' तैयार होगा। वहीं, क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस), लाइट रेल ट्रांजिट (एलआरटी), ऑर्बिटल रेल परियोजना, मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी), और क्षेत्र के भीतर विभिन्न लॉजिस्टिक्स परियोजनाओं को गति देने की प्रक्रिया का भी निर्धारण होगा।

परियोजना के अंतर्गत नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन (एईएल) से नॉलेज पार्क-II (ग्रेटर नोएडा) तक मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट डीएमआरसी द्वारा तैयार की जाएगी। इसके साथ ही, नॉलेज पार्क-II से नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक मेट्रो कॉरिडोर के लिए डीपीआर तैयार की जाएगी। वहीं, हाईस्पीड रेल लिंक के विकास और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल पर इसके स्टॉप के लिए अध्ययन की प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा।

कार्य को पूरा करने के लिए प्राधिकरण द्वारा सलाहकारों की टीम का चयन किया जाएगा। इस कॉम्प्रिहेंसिव प्लान को भारत सरकार की आवास व शहरी मंत्रालय के गाइडलाइंस के अनुरूप तैयार किया जाएगा। सभी अर्बन सेंटर्स में आर्थिक विकास व निवेश के अवसर तलाशने और जरूरतों को देखते हुए परिवहन सेवाओं के विकास को लेकर स्ट्रेटेजी तैयार की जाएगी।

मेदांता अस्पताल छात्रों को बना रहा हृदय स्वास्थ्य राजदूत

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार : मेदांता हॉस्पिटल द्वारा स्कूली छात्रों को हृदय राजदूत के रूप में सेवा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हृदय का उपयोग करें थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में आवश्यक जीवन रक्षक सीपीआर प्रशिक्षण और हृदय स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई। जिससे आपात स्थितियों में युवाओं को प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए तैयार किया गया।

यह जानकारी शनिवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.आर के सरन ने हॉस्पिटल सभागार में दी, उन्होंने कहा कि हृदयाघात(हार्ट अटैक) पड़ने पर इमरजेंसी में सही प्रतिक्रिया में देरी होती है। यह हृदय राजदूत जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि दिल के दौरे के शुरुआती घंटों में, कार्डियक अरेस्ट हो सकता है। स्कूलों में संपन्न कार्यशाला में युवाओं को स्वस्थ हृदय के लिए आहार और व्यायाम के बारे में शिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला राजधानी के कुनस्कापस्कोलन, दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) शहीद पथ और एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के साथ सहयोग किया गया। छात्रों ने सीपीआर प्रशिक्षण और हृदय स्वास्थ्य शिक्षा में भाग लिया।

एक नजर

ओडिशा में बस पलटने से बलरामपुर के दो श्रद्धालुओं की मौत, नौ घायल

गौरा चौराहा, बलरामपुर : ओडिशा के बालासोर जिले के जलेश्वर थाना क्षेत्र में तीर्थयात्रियों से भरी बस पलट गयी। हादसे में जिले के दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने सीएम ऑफिस को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। सीएम कार्यालय और बलरामपुर प्रशासन ओडिशा प्रशासन से संपर्क कर हरसंभव सहायता पहुंचाने में लगा है। बस उड़ीसा के विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा करके लौट रही थी।

उन्नाव में पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश घायल

उन्नाव, अमृत विचार : बीघापुर कोतवाली अंतर्गत एक सप्ताह पूर्व बैंक से रुपये निकालकर घर लौट रहे किसान को रास्ते में बदमाशों ने लूट लिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। शनिवार भोर पहर गश्त के दौरान पुलिस का बदमाशों से आमना–सामना हो गया। इस मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाशों के पैर में गोली लगी और एक मौके से भाग निकला। पूछताछ में बदमाशों ने लूट की घटना को स्वीकार किया है। पुलिस तीसरे साथी की तलाश कर रही है। घायल बदमाशों को सीएचसी बीघापुर में भर्ती कराया गया है। एएसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की है।

ट्रेनों पर पत्थरबाजी, कालिंदी घटना में 25 लोगों को उठाया

कानपुर, अमृत विचार : दिल्ली, हावड़ा, मुंबई व फर्रुखाबाद रूटों की ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं के चलते जीआरपी व आरपीएफ ने गश्त में 25 अपराधियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जीआरपी प्रभारी ओमनारायण सिंह ने आरपीएफ पनकी सतेंद्र यादव, आरपीएफ अनवरगंज ओमप्रकाश, आरपीएफ सेंट्रल बीपी सिंह और आरपीएफ क्राइम ब्रांच अजीत तिवारी के साथ गश्त करके सूचीबद्ध 25 अपराधियों को पकड़ा।

राम भारत के आदर्श व सबके मन में: अपर्णा

अशोक सिंहल की 98वीं जयंती पर कारसेवकपुरम में आयोजित कार्यक्रम में हुईं शामिल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अशोक सिंहल फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद व भगवान महावीर विकलांग कल्याण सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में अशोक सिंहल की 98वीं जयंती के अवसर पर कारसेवक पुरम में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के आयोजन के दूसरे दिन इंदौर के जगद्गुरु माधवाचार्य, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत और महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव भी शामिल हुईं। सभी ने अशोक सिंहल को श्रद्धांजलि दी। अशोक सिंहल के न्यासी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री

कृत्रिम अंग वितरण समारोह में चंपत राय ने अपर्णा यादव का सम्मान किया।

चंपत राय ने सम्पूर्ण कैंप का दौरा कर दिव्यांगों से हल चल पूछा और सांत्वना दी।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि कारसेवक पुरम में जिस प्रकार से दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और सहायता प्रदान किया जा रहा है। मैं उसकी सराहना करता हूं। राम जन्मभूमि का संघर्ष लेकर अब तक जिस तरीके से अशोक सिंघल की भूमिका रही है उसे हम भुला नहीं सकते हैं। वहीं स्व. मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि पावन धरती आकर बहुत अच्छा लगता है। राम भारत के आदर्श हैं। राम सबके मन में हैं। कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। यह सब कारसेवकों की प्रेरणा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से ही हो सका है। शिविर के व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने बताया कि कुल 750 पंजीकरण प्राप्त हुए थे, जिसमें भारी बारिश के बावजूद शिविर में 55 दिव्यांगो को अंग प्रदान किए गए। 65 लोगों की आंखों की एवं रक्त की जांच की गई तथा चश्मे वितरित किए गए।

सियार ने श्रमिक पर किया हमला

जरवल, बहराइच, अमृत विचार: जिले के चिलवा गांव में निर्माणाधीन पानी टंकी में काम करने वाले श्रमिक पर शनिवार सुबह एक सियार ने हमला कर घायल कर दिया। इससे नाराज लोगों ने सियार को पीटकर मार डाला। सूचना वन विभाग को दी गई। उधर नेवादा गांव में भी लोगों ने सियार को मार डाला।

जिले में भेड़िया की दहशत में लोग सियार की जान ले रहे हैं। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के चिलवा गांव में पानी टंकी का निर्माण हो रहा है। इसमें क्षेत्र के अंगदपुर बदायूं गांव निवासी मैनेजर प्रसाद (32) पुत्र राजा चंद्र श्रमिक का काम करता है। शनिवार को वह काम करने जा रहा था। तभी खेत से निकले सियार ने हमला कर उसे घायल कर दिया।

हरदोई में भोजन के बाद सात छात्राएं हुईं बीमार

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने दोपहर का खाना खाया और खाना खाते ही उनका जी मिचलाने लगा, साथ ही उल्टियां होने लगीं। एक साथ 7 छात्राओं की तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में छात्राओं को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

बीईओ साण्डी सीमा गौतम ने बताया कि खाने से नहीं बल्कि मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते छात्राओं की तबीयत बिगड़ी है। मामले की जानकारी होते ही डीएम मंगला प्रसाद सिंह विद्यालय पहुंचे और छात्राओं के खान-पान को परखा। साथ ही बीमार छात्राओं का हाल-चाल लिया। उन्होंने कहा मामले की जांच कराई जाएगी। शनिवार को छात्राओं ने पूड़ी के साथ अचार खाया था। छात्रा चांदनी पुत्री लालाराम, सोनाली पुत्री प्रदीप, कविता पुत्री शिशुपाल, करिश्मा पुत्री धर्मवीर समेत कक्षा आठ की चार और कक्षा सात की तीन छात्राओं की हालत को देखते हुए उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। इधर, घटना की जानकारी होते ही मौके पर अफरातफरी मच गयी।

कन्नौज जेल से रिहा होते ही नीलू यादव फरार

देर शाम पहुंचा परवाना, हफ्ते भर पहले हो गई थी जमानत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी सपा नेता नवाब सिंह यादव का भाई नीलू यादव भी सह आरोपी है। तीन दिन पहले मारपीट के मामले में जमानत मिलने के बाद नीलू की रिहाई का परवाना शुक्रवार को देर शाम जिला जेल पहुंचा। इधर, कोतवाली पुलिस दुष्कर्म प्रकरण के तीनों आरोपियों पर गैंगस्टर लगाने में दो घंटे लेट हो गई और उधर जेल से रिहा होते ही नीलू फरार हो गया। अब पुलिस गैंगस्टर में उसकी गिरफ्तारी के लिये परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर दबाव बनाने का प्रयास कर रही है।

किशोरी से दुष्कर्म के मामले में नवाब के भाई नीलू यादव पर साक्ष्य छिपाने, पीड़िता के बयान बदलवाने व मेडिकल कराने से रोकने के नाम पर रुपये का प्रलोभन उसकी बुआ को देने व जांच प्रभावित करने के आरोप लगे। इस पर पुलिस ने सह आरोपी बनाया। यहां तक कि गिरफ्तारी के लिए 25 हजार का इनाम घोषित किया। तमाम कोशिशों के बाद भी वह पुलिस के हाथ नहीं आया और फिर नाटकीय ढंग से न्यायालय में समर्पण कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने उसे व बुआ को रिमांड पर लेकर पूछताछ की औपचारिकता पूरी की। 20 सितंबर को नीलू को दुष्कर्म वाले मामले में जमानत मिल गई लेकिन रिहाई नहीं हो सकी। कारण यह कि पुलिस ने मारपीट के एक अन्य मामले में वारंट जेल में ही तामील करा दिया था। इस मामले में भी आरोपी को मंगलवार को जमानत मिल गई लेकिन जमानतगीरों का सत्यापन न होने से रिहाई नहीं हो सकी थी। पुलिस प्रयास कर रही थी कि नीलू के जेल से छूटने से पहले गैंगस्टर की कार्रवाई कर वहीं रोक दिया जाये। पुलिस के मंसूबों पर पानी फिर गया जब गैंगस्टर की कार्रवाई में दो घंटे लेट हो गई। इधर, कोर्ट से रिहाई का परवाना जेल पहुंच गया और नीलू को रिहा कर दिया गया।

हनुमानजी की अष्टधातु की खंडित मूर्ति बरामद

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार: जनपद के क्राइम ब्रांच की स्वॉट और रौनाही थाना पुलिस टीम ने हनुमान जी की एक खंडित मूर्ति के साथ बाइक सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद मूर्ति को अष्टधातु की और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 50 लाख रुपये बताई है। मूर्ति तस्कर गिरोह का सरगना पुलिस के हाथ नहीं लगा है। एसपी देहात बलवंत चौधरी ने बताया मूर्ति को बिक्री के लिए लखनऊ ले जाने वाले थे। पुलिस टीम ने लखनऊ हाईवे पर फैजाबाद से लखनऊ की ओर जा रहे एक बाइक पर सवार तीन लोगों को जांच के लिए रोका तो उन्होंने भागने की कोशिश की। इसी में बाइक फिसल गई। इस पर पुलिस ने कृष्णा कुमार (25) आदर्श उपाध्याय (22) तथा मनीष कुमार (25) निवासी बेलघरा, गदोरहवा थाना तारुन को पकड़ लिया।

राहुल को किसी अच्छे अस्पताल भेजें सोनिया : विनय कटियार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से एक विवादित बयान के बाद यहां राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद विनय कटियार ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव को लेकर बड़ी बात कही है।

उन्होंने कहा दोनों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, सोनिया गांधी को चाहिए राहुल को अच्छे अस्पताल भेज दें। उन्होंने कहा है कि अगर वह नहीं भेज पा रही तो हमको बताएं। वहीं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के द्वारा मठाधीश पर की गई टिप्पणी को लेकर कहा कि उनके पिता जी ने कुछ सिखाया नहीं है। वह भी मानसिक रूप से बीमार हैं। इसके अलावा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि राहुल गांधी को अब राम मंदिर की याद आ रही है। 22 जनवरी को आम जनता उत्सव मना रही थी कोई मंदिर ऐसा नहीं था जहां उत्सव का माहौल न रहा हो जहां प्रसाद ना बन रहा हो। पूरा देश राममय था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उस दिन इस उत्सव को देखते तो शायद उन्हें समझ में आता, लेकिन उन्होंने मुंह मोड़ लिया। उन्होंने कहा कि जिस दिन वह भारतीय संस्कृति को जान जाएंगे उसके बाद संस्कार वान हो जाएंगे। स्व. मुलायम सिंह यादव की छोटी पुत्रवधू महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अच्छे से नहीं देखा है। उद्योगपति क्या देश का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मंदिर निर्माण करने वाले लोगों पर फूलों की वर्षा किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के घर में तीन-तीन प्रधानमंत्री हुए कोई एक व्यक्ति बता दें जिन्होंने सेवकों के पाव धुले हों।

पुलिस से मुठभेड़ में गांजा तस्कर गिरफ्तार

कानपुर, अमृत विचार: गांजा तस्करी विवाद में फायरिंग और बमबाजी की घटना के बाद हरकत में आई चकेरी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 149 देशी बम, तमंचा व कारतूस के साथ 2 गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तस्करों ने भागने के दौरान पुलिस टीम पर बम से हमला किया। उनका एक साथी फरार हो गया। 18 सितंबर को काजीखेड़ा में गांजा तस्कर अंकित तुत्तल और काशी सोनकर ने काजीखेड़ा में अन्नी और बउवा से विवाद के बाद फायरिंग कर बम चलाए थे। इससे इलाके में दहशत फैल गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उस समय बमबाजी के बजाए पटाखा छुड़ाने की बात कही थी। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि 27 सितंबर की देर रात पुलिस टीम ने एचएएल से टटियन झनाका मोड़ के पास दो आरोपियों को घेरकर दबोच लिया।

स्ट्रेचर नहीं मिला तो पत्नी को गोद में लेकर अस्पताल पहुंचा पति

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार: जिले के मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्था एक बार फिर खुलकर सामने आई है। शुक्रवार को इलाज के लिए आए एक युवक को स्ट्रेचर नहीं मिला तो उसने अपनी बीमार पत्नी को गोद में उठाकर अस्पताल के भीतर ले जाना पड़ा। पत्नी को गोद में उठाए पति की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस वीडियो को अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए सरकार को घेरा है। शुक्रवार को सीतारामपुर ग्रांट गांव के रहने वाले घनश्याम पत्नी मुइदा को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे। उन्होंने अस्पतालकर्मियों से स्ट्रेचर मांगा लेकिन उन्हें नहीं दिया गया। इस पर वह अपनी बीमार पत्नी को गोद में उठाकर अस्पताल के भीतर ले गए और उनका इलाज कराया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह जलभराव के बीच से गुजरता दिखाई दे रहा है। मेडिकल कालेज कर्मियों की इस लापरवाही पर लोग तरह तरह के सवाल उठा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस

पत्नी को गोद में लेकर जाता उसका पति।

वीडियो को अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। अखिलेश यादव ने मेडिकल कॉलेज को जलमग्न अस्पताल की संज्ञा दी है और भाजपा सरकार को कुशासन के उदाहरण की पोथी बताया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने ने इस वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पूरे मामले के जांच के आदेश दिए हैं।

राम मंदिर में द्वितीय तल पर डाली जा रही छत

अयोध्या : राम मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने द्वितीय तल के निर्माण कार्य की कुछ तस्वीरें जारी की हैं। द्वितीय तल पर छत डालने का कार्य किया जा रहा है।

स्पर्धा में भाग लेने वाले छात्र सम्मानित

लखनऊ, अमृत विचार: पीएम मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए शनिवार को योगेश्वर ऋषिकुल इंटर कॉलेज मेहंदीगंज में विकसित भारत 2047 पर संवाद/निबंध व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य लालजी निर्मल, पश्चिम विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य डॉ.

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

गजेंद्र मिश्रा, महानगर सदस्यता अभियान के सह संयोजक विजय कुमार भुर्जी, महिला मोर्चा महानगर महामंत्री अर्चना साहू, मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा (राजन), पार्षद अनूप कमल सक्सेना, आशीष तिवारी, संतोष कौशल व उमा साहू आदि मौजूद रहीं।

वर्ग पहेली-206

बाएं से दाएं

1.1. पुष्ठा 2. ढोल पर मढ़ा जाने वाला चमड़ा।

3.1. चित्तवृत्तियों का निरोध और इन्हें सांसारिकता से विमुख कर अंतर्मुखी करने की एक जटिल भारतीय साधना पद्धति 2. नाथ पंथियों में योग का एक प्रकार जिसमें कुंडलिनी जागरण कराकर 'सहस्रारचक्र' तक ले जाया जाता है। उक्त योग में कठिन आसन मुद्राओं का विधान है।

5. मृतक संबंधी एक कृत्य जो किसी की मृत्यु के छह महीने बाद किया जाता है, छमासी।

8.1. बहुत दूर या समुद्र पार का देश, पराया देश, विदेश 2. पिछली सदी में भारतीय जन सामान्य द्वारा इंग्लैंड के लिए प्रयुक्त नाम।

ऊपर से नीचे

2. अलग करने वाला, पृथक करने वाला।

4. सूर्यकांत मणि।

6. ऊँचे पहाड़ों की एक लता, निसोथ।

7.1. रेती (औज़ार) से रगड़कर काटना 2. चिकना करना 3. रेतने वाले औज़ार की धार से रगड़ना।

1		■	■	2	■
■	■	3			
4	■	■	■		■
5		6			■
	■		■	■	7
	■	8			
	■		■	■	

वर्ग पहेली -205 का हल

■	■	1 नि	2 गो	ड़ी	■
■	3 द	■	पी	■	4 ति
■	नु	■	चं	■	र
■	5 ज	6 ल	द	■	मि
7 चु	■	8 प	न	9 भ	रा
10 क	रें	सी	■	र	■
ना	■	■	11 चौ	त	नी

सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		4		2			3	
3		9		5		1		7
		6					8	
9	3				1		2	4
	8						6	
2	6		7				5	9
	9					5		
1		8		3		2		6
	7			8		4		

सुडोकू - 118 का हल

2	8	6	3	9	7	4	5	1
5	4	7	1	8	6	3	2	9
9	1	3	5	2	4	6	8	7
8	9	5	4	7	3	2	1	6
6	7	2	8	1	9	5	3	4
4	3	1	2	6	5	9	7	8
3	5	9	7	4	1	8	6	2
1	6	8	9	3	2	7	4	5
7	2	4	6	5	8	1	9	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 16.47 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग

शु. 7 बु. चं. 5 4
8 के. सू. 6
9 3 मं.
12 रा.
10 2 गु.
श. 11 1

दिशाशूल–पश्चिम। **ऋतु**–शरद।

चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र– मघा पूर्ण रात्रि तक।

मेष – आज यदि नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्र रहना होगा। दूसरों की गलतियां गिनाने के बजाय सही सलाह देकर समझाने का प्रयास करें। प्रेम विवाह में कुछ बाधाएं आ सकती हैं।

वृष – आज नए लोगों के साथ संपर्क प्रगाढ़ होंगे। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं वरना समस्या हो सकती है। वैवाहिक जीवन में किसी कारण को लेकर तनाव को सकता है।

मिथुन – आज घर के कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। आप लोगों के मन के विचारों को समझ लेते हैं, जिसके कारण लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कुछ महत्वपूर्ण और साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

कर्क – आज आपको आराम पर्याप्त मात्रा में करना चाहिए। हृदय रोगियों को परेशानी हो सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ कड़ाई से पेश आ सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूरा करने का दबाव रहेगा।

सिंह – आज व्यवसाय में आपको बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। निजी रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। नए रचनात्मक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। परिवार को आप पर्याप्त समय देंगे। आर्थिक मामलों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है।

कन्या – आज मानसिक तनाव आपको परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। बदलता मौसम आपको सर्दी-जुकाम से पीड़ित कर सकता है। परिवार के लोगों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। धन की कमी का सामना करना पड़ेगा।

तुला – आज आपके लिए दिन बहुत ही शुभ है। आय के नए स्रोत विकसित होने के योग बन रहे हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन लोगों के लिए अनुकरणीय रहेगा। आपकी तार्किक क्षमता आपको सभी जगह सफलता प्रदान करने में मदद करेगी।

वृश्चिक – आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। पैतृक संपदा में वृद्धि होगी। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में नए कर्मचारियों की नियुक्ति करने का विचार बनाएंगे। सीनियर्स आपसे काफी प्रभावित रहेंगे।

धनु – आज सहयोगियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। काम का दबाव कम होगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में लाभ कमाने के नए मौके खोज लेंगे।

मकर – आज आप स्वयं को काफी समय देंगे। चलते कार्यों में अचानक विघ्न आ सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भावनाओं में आने के कारण काम बिगड़ सकते हैं। फिलहाल आपका समय ठीक नहीं है, इसीलिए लोगों से सलाह न लें।

कुंभ – आज लोक कल्याण के कार्यों में आप रुचि लेंगे। सरकारी कार्य समय से पूर्ण हो जाएंगे। दिनचर्या काफी व्यवस्थित और संतुलित रहेगी। एकांत में बैठकर आत्मविश्लेषण कर सकते हैं। व्यापार में कमजोर पहलुओं को दूर करने में सफलता मिलेगी।

मीन – आज गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। मित्रों के साथ आपके संबंध और प्रगाढ़ होंगे। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। कार्यक्षेत्र की बिगड़ी हुई स्थितियां आपके नियंत्रण में आ जाएंगी।

आज की फिल्में

B4U Movies
पृथ्वी – सुबह : 09.25
बच्चन पांडे – रात : 07.20

&pictures
आचार्य – सुबह : 09.45
खिलाड़ी 786 – शाम : 05.28

Sony Pix
जॉम्बीलैंड – रात : 09.43
सैन एंड्रियास – रात : 09.00

Zee Cinema
राधे – सुबह : 09.15
स्कंदा – रात : 08.00

Zee Action
देवी – सुबह : 10.26
हॉलीडे – रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी एक्शन पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी– लड़कों का कॉमनसेंस बिल्कुल जीरो होता है।
पति– कैसे?
बीवी– अब देखो ना जेंटस टॉयलेट में लिख कर आएंगे शालू आई लव यू। अब क्या शालू वहां पढ़ने जाएगी?

पत्नी– तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति–72 फीसदी मेरी जान...
पत्नी –100 फीसदी क्यों नहीं करते हो?
पति– पगली, लग्जरी चीजों पर 28 फीसदी जीएसटी भी तो लगता है न।

एक नजर

स्मैक तैयार कर रहे पिता-पुत्र को पुलिस ने दबोचा

बदायूं। अपने घेर में स्मैक तैयार कर रहे पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 400 ग्राम स्मैक के अलावा इसे तैयार करने वाला अन्य सामान और कैमिकल बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम को 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्मैक और अन्य सामान की कीमत लगभग 1.20 करोड़ रुपये आंकी गई है। थाना अलापुर के गांव नैथू में स्मैक बनाने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने पुलिस बल के साथ छापा मारा। अपने घेर में स्मैक तैयार करते जाने आलम पुत्र अफसर खां और उसके बेटे खुर्शीद आलम को पकड़ लिया।

भोजीपुरा में तीन युवकों को भीड़ ने खंभे से बांधकर पीटा

बरेली/भोजीपुरा। थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव बिलवा के पास गालीगलौज कर छह युवक विरोध करने पर ग्रामीणों से भिड़ गए और तमंचा दिखाकर डराया। इस पर नाराज ग्रामीणों ने तीन युवकों की खंभे से बांधकर पिटाई की। पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लिया है लेकिन दो मौके से भाग गए। चारों युवक उत्तराखंड के रुद्रपुर के रहने हैं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरकारी भूमि को अपना बताकर हड़पे दस लाख रुपये

रुद्रपुर। कोतवाली इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति को सरकारी भूमि को अपना बताकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शांति विहार कॉलोनी निवासी परमजीत सिंह ने बताया कि वह प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का कारोबार करता है और परिवार की आजीविका चलाता है। बताया कि मई 2024 में उसकी मुलाकात पहाड़गंज वार्ड-चार निवासी कांता प्रसाद गंगवार उर्फ केपी गंगवार से हुई।

समान पदों पर कार्यरत कर्मियों को मिलें समान अवसर : हाईकोर्ट

कहा, पदोन्नति के नियमों को उदारतापूर्वक लागू किया जाना चाहिए

विधि संवाददाता प्रयागराज

अमृत विचार: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पदोन्नति के एक मामले पर विचार करते हुए कहा कि जिस उम्मीदवार के पास अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता है, वह अन्य सभी मानदंडों को पूरा करने पर पदोन्नति का हकदार है। यह मायने नहीं रखता है कि यह मानदंड सेवा से पहले पूरे किए गए थे या सेवा के दौरान पूरे किए गए। पदोन्नति के नियमों को उदारतापूर्वक लागू किया जाना चाहिए, जिससे कर्मचारियों में ठहराव न आए और उनका मनोबल बढ़े।

कोर्ट ने यह माना कि समान पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति के समान अवसर दिए जाने चाहिए। कोर्ट ने मौजूदा मामले में विपक्षी के तर्क का खंडन करते हुए कहा कि स्टोरकीपर के पद का नियमों में उल्लेख न होने के कारण याची को पदोन्नति के लिए अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। समान या एक ही कैडर में आने वाले कर्मचारियों को सेवा में अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए समान अवसर दिए जाने चाहिए। राजकुमार की याचिका को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने विपक्षियों को याची की पदोन्नति के संबंध में उचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया। दरअसल याची स्टोरकीपर ग्रेड-1 के पद पर कार्यरत है। जूनियर इंजीनियर के पद पर पदोन्नति के लिए उसका आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि उपरोक्त पद के लिए उपलब्ध 5% कोटा केवल ड्राफ्ट्समैन/ ड्रेसर/ क्लर्क/प्रयोगशाला सहायकों की श्रेणी में आने वाले कर्मचारियों द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है, जिनके पास इंजीनियरिंग में आवश्यक डिप्लोमा है और जिन्होंने 5 साल की नियमित सेवा पूरी कर ली है। याची के पदोन्नति के अनुरोध को इस आधार पर भी खारिज किया गया कि उसने सेवा में प्रवेश करने से पहले अपना डिप्लोमा हासिल कर लिया था। अस्वीकृति आदेश को चुनौती देते हुए याची ने तर्क दिया कि किसी उम्मीदवार को सेवा अवधि के दौरान या उससे पहले अपेक्षित योग्यता हासिल कर लेने पर अयोग्य घोषित करना हाई कोर्ट द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के विपरीत है। याची ने आगे तर्क दिया कि स्टोरकीपर का पद ग्रुप-सी कर्मचारियों की श्रेणी में आता है, इसलिए उसकी पदोन्नति के आवेदन पर विचार किया जाना चाहिए। याची की नियुक्ति की परिस्थितियों की जांच करते हुए कोर्ट ने माना कि उम्मीदवार को नियमों के अनुसार आवश्यक शैक्षिक मानदंड पूरा करना चाहिए। याची के पास अपेक्षित मानदंड है और उसने नियमों के तहत आवश्यक अवधि तक सेवा की है। अतः वह जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल) के पद पर पदोन्नति के लिए पात्र है।

तलाक की कार्यवाही में किसी तीसरे को पक्षकार बनने की अनुमति नहीं

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने तलाक के एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि तलाक की कार्यवाही केवल विवाह के पक्षकारों के बीच होती है। कोई तीसरा व्यक्ति हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 (बी) के तहत कार्यवाही में पक्षकार बनने की मांग नहीं कर सकता है। वैवाहिक विवाद केवल उस जोड़े के बीच का विवाद ही रहता है, जो अपने वैवाहिक रिश्ते में मुश्किलें महसूस कर रहा हो। अन्य सभी व्यक्ति विवाद से बाहर माने जाएंगे। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने श्रीमती कृति गोयल की प्रथम अपील पर विचार करते हुए पारित किया, जिसमें प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, अलीगढ़ के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें विपक्षियों को पक्षकार बनाने की अनुमति दी गई थी। दरअसल मामले में कुछ विपक्षी पक्षकारों (पति-पत्नी) के लेनदार हैं। पक्षकारों के तलाक से उन्हें पैसे मिलने थे, इसलिए उन्हें लगा कि पक्षकारों के बीच अलगाव से उनके अधिकारों पर असर पड़ेगा। अंत में कोर्ट ने पाया कि भले ही तलाक से पक्षकारों के कुछ नागरिक अधिकार बदल सकते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आपसी सहमति से तलाक की कार्यवाही में किसी तीसरे पक्ष को पक्षकार बनने की अनुमति दी जाए।

बरेली डीएम आवास के सामने कार की टक्कर से ई-रिक्शा बच्ची पर पलटा

हादसे में बच्ची की मौत, बदहवास मां शव को सीने से चिपकाकर भटकती रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कार और ई-रिक्शा चालक फरार, पांच दिन पहले घर से बच्ची के साथ निकली थी मां

अमृत विचार : जिलाधिकारी आवास के सामने शनिवार सुबह मां के साथ जा रही तीन वर्षीय बच्ची पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया और बच्ची की मौत हो गई। बदहवास मां बच्ची को गोद से चिपकाए इधर-उधर भटकती रही। कार और ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गए।

सहारनपुर जिले के थाना मंडी के बंजारन मोहल्ले की रहने वाली मिस्बाह जदी मानसिक रूप से कमजोर हैं। उसका देहरादून में इलाज चल रहा है। वह अपनी तीन साल की बच्ची आरिस्फा के साथ घर से 24 सितंबर को लापता हो गई थीं। परिजनों ने दोनों की मंडी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मिस्बाह शनिवार सुबह बरेली जंक्शन की तरफ बच्ची के साथ पैदल जा रही थीं। जिलाधिकारी आवास के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटकर बच्ची के ऊपर गिर गया और बच्ची की मौत हो गई। इसके बाद मां बच्ची के शव को सीने से चिपकाकर इधर-उधर भटकने लगी। वहां मौजूद लोगों ने देखा तो उसे रोका और पुलिस को सूचना दी। पुलिस बच्ची को अस्पताल लेकर गई लेकिन उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी।

थाना प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि महिला मानसिक रूप से कमजोर है। वह अपना और पति के नाम के अलावा जिला और थाने का पता नहीं बता पा रही थी। स्थानीय पुलिस के जरिए महिला की पहचान की गई और परिजनों को सूचित किया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और घटनास्थल के आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है।

स्क्वाड्रन लीडर के घर से लाखों के जेवर चोरी

बरेली। एयरफोर्स परिसर में स्क्वाड्रन लीडर के आवास से लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए गए। स्क्वाड्रन लीडर ने थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने अपने आवास पर काम करने वाले छह युवकों पर चोरी का शक जताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एयरफोर्स परिसर में शांतिवन-6 निवासी नेहा सिंह ने थाना इज्जतनगर में तहरीर दी कि वह वायुसेना में स्क्वाड्रन लीडर के पद पर हैं। 13 सितंबर से 20 सितंबर के बीच उनके आवास से चोरों ने 70 हजार रुपये की दो सोने की चेन, 36 हजार रुपये का एक गोल्ड डायमंड लॉकेट, आठ हजार रुपये का एक सोने का लॉकेट, 40 हजार रुपये के सोने के कुंडल, 50 हजार रुपये के डायमंड जड़ित सोने के ईयररिंग और आठ हजार रुपये का सोने के कुंडल चोरी कर लिए।

टनकपुर चम्पावत हाईवे पर स्वाला के पास मार्ग खोलने के लिए रात में भी हो रहा काम। ● अमृत विचार

एनएच बंद होने से महंगा हुआ खाने-पीने का सामान

टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग 12 से बाधित, मरम्मत कार्य के चलते किया बंद

संवाददाता, टनकपुर

- 24 सितंबर से छोटे और बड़े वाहनों की मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह बंद

अमृत विचार : टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग के स्वाला के पास मार्ग ठीक न होने से यह मार्ग 12 सितंबर से बाधित है। प्रशासन के निर्देश पर मार्ग की मरम्मत के कारण इस मार्ग पर 24 सितंबर से छोटे और बड़े सभी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है। इससे जहां यात्रियों को अधिक दूरी तय कर दोगुना किराया देकर टनकपुर से चम्पावत, लोहाघाट और पिथौरागढ़ का सफर तय करना पड़ रहा है। वहीं पहाड़ों में सब्जी और खाद्यान्न के दामों में भी काफी बढ़ोतरी हो गई है। यहां रोड न खुलने से इसका खामियाजा पहाड़ के लोगों और पर्वतीय और मैदानी क्षेत्र को आने-जाने वाले यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

इधर जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे द्वारा एनएच के मुख्य अभियंता दयानंद अधीक्षण अभियंता अनिल पांगती, अधिशासी अभियंता आशुतोष कुमार सहित कार्य कर रही कंपनी एचएमबीएस टेक्सटाइल के प्रोजेक्ट डारेक्टर रितेश गुप्ता व अन्य अधिकारियों के साथ स्वाला में बन्द मार्ग को खोले जाने के लिए किए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान स्वाला किलोमीटर 106-300 में बनाए जा रहे रैम्प निर्माण व एंकरिंग कार्य की प्रगति की जानकारी डीएम द्वारा अधिकारियों से ली गई। डीएम ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्रता से कार्य करते हुए मार्ग को खोला जाए। एनएच के मुख्य अभियंता ने बताया कि उक्त स्थान पर रैम्प निर्माण एवं एंकरिंग निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। मौसम एवं परिस्थितियां अनुकूल होने पर शीघ्र ही एनएच मार्ग हल्के वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। विभाग द्वारा मार्ग को खोले जाने के लिए तस्तपरता से कार्य कराए जा रहे हैं, मौसम ठीक होने पर रात्रि में भी कार्य कराया जा रहा है। इधर स्वाला में मार्ग खुलने में आ रही दिक्कत के कारण इस समय पहाड़ और मैदानी क्षेत्र को आने जाने वाले यात्रियों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

कई यात्री टनकपुर से सुखीढांग मार्ग से होकर रीठा साहिब पहुंच रहे हैं। कई यात्री टनकपुर हल्द्वानी वाया देवीधुरा लोहाघाट होकर चम्पावत व पिथौरागढ़ पहुंच रहे हैं। इससे जहां यात्रियों को लंबी यात्रा करनी पड़ रही है वहीं प्राइवेट वाहनों द्वारा मनमाना किराया भी लिया जा रहा है।

रास्ता पूछने पर युवकों की पिटाई, पीएसी भी तैनात

संवाददाता, क्योलड़िया (बरेली)

अमृत विचार: क्योलड़िया के केलाडांडी में विवादित मस्जिद की दीवार गिराने के मामले में शनिवार को रास्ता पूछने पर एक समुदाय के कुछ युवकों की पिटाई से माहौल फिर गर्मा गया। पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत किया। गांव में अभी तनाव की स्थिति को देखते हुए तीन थानों की फोर्स के साथ पीएसी तैनात की गई है। पुलिस-प्रशासन के अफसरों ने गांव में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था परखी।

गांव केलाडांडी में शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे एक समुदाय के लोग दूसरे गांव में नमाज पढ़ने गए थे। इसी बीच कुछ लोगों ने हथौड़ों से प्रहार कर विवादित मस्जिद की दीवार को तोड़ दिया। इससे गांव में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। क्षेत्रीय विधायक डॉ. एमपी आर्य समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। विधायक ग्रामीणों के साथ दो घंटे तक धरने पर बैठे। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे दूसरे समुदाय के कुछ युवक गांव पहुंचे और लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों से विवादित मस्जिद का रास्ता पूछा तो फिर विवाद हो गया। आरोप है कि दूसरे समुदाय के युवकों की लोगों ने पिटाई कर दी। पिटाई से आहत लोग मस्जिद न नहीं गए और न ही थाने में तहरीर दी। एसडीएम नवाबगंज अजय उपाध्याय, सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी, नायब तहसीलदार अरविंद शर्मा, कानूनगो विश्राम सिंह, लेखपाल योगेश कुमार गांव में नजर बनाए हैं। थाना प्रभारी परमेश्वरी ने बताया कि किसी की पिटाई का कोई मामला सामने नहीं आया है और न ही किसी ने कोई तहरीर दी है।

नैनी झील में बिना लाइफ जैकेट नौकायन करते पर्यटक। ● अमृत विचार

नाव चालकों को कल तक लाइफ जैकेट उपलब्ध कराएं : जिलाधिकारी

अमृत विचार : नैनीताल। नैनीताल में पालिका की ओर से बीते लंबे समय से नाव चालकों को नई जैकेट नहीं मिलने से नाव चालकों में नाराजगी है। पुरानी व फटी जैकेट होने के चलते पर्यटक बिना लाइफ जैकेट के ही नौकायन कर रहे हैं। जिससे पर्यटकों की जान को खतरा है। जिसको देखते हुए डीएम ने पालिका के अधिकारियों व नाव मालिक संघ के साथ बैठक कर पालिका को 30 सितंबर तक लाइफ जैकेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि पालिका की ओर से नाव चालकों से लाइफ जैकेट का शुल्क जमा करा कर लाइफ जैकेट उपलब्ध कराई जाती हैं। लेकिन बीते लगभग तीन सालों से नाव चालकों को लाइफ जैकेट नहीं मिली हैं। फटी, पुरानी व बदबूदार जैकेट पहनने से पर्यटक भी मना करते हैं। जिसके चलते लंबे समय से झील में पर्यटक बिना लाइफ जैकेट नौकायन कर रहे हैं। कई पर्यटक बिना लाइफ जैकेट बीच झील नाव में खड़े होकर फोटो खिंचाते हुए मस्ती कर हादसों को दावत दे रहे हैं। डीएम वंदना सिंह ने नाव चालकों व पालिका अधिकारियों के साथ बैठक कर लाइफ जैकेट न मिलने की वजह जानी।

पूर्णागिरि में 2 अक्टूबर तक व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश

अमृत विचार : टनकपुर। तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्र शुरू होने जा रहे हैं लेकिन अभी तक पूर्णागिरि क्षेत्र में पेयजल व अन्य व्यवस्थाएं नहीं सुधरी हैं। नवरात्र में भारी संख्या में श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को पहुंचते हैं। इस संबंध में डीएम नवनीत पांडेय ने चम्पावत में बैठक लेकर दो अक्टूबर तक पूर्णागिरि क्षेत्र की व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में तय हुआ की रात्रि 8 बजे से सुबह 5 बजे तक ठुलीगाड़ भैरव मंदिर मार्ग में छोटे वाहनों का संचालन नहीं होगा। जबकि इस मार्ग में बड़े वाहन संचालित नहीं होंगे। इसके अतिरिक्त ककराली गेट से ठुलीगाड़ तक परिवहन व्यवस्था के संबंध में पुलिस और एआरटीओ विभाग को व्यवस्थित ढंग से यात्रा संपन्न कराने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने बाटनागाड़ में दोनों और जेसीबी मशीन तैनात करने तथा परिक्रमण पथ में आपदा के दौरान जो भी रेलिंग क्षतिग्रस्त हुई है उन्हें 2 अक्टूबर से पूर्व ही ठीक करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। बूम से लेकर मुख्य मंदिर तक सड़क किनारे खराब पड़ी विद्युत स्ट्रीट लाइटें को ठीक करने के निर्देश दिए।

जीएसटी दफ्तर पर व्यापारियों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दो दिन पूर्व पकड़ी गई आतिशबाजी सामग्री को नहीं छोड़ने और कोई सही जानकारी न देने को लेकर शनिवार को आईआईए के पदाधिकारी और व्यापार संगठन के पदाधिकारी भड़क गए। नाराज लोगों ने जीएसटी दफ्तर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने जीएसटी के अधिकारियों को खूब खरी-खरी सुनाई। करीब दो घंटे तक हंगामा चलने से अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। एडिशनल कमिश्नर जीएसटी के आश्वासन के बाद व्यापारी माने। इसके बाद मामला शांत हो सका।

> लखनऊ कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर सचल दल ने जांच के लिए गाड़ी रोकी थी। दस्तावेज की जांच की जा रही है। जांच में निष्कर्षों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> –एचपी राव दीक्षित, एडिशनल कमिश्नर जीएसटी ग्रेड 2

रजऊ में विक्रांत की अंबे स्टोर के नाम से दुकान है। गुरुवार शाम चार व्यापारियों की आतिशबाजी सामग्री गाड़ी में भरकर शाहाबाद को जा रही थी। व्यापारी विक्रांत का आरोप है कि गाड़ी के निकलते ही कुछ दूरी पर जीएसटी सचल दल के ज्वाइंट कमिश्नर अवधेश सिंह ने टीम के साथ पहुंचकर रोक लिया। आरोप है कि चेकिंग के नाम पर ड्राइवर केशव गुप्ता से दस्तावेज कब्जे में ले लिए। मोबाइल छीन लिया। आरोप है कि विरोध करने और वजह पूछने पर उसके साथ मारपीट और धक्का मुक्की की गई। चालक को गाड़ी के साथ वीआई बाजार स्थित जीएसटी दफ्तर लाया गया, जहां पर पूछताछ के बाद चालक को तो छोड़ दिया गया, मगर गाड़ी और उसमें रखी आतिशबाजी सामग्री नहीं छोड़ी। विक्रांत के अनुसार मामले की जानकारी होने के बाद उन्होंने ज्वाइंट कमिश्नर अवधेश सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया। मोबाइल पर कॉल की, लेकिन कोई सही जवाब नहीं मिला।

पाकिस्तान को हिन्दुस्तान में करें शामिल : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार: ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश को हिन्दुस्तान में शामिल करने की बात कही है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का समर्थन किया है। मौलाना शहाबुद्दीन ने शनिवार को दिए बयान में कहा है कि इस समय जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वहां चुनावी भाषण में कहा था कि सिंध के बगैर हिंद पूरा नहीं है। चुनाव जीतने के बाद पीओके पर हमारा कब्जा होगा।

पांच करोड़ रुपये की ठगी का सरगना दिल्ली से गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

- नैनीताल कारोबारी से की थी 65 लाख की ठगी
- कुमाऊं साइबर क्राइम थाना पुलिस को मिली सफलता

अमृत विचार: कुमाऊं साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच करोड़ से अधिक की साइबर ठगी के सरगना को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। सरगना पर नैनीताल के एक कारोबारी को ऑनलाइन शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 65 लाख रुपये हड़प लिए थे।

साइबर थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि अगस्त माह 2024 को नैनीताल के रहने वाले एक कारोबारी ने मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि उसके व्हाटसअप ग्रुप पर बारक्लेश सिल सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड का मैसेज आया। इसमें चैटिंग करने वाले ने ऑनलाइन ट्रेडिंग से जोड़ा और उसके बाद ऑनलाइन शेयर मार्केट का प्रलोभन देकर बैंक के कई खातों से 64.59 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। जब खाते में मुनाफा मांगा तो मोबाइल व संपर्क करना बंद कर दिया।

ठगी के आरोपी के साथ साइबर क्राइम थाना पुलिस की टीम।

मामले की जांच कर रही टीम ने तत्काल सुरागरसी व साइबर तकनीकी के आधार पर 27 सितंबर को बिजवासन, साउथ वेस्ट, नई दिल्ली में दबिश देकर ठगी के मुख्य आरोपी बलवीर सिंह नेगी निवासी ग्राम नैल थाना गैरसैंण (चमोली) को गिरफ्तार कर लिया। इसके कब्जे से कई फर्जी दस्तावेज बरामद किए। साथ ही खातों की पड़ताल की गई तो पाया कि सात माह में आरोपी के खातों में ढाई करोड़ और अब तक कई प्रदेशों में हुई धोखाधड़ी में पांच करोड़ से अधिक की साइबर ठगी की गई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मुख्यमंत्री ने की प्रवासी उत्तराखंड प्रकोष्ठ की वेबसाइट लांच

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के प्रवासियों ने देश-दुनिया में अपने कार्यों के बल पर अलग पहचान बनाई है। देश-दुनिया में रहने वाले उत्तराखंड वासियों से हमारा संपर्क रहना चाहिए। अपनी मातृभूमि से सबका जुड़ाव होता है। राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तराखंड के प्रवासियों का राज्य के विकास के लिए सहयोग लिया जाए और उन्हें अपनी मातृभूमि से जुड़ाव के लिए उन्हें हरसंभव सहयोग किया जाए।

प्रवासियों को राज्य सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों की जानकारी हेतु मुख्यमंत्री ने शनिवार को सचिवालय में प्रवासी उत्तराखण्ड प्रकोष्ठ की वेबसाइट www.pravasiuttarakhandi.uk.gov.in लांच की। प्रवासी उत्तराखण्ड प्रकोष्ठ की वेबसाइट आइटीडीए के माध्यम से तैयार की गई है। मुख्यमंत्री ने प्रवासी उत्तराखंड दिवस पर अधिकारियों को 7 नवम्बर को देहरादून में देश के विभिन्न प्रदेशों में रह रहे प्रवासियों को आमंत्रित कर भव्य सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विदेशों में रह रहे प्रवासी उत्तराखंडियों को भी आमंत्रित कर राज्य में शीघ्र एक बड़ा सम्मेलन आयोजित करने को कहा।

वेबसाइट लांच करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- 7 नवंबर को देहरादून में होगा प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन

मुख्यमंत्री ने विदेशों में रह रहे सभी प्रवासी उत्तराखंडियों का डाटाबेस अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विदेश भ्रमण के दौरान हमारे प्रवासी भाई-बहनों द्वारा जिस तरह भव्य रूप से स्वागत किया जाता है, इससे उनका अपनी पैतृक भूमि से लगाव और अपनी संस्कृति से जुड़ाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंडी प्रवासियों तक राज्य सरकार की पहुंच बनाने और उन्हें मातृ भूमि के साथ जोड़ने, राज्य के विकास में उनकी विशेषज्ञता, अनुभव एवं वित्तीय क्षमताओं का लाभ लिए जाने के उद्देश्य से राज्य में प्रवासी उत्तराखंड प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। वेबसाइट में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय एवं उनकी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिंक भी दिए गए हैं।

मुख्य सचिव रतूड़ी को 31 मार्च तक मिला सेवा विस्तार

देहरादून, अमृत विचार : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का कार्यकाल बढ़ गया है। उन्हें छह माह का सेवा विस्तार दिया गया है। अब उनका कार्यकाल 31 मार्च तक का रहेगा।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का छह माह का कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा था। सियासी हलकों से लेकर सत्ता गलियारों में रतूड़ी को फिर सेवा विस्तार देने की चर्चाएं पहले से ही थी। शनिवार को उन्हें एक अक्टूबर से 31 मार्च 2025 तक का सेवा विस्तार दे दिया गया। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज राज्यपाल से भी मुलाकात की। 1988 बैच की आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी अपनी सेवानिवृत्ति से दो माह पूर्व 31 जनवरी 2024 को मुख्य सचिव बनीं थीं। दो महीने का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें प्रदेश सरकार ने छह महीने का सेवा विस्तार दे दिया था।

अब बेफ्रिक होकर सीमांत में ड्यूटी करेंगे जवान: डीजीपी

संवाददाता, रुद्रपुर

- फैमिली क्वार्टर के साथ विभाग रखेगा अन्य सुविधाओं का ख्याल, कुछ हद तक ही निभाई जाएगी मित्र पुलिस की अवधारणा

अमृत विचार: प्रदेश के अति दुर्गम सीमांत इलाकों में तैनात पुलिस जवानों को अब अपनी फैमिली की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। कारण डीजीपी अभिनव कुमार ने अपने कार्यकाल में सीमांत इलाकों में अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले जवानों के लिए फैमिली क्वार्टर बनाने का निर्णय लिया है। आश्वासन दिया कि मकान मुहैया होने के बाद हर सुख-दुख का ख्याल पुलिस विभाग रखेगा। उन्होंने कहा कि इसकी रूपरेखा भी तैयार हो चुकी है।

शनिवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में जनसंवाद के बाद प्रेस वार्ता में डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि उनका प्रयास है कि उनके कार्यकाल में हरिद्वार, देहरादून, हल्द्वानी और रुद्रपुर में आर्मी व्यवस्था के तहत फैमिली क्वार्टर बनाए जाएं। जिसमें सिर्फ उन जवानों के परिवार रहेंगे जिनके मुखिया पर्वतीय या फिर तराई व भाबर के सीमांत एवं अति दुर्गम इलाकों में ड्यूटी दे रहे हैं। फैमिली क्वार्टर में जवानों के बच्चों को पढ़ाई, खरीददारी के अलावा स्वास्थ्य व्यवस्था भी मुहैया होगी। ताकि बेफ्रिक होकर जवान अपनी ड्यूटी कर सकें। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मित्र पुलिस की अवधारणा को बदलने की आवश्यकता है। अब पुलिस का ध्येय रहेगा कि बाहरी पर्यटक या फिर साधारण प्रदेश वासियों से मित्रतापूर्वक व्यवहार किया जाएगा।

एक नजर

शिवपुरी में गड्ढे के पानी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में पानी से भरे गड्ढे में गिरकर तीन चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कोलारस थाना क्षेत्र के ग्राम निबोदा में दोपहर में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से नीरज (8), संजय (6) और वीरु बंजारा (4) की मौत हो गई। यह बच्चे दोपहर स्कूल से पढ़कर लौट रहे थे।

बिहार में नदियों का जलस्तर बढ़ा, हालात चिंताजनक

पटना। बिहार में वाल्मीकि नगर एवं बीरपुर बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ का संकट गहराने से गंडक, कोसी, बागमती, महानंदा एवं अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। बाढ़ से प्रदेश के 13 जिलों की 1.41 लाख आबादी प्रभावित हुई है। राज्य जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष मल्ल ने बताया कि शनिवार अपराह्न दो बजे तक कोसी नदी पर बने बीरपुर बैराज से 5.31 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो 56 वर्षों में सबसे अधिक है।

सोशल मीडिया पोस्ट पर झड़प के बाद नौ हिरासत में

भुवनेश्वर/भद्रक। ओडिशा सरकार ने आपत्तिजनक पोस्ट पर प्रदर्शन के दौरान लोगों के समूह द्वारा पुलिस पर पथराव करने के बाद भद्रक जिले में इंटरनेट सेवा शनिवार को दो दिन के लिए बंद कर दी। लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए आपत्तिजनक पोस्ट के आरोप में युवक की शिकायत की थी,लेकिन पुलिस की कार्रवाई में देर पर शुक्रवार को रैली निकाली थी। पुलिस ने रैली रोका तो लोगों ने पथराव किया जिसमें एसपी समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए और भद्रक तहसीलदार का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पुलिस ने मामले में नौ लोगों को हिरासत में लिया।

हिमाचल में बारिश से 27 सड़कें अवरुद्ध

शिमला। हिमाचल में बारिश से 27 सड़कों पर यातायात अवरुद्ध हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में कहीं कहीं बारिश हुई। नैना देवी में 84.2 मिमी, रायपुर मैदान में 51.2 मिमी, ओलिंडा में 28.6 मिमी और ऊना में 23.4 मिमी में बारिश हुई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार कांगड़ा में 10 सड़कें, मंडी और सिरमौर में सात-सात, कुल्लू में दो और शिमला में एक सड़क पर यातायात बंद है।

पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलने से कोर्ट का इनकार

पोर्ट ब्लेयर। कलकत्ता हाईकोर्ट की पोर्ट ब्लेयर सर्किट पीठ ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी का नाम बदलने के सरकार के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। कहा कि यह कार्यपालिका का विशेषाधिकार है। केंद्र ने 13 सितंबर को इसका नाम श्री विजयपुरम कर दिया था।

दुश्मन को घर में घुसकर मारता है नया भारत

जम्मू में बोले मोदी -हमने गोली का जवाब गोले से दिया, कश्मीरियों को भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की आस

जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 सितंबर 2016 में की गई सीमापार सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि आतंक के आका जानते हैं कि यदि वे कुछ गलत करेंगे तो मोदी उन्हें पाताल से भी ढूंढ़ निकालेगा। कहा कि इस दिन भारत ने दुनिया को संदेश दिया था कि यह नया भारत है और यह घर में घुसकर मारता है। मोदी ने यहां शनिवार को एमएएम स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को निशाने पर रखा। इन दलों को संविधान का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग शांति और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भ्रष्टाचार, आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्त सरकार की आस लगाए हुए हैं।

मोदी ने रैली में दावा किया कि भाजपा के प्रति लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। जम्मू-कश्मीर के लोग तीन परिवारों-कांग्रेस, एनसी और पीडीपी को वापस नहीं चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे नौकरियों में भ्रष्टाचार एवं भेदभाव, आतंकवाद, अलगाववाद एवं रक्तपात नहीं चाहते हैं। इसके बजाय वे शांति और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य चाहते हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पीढ़ियों के नुकसान के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदार पार्टी है। आजादी के समय से ही पार्टी की गलत नीतियों ने विरोधी ताकतों का हौसला बढ़ाया। भाजपा सरकार ने आतंक के आकाओं के दिमाग को ठिकाने पर लाने के लिए गोलियों का जवाब मोर्टार गोलों से दिया। 28 सितंबर 2016 में हमने दुनिया को संदेश दिया था कि नया भारत घर में घुसकर मारता है।

कांग्रेस पर अर्बन नक्सलियों का प्रभाव

मोदी ने आरोप लगाया कि यह वही कांग्रेस है जिसने यह सोचकर सशस्त्र बलों से झूठ बोला कि 'वन रैंक, वन पेंशन' सरकारी खजाने पर बोझ होगा। कांग्रेस पर 'अर्बन नक्सलियों' के प्रभाव में होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बाहर से घुसपैठिए आते हैं, तो उन्हें अच्छा लगता है, क्योंकि वे उन्हें वोट बैंक के रूप में देखते हैं। लेकिन हमारे अपने लोगों की समस्याओं के लिए वे चुटकुले सुनाते हैं।

कांग्रेस-नेकां, पीडीपी संविधान की दुश्मन

मोदी ने कहा कि कांग्रेस, नेकां और पीडीपी संविधान की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। उन्होंने इन दलों पर विभिन्न वर्गों के लोगों को मताधिकार से वंचित कर आंबेडकर के संविधान की भावना की गला घोंटने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा ने संविधान का सम्मान किया और पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों, गोरखाओं और वाल्मीकि को मतदान का अधिकार दिया।

वाईएसआरसीपी के नेताओं ने अनुष्ठान कर किया प्रायश्चित

लड्डू विवाद

अमरावती। वाईएसआरसीपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को क्षमायाचना अनुष्ठान किया और कहा कि इसके जरिए उन्होंने तिरुपति लड्डुओं की पवित्रता पर सवाल उठाकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा किए पाप का प्रायश्चित किया। नायडू ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल की बैठक में आरोप लगाया था कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डू बनाने में घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया। इन आरोपों से हिंदू भावनाएं आहत हुईं और देशभर में जनाक्रोश भड़क गया। इस जनाक्रोश के बाद जगनमोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि नायडू लड्डुओं के बारे में सरासर झूठ बोल रहे हैं।

राहुल की राममंदिर में नाच-गाना टिप्पणी पर भड़की भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- गांधी ने हरियाणा में कहा कि प्राण प्रतिष्ठा में कोई दलित नहीं था शामिल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नाच गाना की टिप्पणी पर शनिवार को भाजपा ने आड़े हाथ लिया। सत्तारूढ़ दल ने उन्हें अव्वल दर्जे का झूठा करार दिया।

भाजपा की यह प्रतिक्रिया गांधी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आई है। वीडियो में राहुल गांधी को यह कहते सुना जा सकता है कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में अमिताभ बच्चन, अंबानी और अडाणी आमंत्रित लेकिन किसी गरीब, मजदूर या किसान को नहीं बुलाया गया। कांग्रेस नेता ने गुरुवार को हरियाणा के बरवाला में चुनावी सभा में कहा कि वहां नाच-गान हो रहा था। यही कारण है कि भाजपा अयोध्या लोकसभा सीट हार गई। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर राम मंदिर का बार-बार अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण में शामिल श्रमिकों को प्रधानमंत्री ने सम्मानित किया।

विहिप ने की अयोध्या पर टिप्पणी की निंदा

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पर की टिप्पणी की निंदा की। विहिप के संयुक्त महासचिव सुरेन्द्र जैन ने कहा कि राहुल गांधी झूठों के सरदार हैं। वह देश की संस्कृति, हिंदू धर्म और समाज का अपमान करने का मौका नहीं छोड़ते। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि उन्हें हिंदुत्वफोबिया का इलाज कराने की जरूरत है।

भाजपा ने विकास के नए आयाम किए स्थापित

फरीदाबाद, एजेंसी

- फरीदाबाद पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर साधा निशाना

हरियाणा विस चुनाव में भाजपा के प्रचार के लिए फरीदाबाद पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल पहले राज्य में कांग्रेस के शासन के दौरान खनन, वन और भू माफिया सक्रिय थे, लेकिन भाजपा की सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए।

योगी ने फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा स्थित डबुआ मंडी में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि देश के विभाजन और आतंकवाद की जिम्मेदार कांग्रेस है। योगी ने अतीत में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में रुकावटें पैदा करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि रामलला की जन्मभूमि के लिए हिंदुओं ने 76 बड़ी लड़ाइयां लड़ी। लाखों हिंदू, सिखों ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए बलिदान दिया, लेकिन कांग्रेस ने विवाद खड़ा करवाकर राम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस जिस विवाद का समाधान 65 साल में नहीं करवा पाई, उसे प्रधानमंत्री ने समाप्त कर दिया।

योगी ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस कभी अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवा पाती? उन्होंने आरोप लगाया कि देश के विभाजन से लेकर आतंकवाद की समस्या तक जितनी भी समस्याएं हैं, वह कांग्रेस ने ही दी है। योगी ने कांग्रेस पर योजनाओं में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कि भाजपा का मतलब बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं से सभी को लाभान्वित करना है।

चुराचांदपुर व कांगपोकपी में बंदी, जिरीबाम में फिर हिंसा

इंफाल। मणिपुर के चुराचांदपुर व कांगपोकपी जिलों में कुकी-जो समूहों के बंद के आह्वान से शनिवार को जनजीवन प्रभावित रहा। वहीं जिरीबाम के गांव से हिंसा की खबर भी है।

दोनों जिलों में बंद शुक्रवार को शुरू हुआ और रविवार तक जारी रहेगा। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के बयान के विरोध में इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम और कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन सहित कुकी-जो समूहों ने बंद का आह्वान किया है। सुरक्षा सलाहकार ने 20 सितंबर को दावा किया था कि उग्रवादी इंफाल के बाहरी गांवों में हिंसा कर सकते हैं। राज्य सरकार ने इस पर कहा था कि सशस्त्र समूहों द्वारा दुस्साहस न्यूनतम और निराधार है। पुलिस ने बताया कि जिरीबाम जिले के गांव में हथियारबंद लोगों ने पहाड़ियों और आसपास के जंगलों से मोंगबुंग गांव पर गोलीबारी की, जिस स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की।

रिचार्ज के पैसे न देने पर कर दी पिता की हत्या

जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में मोबाइल रिचार्ज के लिए पैसे न देने पर पुत्र ने कुल्हाड़ी के पासा से पिता पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई सौतेली मां को भी पीटा। हमले से घायल पिता की मौत हो गई। आरोपी को हिरासत मे लिया है। पत्थलगांव थाना क्षेत्र के छुरीपहरी गांव में सैनाथ तिर्की बेटे रंजित और दूसरी पत्नी सुमाती के साथ रहता था। रंजित ने मजदूरी कर पैसे कमाए थे और पिता को रखने के लिए दिया था। बेटे ने रिचार्ज के लिए पिता से रुपये मांगे। पैसे न होने पर दोनों में विवाद हुआ, जिसके बाद घटना घटी।

एमसीडी की असंवैधानिक चुनाव के खिलाफ जाएंगे कोर्ट : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर शनिवार को लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया और दावा किया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति में एक सदस्य का चुनाव गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक था। आतिशी ने कहा कि आप शुक्रवार को हुए चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। भाजपा ने एमसीडी की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। आतिशी ने भाजपा को एमसीडी को भंग कराने और यह देखने के लिए चुनावों में आप का मुकाबला करने की चुनौती दी कि लोग नगर निगम में किस पार्टी को चाहते हैं।

लेप्टोस्पायरोसिस से भगवंत मान पीड़ित

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के शनिवार को जीवाणु संक्रमण लेप्टोस्पायरोसिस से पीड़ित होने का पता चला। डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें एंटीबायोटिक दी जा रही हैं। आप नेता को बुधवार को नियमित जांच के लिए फोर्टिस अस्पताल मोहाली में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अनुसार, मुख्यमंत्री के अस्पताल में भर्ती होने के समय ट्रॉपिकल बुखार का संदेह था और उनके रक्त के परीक्षण में लेप्टोस्पायरोसिस से पीड़ित होने की पुष्टि हुई।

मुंबई में आतंकी हमले का खतरा अलर्ट पर सुरक्षाबल

मुंबई। पुलिस ने त्योहारों से पहले आतंकवाद रोधी तैयारियों के तहत पूरे शहर के धार्मिक स्थलों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों के पास सुरक्षा बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। आगामी त्योहारों और चुनावों को देखते हुए मॉक ड्रिल की जा रही है। पुलिस ने शुक्रवार को देश की आर्थिक राजधानी में अपनी सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए भाऊचा धक्का, बरकत अली रोड, जुहू के इस्कॉन मंदिर और जावेरी बाजार जैसे स्थानों पर मॉक ड्रिल किया। अधिकारी ने बताया कि एहतियात के तौर पर शहर के सभी मंदिरों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने को कहा गया है।

बेरोजगारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष बोले- आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण का आंकड़ा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने युवाओं में बेरोजगारी के भयावह स्तर को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का घेराव किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी दर 10.2 प्रतिशत नहीं रही। उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए यह भी कहा कि लाख कोशिशों के बावजूद ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है।

खरगे ने एक्स पर कहा कि बेरोज़गारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि पीएलएफएस के आंकड़ों को देखें तो लाख कोशिशों के बावजूद भी ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है। खरगे ने कहा कि मोदी को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में बेरोज़गारी 10.2% के भयावह स्तर पर नहीं रही?

हरियाणा में दर्द के दशक का अंत करेंगे : राहुल

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस के घोषणापत्र का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी की सरकार राज्य में दर्द के दशक का अंत करेगी। कांग्रेस की हरियाणा इकाई ने विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया, जिसमें किसानों के कल्याण के लिए आयोग के गठन, शहीद सैनिकों के परिवारों के लिए 2 करोड़ रुपये, रोजगार सृजन समेत कई वादे हैं। राहुल गांधी ने एक्स कहा कि भाजपा ने एक दशक में हरियाणा से उसकी समृद्धि, उसके सपने और शक्ति छीन ली।

गुजरात में तीन वाहनों से बस टकराई, 7 की मौत

द्वारका। गुजरात में द्वारका के पास शनिवार शाम बस डिवाइडर पार करके दो कार और एक बाइक से टकरा गई, जिससे चार बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। दुर्घटना एनएच 51 पर देर शाम 7:45 बजे हुई जब बस द्वारका से सोमनाथ जा रही थी। पुलिस ने बताया कि बस का चालक सड़क पर बैठे मवेशियों को बचने की कोशिश कर रहा था तभी दुर्घटना हुई। एसपी डी एच भट्ट ने बताया कि सात लोगों की मौत हो गई है, जिनमें चार बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

सर्राफा



लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	77,950
सोना रवा	77,800
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	92,100
चांदी (999)	92,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

गैर-बासमती सफेद चावल का निर्यात शुल्क 490 डॉलर प्रति टन निर्धारित

2023 में निर्यात पर लगा प्रतिबंध सरकार ने हटाया, निर्यात शुल्क से दी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए सफेद चावल के निर्यात पर लगा था प्रतिबंध

सरकार ने शनिवार को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगे पूर्ण प्रतिबंध को हटा दिया। इसके साथ इस पर 490 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम मूल्य तय किया और इसे निर्यात शुल्क से भी छूट दे दी है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर 20 जुलाई, 2023 से प्रतिबंध लगा दिया गया था।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि गैर-बासमती सफेद चावल (अर्ध-मिल्ड या पूर्ण रूप से मिल्ड चावल, चाहे पॉलिश किया हुआ हो या नहीं) के लिए निर्यात नीति को प्रतिबंधित से मुक्त में संशोधित किया गया है, जो अगले आदेश तक लागू रहेगा। यह 490 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के एमईपी (न्यूनतम निर्यात मूल्य) के अधीन है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है कि जब देश में सरकारी गोदामों में चावल का पर्याप्त भंडार है और खुदरा कीमतें नियंत्रण में हैं। सरकार ने सफेद चावल को निर्यात शुल्क से छूट दे दी है, जबकि उसना चावल पर शुल्क घटाकर 10% किया है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले राजस्व विभाग ने शुक्रवार को कहा कि उसने ब्राउन राइस और धान पर निर्यात शुल्क घटाकर 10% किया है।

फिर से काम कर सकेंगी 500-600 मिलें : उद्योग

कोलकाता। प. बंगाल के चावल उद्योग ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया है। बंगाल राइस मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य में 500-600 चावल मिलों को फिर से खोलने में मदद मिलने की उम्मीद है। ये मिलें निर्यात प्रतिबंधों के बाद मांग में कमी से बंद हैं।

भारतीय सूचकांकों की समीक्षा, निवेश और जोखिम

भारतीय सूचकांक जैसे निफ्टी 50 और सेंसेक्स निवेशकों के लिए बाजार का महत्वपूर्ण संकेतक हैं। इन सूचकांकों की नियमित समीक्षा करना जरूरी है, जिससे आप बाजार की प्रवृत्तियों और मौसमी प्रभावों को समझ सकें। निवेश के लिए विभिन्न विकल्प जैसे इंडेक्स फंड्स और ईटीएफ उपलब्ध हैं, जो जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। हालांकि, निवेश के साथ जोखिम भी आता है, जैसे मार्केट रिस्क और सेक्टर संबंधी जोखिम। इसलिए, सूचकांकों का गहन अध्ययन और समझदारी से निवेश निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। इस पर जरा गौर किया जाए...

भारतीय सूचकांक

निफ्टी 50 : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक, जिसमें 50 प्रमुख कंपनियां हैं। यह इक्विटी बाजार के समग्र स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करता है।

सेंसेक्स : बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक, जिसमें 30 प्रमुख कंपनियां हैं। शेयर बाजार के प्रदर्शन को मापने के लिए यह व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करना।

निफ्टी बैंक : बैंकिंग क्षेत्र की 12 प्रमुख कंपनियों का सूचकांक। बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन का मापन करने में सहायक है।

निफ्टी आईटी : सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों का सूचकांक। जो आईटी क्षेत्र की स्थिति और विकास को दर्शाने में अपनी भूमिका निभाती है।

निफ्टी मिडकैप 50 : मिड कैप कंपनियों का सूचकांक, जिसमें 50 कंपनियां हैं। इसका कार्य मिड कैप क्षेत्र के प्रदर्शन को मापना।

निफ्टी नेक्स्ट 50 : निफ्टी 50 के बाद की 50 कंपनियों का सूचकांक। जो उभरती हुई कंपनियों के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करती है।

समीक्षा

विश्लेषण : सूचकांकों के पिछले प्रदर्शन का अध्ययन करें, जैसे कि वृद्धि, गिरावट, और वोलेटिलिटी। ये आपको समझने में मदद करेगा कि बाजार कहा जा रहा है।

मौसमी रुझान : कई समयावधियों में सूचकांकों का आकलन करें। इससे मौसमी प्रभावों को पहचान सकेंगे।

सामाजिक-आर्थिक कारक : आर्थिक नीतियों, वैश्विक घटनाओं, और सामाजिक कारकों का प्रभाव भी सूचकांकों पर पड़ता है।

निवेश

इंडेक्स फंड्स : इन फंड्स में निवेश करने से आप सीधे सूचकांक का हिस्सा बन जाते हैं और ये जोखिम कम करता है।

ईटीएफ (एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स) : ये फंड भी सूचकांकों का अनुसरण करते हैं, और आपको शेयर बाजार में ट्रेड करने की सुविधा प्रदान करते हैं।

स्वतंत्र शेयर निवेश : यदि आप किसी विशेष कंपनी के बारे में आश्वस्त हैं, तो आप सीधे उसके शेयरों में निवेश कर सकते हैं।

जोखिम

मार्केट रिस्क : सूचकांकों के गिरने पर निवेश की कीमत भी गिरती है। यह बाजार उतार-चढ़ाव का परिणाम है।

संपत्ति वर्ग जोखिम : कई सेक्टरों (बैंकिंग, आईटी) के प्रदर्शन में भिन्नता जोखिम बढ़ता है। यदि एक में गिरावट आई तो अन्य भी प्रभावित होते हैं।

सूचना का अभाव : निवेशकों को सूचकांकों और संबंधित कंपनियों की जानकारी का अभाव हो सकता है, जिससे वे गलत निर्णय ले सकते हैं।

दिव्यांगों के लिए एमएफ, आईपीओ, बॉण्ड जैसे शब्दों का सांकेतिक भाषा में अनुवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय प्रणालियों को श्रवण बाधित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना लक्ष्य

दिव्यांगजनों तक पहुंच बेहतर बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने को म्यूचुअल फंड (एमएफ), आईपीओ, बॉण्ड और निवेशक जैसे प्रमुख मौद्रिक शब्दों का सांकेतिक भाषा में अनुवाद किया है। दिव्यांग मामलों के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि यह पहल बड़े सहयोग का हिस्सा है जिसका लक्ष्य वित्तीय प्रणालियों को श्रवण बाधित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना है ताकि उन्हें बाजारों से जुड़ने में सक्षम बनाया जा सके।

अग्रवाल ने बताया कि इन संकेतों के अनुवाद से बधिर समुदाय को वित्तीय प्रणालियों और सेवाओं में भाग लेने के अवसर खुलेंगे। नये विकसित संकेतों में म्यूचुअल फंड, आईपीओ, बॉण्ड और निवेशक जैसे प्रमुख शब्द हैं। भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी) ने विभिन्न वित्तीय और बैंकिंग शब्दों के लिए ये संकेत विकसित किए हैं। आईएसएलआरटीसी के उप निदेशक (प्रशासन) संजय कुमार ने बताया कि केंद्र ने शब्दकोश के विस्तार को अन्य संगठनों से भागीदारी की है। अकादमिक शब्दावली एनसीईआरटी जबकि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित चंडीगढ़ स्थित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान की जानकारी पर बनाई गई है।

एनएलसी ने किया 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन किया है। कोयल मंत्रालय ने कहा कि इससे एक करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का उत्सर्जन रोका गया है।

मुख्य रूप से लिग्नाइट आधारित बिजली उत्पादन कंपनी एनएलसी ने 2030 तक 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है। एनएलसी इंडिया (एनएलसीआईएल) ने 1,380 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्रों और 51 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्रों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कदम रखा है। कंपनी ने 10,000 मेगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई अनुषंगी कंपनियों- एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) तथा एनएलसी इंडिया ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनआईजीईएल) का गठन किया है।

लौह अयस्क उत्पादन 7.4% बढ़ा, 11.6 करोड़ टन

नई दिल्ली, एजेंसी

लौह अयस्क
उत्पादन : 11.6 करोड़ टन
वृद्धि : 7.4% (10.8 करोड़ टन)

प्राथमिक एल्युमीनियम
उत्पादन : 17.49 लाख टन
वृद्धि : 17.26 लाख टन

मैंगनीज अयस्क
उत्पादन : 15 लाख टन
वृद्धि : 15.4% (13 लाख टन)

परिष्कृत तांबा
उत्पादन : 2.02 लाख टन
वृद्धि : 5.8% (1.91 लाख टन)

देश में लौह अयस्क उत्पादन चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान 7.4% बढ़कर 11.6 करोड़ टन रहा। खान मंत्रालय के अनुसार 2023-24 की इसी अवधि में यह 10.8 करोड़ टन था। मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-अगस्त की अवधि के दौरान मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 15.4% बढ़कर 15 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 13 लाख टन था।

मूल्य के संदर्भ में लौह अयस्क कुल खनिज उत्पादन का 70% है। अलौह धातु क्षेत्र में, प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन बढ़कर 17.49 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 17.26 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि आलोच्य अवधि के दौरान, परिष्कृत तांबे का उत्पादन 5.8% बढ़कर 2.02 लाख टन हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1.91 लाख टन था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, परिष्कृत तांबे के शीर्ष 10 उत्पादकों में से एक और चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक देश है। चालू वित्त वर्ष में लौह अयस्क के उत्पादन में निरंतर वृद्धि उपयोगकर्ता उद्योगों, मुख्य रूप से इस्पात में मजबूत मांग की स्थिति को बताती है।

अब हर मैच के लिए मिलेंगे 7.50 लाख

मुबंई, एजेंसी

आईपीएल

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मेगा आक्शन की तैयारियों के बीच बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ऐलान किया है कि फ्रेंचाइजी के खिलाड़ियों को अनुबंध के अतिरिक्त हर मैच के लिये साढ़े सात लाख रुपये मैच फीस के तौर मिलेंगे।

शाह ने शनिवार शाम एक्स पर पोस्ट किया आईपीएल में निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम में, हम अपने क्रिकेटरों के लिए प्रति गेम 7.5 लाख रुपये की मैच फीस शुरू करने से रोमांचित हैं। एक सीजन में सभी लीग मैच खेलने वाले क्रिकेटर को उनकी अनुबंधित राशि के अतिरिक्त 1.05 करोड़ रूपये अतिरिक्त मिलेंगे। प्रत्येक फ्रेंचाइजी सीजन के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। गौरतलब है कि आईपीएल का मेगा ऑक्शन नवंबर या दिसंबर में हो सकता है जिसमें हर फ्रेंचाइजी के पास पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने का विकल्प होगा। शाह के इस फैसले से ऑक्शन सत्र के और दिलचस्प होने के आसार हैं।

इस वर्ष भी जारी रहेगा इम्पैक्ट प्लेयर नियम

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शनिवार को यहां संचालन परिषद की बैठक में 2025 सत्र के लिए बहुचर्चित इम्पैक्ट प्लेयर नियम को जारी रखने का फैसला किया। इम्पैक्ट सब को आईपीएल 2023 के दौरान पेश किया गया था और तब से इस नियम पर सभी की राय काफी बंटी हुई है क्योंकि इससे ऑलराउंडरों का महत्व कम हो गया था। जुलाई में टीम मालिकों के साथ बीसीसीआई की बैठक में भी दिल्ली कैपिटल्स जैसी कुछ फ्रेंचाइजी पूरी तरह से इम्पैक्ट प्लेयर नियम को बरकरार रखने के पक्ष में थीं।

दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 में आयरलैंड को दी शिकस्त

अबुधाबी। रियान रिकेलटन और रीजा हेंडरिक्स के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को टी-20 मैच में आठ विकेट से हराया। रिकेलटन ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 75 रन की पारी खेली और हेंडरिक्स ने 16वां अर्धशतक जमाया।

आयरलैंड के आठ विकेट पर 171 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 18वें ओवर में दो विकेट पर 178 रन बनाए। एक समय पर लग रहा था कि आयरलैंड 180 रन के पार जायेगा लेकिन आखिरी ओवर में उसने तीन विकेट गंवा दिए। मध्यम तेज गेंदबाज पैट्रिक क्रगर ने 27 रन देकर चार विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिये रिकेलटन ने बेहतरीन पारी खेली। हेंडरिक्स ने 31 गेंद में पचासा जड़ा लेकिन अगले ओवर में आउट हो गए। रिकेलटन 48 गेंद में 76 रन बनाए।

अंतर्राष्ट्रीय मैचों की वापसी से दिग्गज खुश

नई दिल्ली, एजेंसी

एक दशक के इंतजार के बाद नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय मैच की वापसी से भारतीय हॉकी के पूर्व दिग्गज हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल खासे उत्साहित हैं। नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 23 और 24 अक्टूबर को भारतीय हॉकी टीम ओलंपिक की रजत पदक विजेता का मुकाबला करेगी। अरसे बाद हो रहे इस मैच को देखने के लिए हॉकी इंडिया ने कई पूर्व हॉकी सितारों को न्योता भेजा है। भारत ने आखिरी बार जनवरी 2014 में मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हीरो हॉकी वर्ल्ड लीग का फाइनल खेला था।

ओलंपिक में 1964 टोक्यो स्वर्ण, 1968 मेक्सिको कांस्य और 1972 म्यूनिख कांस्य के

- **हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल बोले- एक दशक के बाद उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मैच देखने को मिलेगा**

विजेता पद्मश्री हरबिंदर सिंह ने कहा 1972 में मैंने आखिरी बार राष्ट्रीय टीम के लिए दिल्ली में हॉकी खेली थी। मुझे याद है कि शिवाजी स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था और प्रशंसक खड़े होकर हमारा उत्साह बढ़ा रहे थे। मेरा मानना है कि बहुत सारे प्रशंसक भारत और जर्मनी का उत्साह बढ़ाने के लिए भी आएंगे। आखिरकार वे एक दशक के बाद एक उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मैच देखेंगे।

1980 के मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता और 1982 में दिल्ली में एशियाई खेलों की रजत विजेता टीम के कप्तान जफर इकबाल ने कहा हमारे युग में, हॉकी के बहुत बड़े प्रशंसक थे। नेहरू गोल्ड कप, एशियाई खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय मैचों जैसे आयोजनों में बहुत सारे समर्थक शामिल हुए और जिन विशाल स्टेडियमों में हम खेले। जर्मनी एक कठिन टीम है। हाल ही में पेरिस में सेमीफाइनल में उनसे मुकाबला हुआ था, इसलिए मुझे यकीन है कि भारतीय उनसे आगे निकलने के लिए पूरा जोर लगाएगी।

खेल डायरी

क्रिकेटर मुशीर खान सड़क हादसे में घायल

लखनऊ। ईरानी कप में भाग लेने लखनऊ आ रहे मुबंई रणजी टीम के सदस्य मुशीर खान पूर्वांचल एक्सप्रेस पर हादसे का शिकार हो गए जिन्हे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकृत सूत्रों के अनुसार मुशीर शुक्रवार शाम अपने गृहनगर आजमगढ़ से कार द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हुए थे मगर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर उनकी कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में क्रिकेटर की गर्दन और कंधे पर चोट लगी है। उन्हे तुरंत लखनऊ के मेदांता हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत खतरे बाहर मगर स्थिर बनी हुई है। अस्पताल प्रशासन ने शनिवार को एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर क्रिकेटर के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी साझा की। उन्होने कहा कि हड्डी रोग विभाग के निदेशक डा धर्मेंद्र सिंह की निगरानी में मुशीर का इलाज चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। बताया कि इस हादसे में उनके पिता और दो अन्य को भी चोट लगी है।

एआईटीए अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव वापस

नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ अध्यक्ष अनिल जैन के खिलाफ प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव वापिस ले लिया गया है। सूत्रों ने जानकारी दी। एआईटीए से मान्यता प्राप्त आठ प्रदेश टेनिस संघों ने जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया था। शनिवार को बैठक बुलाई गई थी। जैन ने इस पर रोक लगाने के लिए अदालत की शरण ली थी लेकिन उनकी याचिका स्वीकार नहीं की गई। आरोप लगाया था कि विभिन्न पदों के लिये नामांकन दाखिल करने वाले कई उम्मीदवारों ने खेल कोड का उल्लंघन किया था। भाजपा के राज्यसभा सांसद जैन पर आरोप है कि उन्होंने परिवार के साथ कई बार विदेश यात्राओं का निजी खर्च महासंघ के खर्चों में डाल दिया है।

न्यूजीलैंड का क्लीनस्वीप करने के करीब श्रीलंका

गॉल (श्रीलंका)। श्रीलंका शनिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 199 रन करके जीत से पांच विकेट दूर है। श्रीलंका अगर जीत दर्ज करता है तो दो मैच की शृंखला में न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ करेगा और इस टीम के खिलाफ 15 साल में पहली टेस्ट शृंखला जीतेगा। फॉलोआन खेलने उतरे न्यूजीलैंड को पारी की हार टालने के लिए अब भी 315 रन की दरकार है। मैच के तीन दिन के भीतर खत्म होने की संभावना थी लेकिन खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने 20 ओवर शेष रहते खेल को रोकने का फैसला किया। दिन का खेल खत्म होने पर टॉम ब्लंडेल 47 जबकि ग्लेन फिलिप्स 32 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों छठे विकेट के लिए 78 रन जोड़ चुके हैं। तीसरे दिन न्यूजीलैंड की टीम ने 13 विकेट चटकाए जिसमें सुबह के सत्र के नौ विकेट भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत पहली पारी में दो विकेट पर 22 रन से की और सुबह के सत्र में पहली पारी के बाकी बचे आठों विकेट गंवा दिए जिससे टीम 88 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम पहली पारी के आधार पर 514 रन से पिछड़ी और उसे फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम (00) का विकेट पहले ही ओवर में गंवा दिया। उन्होंने पदार्पण कर रहे ऑफ स्पिनर निशान पेइरिस (91 रन पर तीन विकेट) ने आउट किया। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (61) और कप्तान केन विलियमसन (46) ने दूसरे विकेट के लिए 97 रन

त्रिशा-गायत्री की हार, भारत का अभियान समाप्त

मकाऊ। मकाऊ ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल सेमीफाइनल में शनिवार को त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को चीनी ताइपे की हंग एन-त्जु और हसीह पेई शान से मिली हार के बाद भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को 54वीं रैंक की चीनी ताईपे की लड़कियों ने मात्र एक घंटे के खेल में 17-21, 21-16, 10-21 से घुटनो पर बैठा दिया। पहले गेम में अच्छी शुरुआत के साथ चीनी ताइपे की जोड़ी ने 13-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, हंग और हसीह की जोड़ी ने अगले आठ में से छह अंक लेकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए शानदार खेल का मुजाहिरा किया और मैच में वापसी की। दूसरे गेम को भारतीय जोड़ी ने 21-16 से अपने नाम किया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के मकसद से, चीनी ताइपे की टीम ने निर्णायक गेम में एक बार फिर भारतीय शटलरों पर दबाव बनाते हुए उनके खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और 21-10 से इस गेम को अपने नाम किया।

बारिश की भेंट चढ़ा मैच का दूसरा दिन

ग्रीनपार्क में मैदान से नहीं हटे कवर्स, आज भी पूरा मैच होने के आसार कम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच का दूसरा दिन बारिश की भेंट चढ़ गया। रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण शनिवार को पूरे दिन मैदान से कवर्स नहीं हटाए जा सके। सुबह स्टेडियम पहुंचे दोनों टीमों के खिलाड़ी एक घंटे बाद ही वापस होटल लौट गए। पहले दिन भी बारिश के कारण सिर्फ 35 ओवर का खेल संभव हो पाया था, जिसमें बांग्लादेश की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए थे। माना जा रहा है कि अगर मौसम नहीं सुधरा तो रविवार को तीसरे दिन का खेल भी बाधित हो सकता है।

कानपुर में शुक्रवार रात से ही रुक-रुककर बारिश हो रही थी। शनिवार सुबह भी आसमान पर घने काले बादल डेरा जमाए थे। इसके चलते ग्रीन पार्क मैदान पर रोशनी काफी कम थी। बारिश के कारण कवर्स भी नहीं हटाए गए। सुबह से कवर्स के ऊपर जमा पानी हटाने का काम शुरू किया। लेकिन बीच-बीच में बारिश और बौछारें काम में व्यवधान के साथ परेशानी और बढ़ाती रहीं। दोनों टीमें तय समय पर सुबह 8.30 बजे होटल से ड्रेसिंग रूप पहुंच गईं। टीमों के कोचों ने बाउंड्री पर जाकर मैदान की स्थिति देखी और वापस ड्रेसिंग रूम में लौट गए। करीब एक घंटा तक दोनों टीमें ड्रेसिंग रूम में रुकीं। इसके बाद खिलाड़ी वापस होटल लौट गए। मैच रेफरी जेफ क्रो ने कहा कि दोपहर एक बजे तक यदि आसमान साफ हो जाता है तभी मैच के बारे में निर्णय लिया जाएगा। लेकिन दिनभर की मेहनत के बाद भी न कवर्स के ऊपर जमा पानी सुखाया जा सका और न ही बारिश बंद हुई। आखिरकार दोपहर 2.03 बजे दूसरे दिन के खेल का निरस्त करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद मायूस दर्शक दीर्घाओं से बाहर निकलना शुरू हो गए।

- **होटल से सुबह ड्रेसिंग रूम पहुंचीं दोनों टीमें, एक घंटे में वापस लौट गईं**
- **आसमान पर घने बादलों के कारण स्टेडियम में दिन में छाया रहा अंधेरा**

107 रन 3 विकेट के नुकसान पर अब तक बना चुकी है बांग्लादेश की टीम आकाशदीप को दो विकेट

दिन भर मैदान पर चले तीन सुपर सॉपर

मैदान में कवर्स पर जमा बारिश का पानी निकालने के लिए शनिवार को दिन भर तीन सुपर सॉपर चलते रहे। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बारिश कितनी हुई। मैदान का एक राउंड लगाने के बाद सुपर सॉपर का टैंक खाली करना पड़ रहा था।

सूर्यकुमार करेंगे कप्तानी, मयंक को मिली जगह

नई दिल्ली। सूर्यकुमार यादव को शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी-20 शृंखला के लिए भारत का कप्तान नियुक्त किया गया, जिसमें तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी वापसी होगी। भारत छह अक्टूबर को ग्वालियर में पहले मैच से शृंखला की शुरुआत करेगा। टीम में संजू सैमसन और जितेश शर्मा टीम में दो विकेटकीपर हैं। टीम में सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव शामिल हैं।

आईसीसी की सभी बैठकों में बीसीसीआई प्रतिनिधि चुनना एजीएम का मुख्य एजेंडा

बेंगलुरू, एजेंसी

- **93वीं सालाना बैठक में होगा दो प्रतिनिधियों का चुनाव**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड की रविवार को यहां होने वाली 93वीं सालाना बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी की बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा और निवर्तमान सचिव जय शाह के बाद नये सचिव की तलाश एजेंडे में नहीं है। बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूएई में महिला टी20 विश्व कप के बाद दुबई में आईसीसी कांक्लेव होने वाली है।

महिला टी-20 विश्व कप का फाइनल 20 अक्टूबर को दुबई में है और तब तक शाह बीसीसीआई सचिव पद पर रहेंगे। वह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का कार्यकाल खत्म होने के बाद से शाह आईसीसी बैठकों में भारत की नुमाइंदगी करते आए हैं। बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी वैकल्पिक निदेशक हैं जो बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईसीसी बैठकों में कर सकते हैं लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं है। उनके कार्यकाल का एक ही साल बचा है लिहाजा देखना होगा कि वह वैकल्पिक निदेशक बने रहेंगे या किसी और को नामित किया जाएगा। सचिव का चयन एजेंडे में नहीं हैं। यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के नए परिसर के उद्घाटन के लिये एकत्र हुए सदस्य इस पर आपस में बात कर सकते हैं।

फिलहाल दो नामों गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल और रोहन जेटली पर विचार हो रहा है जो दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी हैं। समझा जाता है कि पटेल दौड़ में आगे चल रहे हैं। एजीएम में भारतीय क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि और आमसभा में से दो को शामिल करना , उप समितियों की नियुक्ति और 2024-25 के सालाना बजट को मंजूरी देना भी शामिल है। आईपीएल संचालन परिषद की बैठक भी यहां शनिवार को बुलाई गई है और इसमें रिटेंशन के नियम पर बात होगी।

अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर

भारत के सामने करो या मरो मैच में लाओस की चुनौती

वियनतियाने (लाओस)। ईरान के खिलाफ हार का सामना करने के बाद भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए रविवार को क्वालीफायर मुकाबले में मेजबान लाओस से भिड़ेगी। भारत एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के फाइनल राउंड में पिछली बार 2006 में पहुंचा था। इस टूर्नामेंट को पहले एएफसी युवा चैंपियनशिप और एएफसी अंडर 19 चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था, जिसकी भारत ने 2006 में मेजबानी की थी।

भारत ग्रुप जी में ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष टीमों के अलावा दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में से पांच टीम मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। मुख्य टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल (2025) चीन में होगा। भारतीय टीम शुक्रवार को मैच के ज्यादातर हिस्से में मजबूत प्रतिद्वंद्वी ईरान को गोल से दूर रखने के बाद एक गोल गंवा बैठी।

चाइना ओपन : सिनर दूसरे दौर में, जैस्मीन भी जीतीं

बीजिंग, एजेंसी

शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने शनिवार को यहां चाइना ओपन के दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन को 3-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। बीजिंग में जब सिनर कोर्ट पर थे तब विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने घोषणा की कि वह अमेरिकी ओपन चैंपियन के लिए एक से दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग कर रही है जिनकी मार्च में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के लिए जांच दो बार पॉजिटिव आई थी। सिनर अब जिरी लेहेका से खेलेंगे जिन्होंने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 3-6, 6-2, 6-1 से हराया।

शनिवार को इटली के फ्लावियो कैबोली ने पावेल कोटोव पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। महिलाओं के ड्रॉ में अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना

जैस्मीन पाओलिनी

- **सबालेंका ने सवांगकेव को हराकर तीसरे दौर में किया प्रवेश**

सबालेंका ने थाईलैंड की क्वालीफायर मनंचया सवांगकेव पर 6-4, 6-1 से जीत के साथ तीसरे दौर में प्रवेश किया। सबालेंका की भिड़ंत अमेरिका की एशलिन क्रुगर से होगी जिन्होंने न्यूजीलैंड की लुलु सन को 6-1, 7-6 (4) से हराया। इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले सेट में खराब प्रदर्शन से उबरते हुए डेनमार्क की क्लारा टॉसन को 1-6, 7-5, 6-4 से हराया। पाओलिनी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से खेलेंगी जिन्होंने 31वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मोयुका उचिजिमा को 6-4, 4-6, 6-3 से मात दी। रूस की नौवीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना ने क्रोएशिया की जना फेट को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। उनका सामना अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को हराया। विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन ने पराजित किया।

वहीं जापान ओपन में टॉमस मचैक ने पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी चीन ओपन के पहले दौर में हारी

बीजिंग। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग शनिवार को यहां चीन ओपन एटीपी 500 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और निकोलस जैरी की जोड़ी के खिलाफ हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भारत और क्रोएशिया की दूसरी वरीय जोड़ी को अर्जेन्टीना के सेरुंडोलो और चिली के जैरी की गैरवरीय जोड़ी के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एक घंटे और 31 मिनट में 5-7 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना के नियमित जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन ने इस एटीपी 500 प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया था। बोपन्ना इससे पहले 2017 और 2021 में भी डोडिग के साथ जोड़ी बनाकर खेल चुके हैं। इस जोड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 में एटीपी मांट्रियल मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचना रहा।

बॉलीवुड हलचल

देवरा की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत

मुंबई। मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत करते हुए भारतीय बाजार में नेट 82 .5 करोड़ की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म देवरा-पार्ट 1 लंबे समय से सुर्खियों में रही। जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान की फिल्म देवरा-पार्ट 1, 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई है। जूनियर एनटीआर छह साल के लंबे इंतजार के बाद अपनी सोलो फिल्म के जरिए एक बार फिर से छा गए हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, देवरा पार्ट 1 ने पहले दिन 82 .5 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर यह कलेक्शन किया है। शुक्रवार को इस फिल्म ने तेलुगु भाषा में 73 .25 करोड़, हिंदी में 7 .5 करोड़, कन्नड़ में 35 लाख, तमिल में एक करोड़ और मलयालम भाषा में 40 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि दूसरे दिन यह फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी।

पुरस्कार विजेता सितारों में ऐश्वर्या, मणिरत्नम और नानी शामिल

यास आइलैंड (अबू धाबी), एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आइफा) पुरस्कार-2024 के लिए आयोजित तीन दिवसीय समारोह के शुरुआती कार्यक्रम आइफा उत्सवम में ऐश्वर्या राय बच्चन, मणि रत्नम, एआर रहमान, नानी और मृणाल ठाकुर पुरस्कार पाने वाले कलाकारों में शामिल रहे।

आइफा उत्सवम में सभी चार दक्षिण फिल्म जगत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक फिल्म जगत ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशन, मुख्य भूमिका (पुरुष और महिला), सहायक भूमिका (पुरुष और महिला), नकारात्मक भूमिका, संगीत निर्देशन, गीत और पार्श्व गायक (पुरुष और महिला) की श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया। तमिल सिनेमा में अभिनेता रजनीकांत अभिनीत एक्शन कॉमेडी जेलर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म (तमिल) घोषित किया गया। पोन्नियिन सेलवन-2 में अभिनय के लिए ऐश्वर्या को सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री (महिला) घोषित किया गया जबकि फिल्म के निर्माता मणिरत्नम को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। विक्रम और जयराम रवि को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) और सहायक भूमिका (पुरुष) का विजेता घोषित किया गया। वहीं एआर रहमान को पोन्नियिन सेलवन 2 में संगीत के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन का पुरस्कार दिया गया जबकि गायक हरिचरण और शक्तिश्री गोपालन ने सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक श्रेणी में पुरस्कार जीता।

वहीं तेलुगु सिनेमा में एक्शन थ्रिलर दसरा ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले नानी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता और शाइन टॉम चाको ने फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ नकारात्मक कलाकार श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया। मलयालम फिल्म जगत की बात करें तो सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार 2018: एवरीवन इज ए हीरो को मिला, जो पिछले साल ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी। जियो बेबी को काथल: द कोर के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार प्रदान गया। कन्नड़ फिल्म जगत में काटेरा को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि इसी फिल्म के लिए फिल्म निर्माता थरुन किशोर सुधीर ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशन श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया। यहां आयोजित 24वें आइफा पुरस्कार समारोह का समापन रविवार को होगा।

आइफा उत्सवम 2024

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

हैरिस ने आव्रजन प्रणाली को सुधारने का लिया संकल्प

- उपराष्ट्रपति कमला ने अमेरिका मैक्सिको सीमा का दौरा करने के बाद की टिप्पणी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने सीमा पर कड़े सुरक्षा उपाय लागू करने और अमेरिका की आव्रजन प्रणाली को मजबूत करने का संकल्प लिया है। हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस मुद्दे को लेकर उन पर बार-बार किए गए राजनीतिक हमलों का जवाब देते हुए यह बात कही।

अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस ने एरिजोना के डगलस में अमेरिका-मैक्सिको सीमा का दौरा करने के बाद यह टिप्पणी की। हैरिस ने सीमा सुरक्षा पर कड़ा रुख अपनाने के साथ यह भी कहा कि वह अमेरिका में वर्तमान में बिना दस्तावेज के रह रहे प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने के संबंध में भी कदम उठाएंगी।

नदी नहीं, मानो यहां शीशे की सतह पर चल रहीं नौकाएं

मेघालय की उमंगोट को देश की सबसे स्वच्छ नदी का टैग, सतह तक गहरे में देख सकते हैं कंकड़, पत्थर और मछलियां

शैलेश अवस्थी, शिलांग

शिलांग से कोई 95 किलोमीटर दूर इस उमंगोट नदी का ऐसा नजारा है, जिसे देखे बिना यकीन करना मुश्किल है। खूबसूरत पहाड़ियों और हरियाली से घिरे डौकी गांव के बीच बहती उमंगोट नदी इतनी स्वच्छ है कि उस पर चल रही नाव देख अहसास होता है जैसे वह हवा में तैर रही हो। अब जलशक्ति मंत्रालय ने इसे देश की सबसे साफ-स्वच्छ नदी का तमगा दिया है।

जब गंगा और यमुना नदी को निर्मल-अविरल बनाने के लिए करोड़ों खर्च किए जा रहे हों और फिर भी वे प्रदूषण की मार से बेहाल हों, ऐसे में यह उमंगोट नदी सुकून देती है। यह नदी मेघालय के दरंग और शेनानगेंडेंग गांव से होकर बहती और बांग्लादेश तक जाती है। देश-विदेश के पर्यटकों को लुभाती यह नदी कुदरत के करिश्मे से कम नहीं है। पहाड़ों के बीच से निकलती यह नदी वहीं से प्राकृतिक रूप से फिल्टर होकर निकलती है। इसे स्वच्छ रखने की बाकी जिम्मेदारी गांव के लोग संभालते हैं। बगल में ही डौकी गांव है तो इसे डौकी नदी भी कहते हैं। सख्ती इतनी कि पर्यटक भी वहां कचरा फेंकने से पहले कई बार सोचते हैं, पकड़े गए तो गांव का दरबार पेशी करके तगड़ा जुर्माना वसूलता है। यहां आठ सौ रुपए देकर नाव की सवारी कर सकते हैं, जो आपको बांग्लादेश बार्डर तक की सैर कराती है। नाव पर बैठ कर सैकड़ों फुट गहरी नदी के तल तक एक-एक कंकड़ साफ देख सकते हैं। रंग-बिरंगी कई नस्ल की मछलियां आप को मंत्रमुग्ध कर देंगी। कुछ दूर किनारे पर लोग मछलियों को पकड़ने के लिए जाल डाले भी दिखे। कई तरह के पक्षियों की चहचहाट माहौल को और ज्यादा खुशनुमा बनाती है। नाविक शर्लिन ने बताया कि पास के गांव मॉलनयांग को एशिया का सबसे स्वच्छ गांव माना जाता है। सब पढ़े-लिखे हैं और यहां सबकी प्राथमिकता नदी को बिल्कुल स्वच्छ रखना है। सरकार के भरोसे नहीं रहते। भारत के लोगों को यहां के लोगों से नदी साफ रखना सीखना चाहिए।

होम स्टे व नदी तट पर टेंट उपलब्ध

डौकी गांव से सटे एक गांव के किनारे उमंगोट नदी तट पर टेंट-घर छह सौ रुपए में उपलब्ध है। वहां आप रात बिता सकते हैं। अक्सर नवदंपति वहां ठहरते हैं। पहाड़ियों के बीच सुंदर-साफ नदी तट पर रात की चांदनी माहौल को बेहद खूबसूरत बनाता है। तट पर आपकी पसंद और मेघालय के व्यंजन भी उपलब्ध हैं, लेकिन गंदगी की अनुमति नहीं है।

नदी पर 92 साल पुराना पुल

उमंगोट नदी पर अंग्रेजों ने 1932 में बनवाया था, जो मजबूती में आज भी वैसा ही है। इसकी तुलना ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला से की जाती है। चलने पर हिलता-डुलता है, जो झूले सा लगता है। इसे संसपेंशन ब्रिज कहते हैं।

एक नजर

भारत ने नेपाल को 47.4 करोड़ देने का किया वादा

काठमांडू। भारत ने नेपाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल और संस्कृति क्षेत्रों में 12 महत्वपूर्ण सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए 47.4 करोड़ नेपाली रुपये देने की प्रतिबद्धता जताई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। भारतीय दूतावास और नेपाल सरकार के संघीय मामले एवं सामान्य प्रशासन मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां इन परियोजनाओं के लिए सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

दक्षिण अफ्रीका में गोलीबारी की दो घटनाओं में 17 की मौत

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के एक ग्रामीण कस्बे में गोलीबारी की दो घटनाओं में 17 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर एथलेंडा मैथे ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों में 15 महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। एक अन्य व्यक्ति अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है।

लाहौर में मनाई गई भगत सिंह की 117वीं जयंती

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक गैर-लाभकारी संस्था ने शनिवार को भगत सिंह की 117वीं जयंती मनाई। भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन ने लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के परिसर में स्वतंत्रता सेनानी की जयंती मनाई और इस दौरान केक भी काटा गया। फाउंडेशन के प्रमुख इम्तियाज रशीद कुरैशी ने स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंग्रेजों ने 1931 में भगत सिंह को उनके साथियों राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी दी थी। कुरैशी ने कहा कि भगत सिंह के साथ अन्याय हुआ था।

प्रसिद्ध लेखिका विजया भारती का निधन

हैदराबाद। जानी मानी लेखिका बी विजय भारती का शनिवार को यहां निधन हो गया। भारती कवि, लेखक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता बोज्जा थारकम की पत्नी तथा आईएएस अधिकारी बोज्जा राहुल की मां थीं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सुश्री भारती के निधन पर शोक जताया है। रेड्डी ने अपने शोक संदेश में कहा कि भारती ने तेलुगु अकादमी की उप निदेशक के रूप में कार्य किया और प्राचीन साहित्य कोषम और आधुनिक साहित्य कोषम का प्रकाशन किया। उनकी सेवाएं सराहनीय हैं।

स्पेसएक्स का अंतरिक्ष यात्रियों के लिए बचाव अभियान शुरू

केप कैनेवेरल (अमेरिका)। स्पेसएक्स ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्रियों के लिए शनिवार को एक बचाव अभियान शुरू किया है, जिसके तहत उन्हें धरती पर वापस लाने के लिए एक छोटा दल भेजा गया है, लेकिन यह अभियान अगले साल तक पूरा हो सकेगा। नासा के निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव को बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स को वापस लाने का काम सौंपा गया था।

यूक्रेन पर रूसी हमले में आठ लोगों की मौत

कीव। यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी शहर सुमी में एक चिकित्सा केंद्र पर रूस ने शनिवार सुबह लगातार दो हमले किए जिसमें कम से कम आठ लोग मारे गए। यूक्रेन के आंतरिक मंत्री इगोर क्लिमेंको ने कहा कि पहले हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मरीज और कर्मचारी जब बाहर निकल रहे थे तब रूस ने फिर से हमला किया।

पीओके खाली करे पाकिस्तान

संरा महासभा में जयशंकर ने कश्मीर मुद्दे पर फटकार, कहा- आतंकवाद छोड़े

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान की जम्मू-कश्मीर पर की गयी टिप्पणियों का करारा जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान को सीमापार आतंकवाद की नीति छोड़नी होगी और उसे अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना होगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के शुक्रवार को सदन में दिए गए भाषण का जवाब देते हुए कहा दूसरों की भूमि का लालच करके बरबाद होने वाले देश को बेनकाब किया जाना चाहिए और उसका प्रतिकार किया जाना चाहिए। हमने कल इस मंच पर इसके कुछ विचित्र दावे सुने। तो आइए मैं भारत की स्थिति बिल्कुल स्पष्ट कर दूं।

डॉ जयशंकर ने कहा पाकिस्तान की सीमा पार आतंकवाद नीति कभी सफल नहीं होगी और इससे दंडमुक्ति की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। इसके विपरीत, कार्यों के परिणाम निश्चित रूप से होंगे। हमारे बीच हल होने वाला मुद्दा अब केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है और उसे निश्चित रूप से आतंकवाद के प्रति अपना पाकिस्तान के दीर्घकालिक लगाव का परित्याग करना होगा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शरीफ ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन में कहा था कि फिलिस्तीन के लोगों की तरह जम्मू-कश्मीर के लोगों को भी अपनी आजादी और अधिकारों के लिए लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा। शहबाज शरीफ ने भारत पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने के वादे से मुकरने का आरोप लगाया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से संविधान का अनुच्छेद 370 हटाने की भी आलोचना की थी।

विदेश मंत्री जयशंकर सिंगापुर के अपने समकक्ष के साथ बातचीत करते हुए।

संरा का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है भारतः भूटान

संयुक्त राष्ट्र। भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति और ग्लोबल साउथ में अपने नेतृत्व के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। भूटान के सबसे कम विकसित देशों की श्रेणी से बाहर निकलने के लिए भारत की ओर से मिले समर्थन व मित्रता का लेकर हार्दिक आभार जताया।

सतत विकास तय करना और मानवीय गरिमा मजबूत करना जरूरी : जयशंकर

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पूरे विश्व में रोजगार, उद्यमिता की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि किसी को पीछे न छोड़ने का मतलब ही शांति को आगे बढ़ाना, सतत विकास सुनिश्चित करना और मानवीय गरिमा को मजबूत करना है और भारत सरकार ऐसा करती रहेगी। विदेश मंत्री ने कहा हम यहां एक कठिन समय में एकत्र हुए हैं। दुनिया अभी भी कोविड महामारी के कहर से उबर नहीं पाई है। यूक्रेन में युद्ध अपने तीसरे वर्ष में है। गाजा में संघर्ष व्यापक रूप लेता जा रहा है। पूरे वैश्विक दक्षिण में, विकास योजनाएं पटरी से उतर गई हैं और एसडीजी लक्ष्य घट रहे हैं।

आतंकवाद को लेकर भुगतने होंगे अंजाम

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने महासभा में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में उसका हाथ रहा है और पड़ोसी देश को यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के परिणाम अनिवार्य रूप से भुगतने पड़ेंगे। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने भारत के जवाब देने के अधिकार के तहत कहा, इस महासभा ने खेदजनक रूप से एक हास्यास्पद घटना देखी। आतंकवाद, मादक पदार्थ के कारोबार और अंतर्राष्ट्रीय अपराध के लिए दुनियाभर में पहचाने जाने वाले एवं सेना द्वारा संचालित एक देश ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया।

नसरल्ला के मारे जाने के बाद मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव

इजराइल ने 80 टन बम से उड़ाया था हिजबुल्ला का हेडक्वार्टर

- लेबनान के साथ तनाव बढ़ने पर इजराइली सेना ने अतिरिक्त रिजर्व सैनिक तैनात किए

बेरूत, एजेंसी

हिजबुल्लाह ने इजराइली हमले के 20 घंटे बाद चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि की है। हिजबुल्ला ने शनिवार शाम 5 बजे कहा कि शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे इजराइल के हवाई हमलों में नसरल्लाह की मौत हो गई। इजराइली सेना ने राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 80 टन बम से हमला किया था।

हमला इतना भीषण था कि आसपास की छह बिल्डिंग ध्वस्त हो गईं। बताया जा रहा है कि नसरल्ला अपनी बेटी के साथ यहीं मौजूद था। आईडीएफ ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा अब दुनिया को नसरल्ला से डरने की जरूरत नहीं है। वह आतंक नहीं फैला पाएगा। नसरल्ला के मारे जाने के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है।

इजराइली सेना लेबनान के साथ तनाव बढ़ने के बीच अतिरिक्त रिजर्व सैनिकों को तैनात कर रही है। सेना ने कहा कि वह रिजर्व सैनिकों की तीन बटालियन को सक्रिय कर रही है। इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में दो बटालियन को संभावित जमीनी आक्रमण के मद्देनजर प्रशिक्षण देने के लिए उत्तरी इजराइल भेजा गया था। हिजबुल्ला ने उत्तरी व इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक पर दर्जनों रॉकेट दागे।

हिजबुल्ला मुख्यालय में धमाके से उठी आग।

बाइडन ने हिजबुल्ला प्रमुख की मौत को न्यायोचित ठहराया

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हिजबुल्ला प्रमुख की मौत को उसके चार दशक के आतंक के शासन से मुक्ति का एक तरीका बताया। बाइडन ने बताया कि नसरल्ला को निशाना उस संघर्ष के व्यापक परिप्रेक्ष्य में बनाया गया, जो 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा इजराइलियों के नरसंहार के साथ शुरू हुआ था। नसरल्ला ने हमास के साथ हाथ मिलाने और इजराइल के खिलाफ उत्तरी मोर्चा खोलने का दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय लिया था।

हिजबुल्ला नेता की हत्या के विरोध में कश्मीर में प्रदर्शन

श्रीनगर। लेबनान में हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला की हत्या के विरोध में जम्मू कश्मीर में शनिवार को व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर, बडगाम, बांदीपोरा और बारामुल्ला जिले के कई हिस्सों में इजराइल विरोधी और अमेरिका विरोधी नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन हुए। राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी अपना चुनाव प्रचार स्थगित कर दिया। मुफ्ती ने एक्स पर लिखा लेबनान और गाजा के शहीदों, खास तौर पर हसन नसरल्ला के साथ एकजुटता दिखाते हुए मैं अपना अभियान रद कर रही हूं।

फ्लोरिडा में हेलेन तूफान के कारण 44 लोगों की मौत

पेरी (फ्लोरिडा)। अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र और फ्लोरिडा में हेलेन तूफान के कारण आई बाढ़ और इससे जुड़ी घटनाओं में कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई है। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। इससे कई पेड़ उखड़ गए हैं और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तूफान के कारण एक मकान पर पेड़ गिर जाने के कारण वहां रह रही एक महिला, उसके एक महीने के जुड़वां बच्चे तथा एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। घटनास्थल पर राहत-बचाव अभियान के दौरान तीन अग्निशमन कर्मियों की भी मौत हो गई। हेलेन तूफान के कारण फ्लोरिडा, जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलाइना, दक्षिण कैरोलाइना और वर्जीनिया में कम से कम 44 लोग मारे गए हैं।

इमरान की पार्टी के विरोध प्रदर्शन से पहले बढ़ाई सुरक्षा

- सैन्य शहर रावलपिंडी में विरोध प्रदर्शन का आह्वान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पंजाब सरकार ने इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन से पहले शनिवार को सैन्य शहर रावलपिंडी में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं। पीटीआई के संस्थापक खान ने शहर के ऐतिहासिक लियाकत बाग पार्क में जलसा (रैली) आयोजित करने के अपने पूर्व निर्णय को पलटते हुए शहर में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा था कि सरकार इस स्थल पर रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं देगी और इसके बजाय शहर से दूर सभा के लिए स्थान उपलब्ध कराएगी। प्रांतीय सरकार ने विरोध प्रदर्शन से पहले सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया और शहर की ओर जाने वाली सभी प्रमुख सड़कें बंद कर दीं। पीटीआई पंजाब के कार्यवाहक अध्यक्ष हम्माद अजहर ने कहा कि पार्टी शांतिपूर्ण राजनीतिक सार्वजनिक सभा आयोजित करेगी।

नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से 59 लोगों की मौत

काठमांडू। नेपाल में लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 59 लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। नेपाल के कई हिस्सों में गुरुवार से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण आपदा अधिकारियों ने अचानक बाढ़ की चेतावनी जारी की है। नेपाल पुलिस के उप प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण नेपाल में हुई 59 लोगों की मौत 34 काठमांडू घाटी में हुई हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ में 36 लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में कुल 44 लोग लापता हैं जिनमें से 16 काठमांडू घाटी में लापता हैं। उन्होंने बताया कि एक हजार से ज्यादा लोगों को बचाया भी गया है।

बांग्लादेश में राजनीतिक दल बनाएंगे हिंदू

हिंदू समुदाय के नेता अस्थिरता व भय के माहौल में चाहते हैं स्थिरता

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के नेता एक समर्पित राजनीतिक दल के गठन पर विचार-विमर्श कर रहे हैं, जो अस्थिरता और भय के माहौल में उनकी सुरक्षा तथा उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व की सख्त जरूरत को दर्शाता है।

बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल (बीएचबीसीओपी) और अन्य संगठनों के हिंदू नेता अब पृथक राजनीतिक दल के गठन या आरक्षित संसदीय सीट की मांग की संभावना पर चर्चा करने में लगे हैं। बीएचबीसीओपी के प्रेसिडियम सदस्य काजल देबनाथ ने कहा फिलहाल तीन विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। पहला, 1954 से पृथक निर्वाचन प्रणाली पर लौटना। दूसरा, हिंदुओं के लिए एक अलग राजनीतिक पार्टी का गठन और तीसरा, अल्पसंख्यकों के लिए संसद में सीट आरक्षित करना। आवामी लीग की नेता शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद हिंदू समुदाय के विरुद्ध हुई हिंसा के पश्चात इन बातों पर चर्चा होने लगी है।

1971 में हिंदू 22 प्रतिशत थे, आज 8 प्रतिशत रह गए

हिंदू समुदाय के नेता राजन कर्माकर ने कहा, एक राजनीतिक दल बनाने के बारे में चर्चा एवं विचारों का आदान-प्रदान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हालांकि अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है, लेकिन इस विषय पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा प्रस्तावित राजनीतिक दल बदलाव का एक महत्वपूर्ण जरिया हो सकता है और सुनिश्चित करेगा कि उनकी चिंताओं को सुना जाए तथा उनका समाधान हो। ऐतिहासिक रूप से, 1971 में मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लादेश में हिंदू कुल जनसंख्या का करीब 22 प्रतिशत थे लेकिन आज वे करीब आठ प्रतिशत रह गए हैं। हिंदुओं ने हिंदू जनसंख्या में इस गिरावट के लिए सामाजिक-राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेले जाने एवं हिंसा को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, देबनाथ ने कहा कि हिंदुओं के लिए पार्टी बनाने से अल्पसंख्यकों को संभवत: फायदा नहीं होगा क्योंकि इससे धर्मनिरपेक्ष वोट बिखर सकते हैं और मकसद में कामयाबी नहीं मिल पाएगी।

ओसीआई के दिशा-निर्देशों में कोई नया बदलाव नहीं

- न्यूयॉर्क स्थित भारतीय दूतावास ने कार्डधारकों पर प्रतिबंध लगाए जाने की खबरों का किया खंडन

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई) कार्डधारकों पर प्रतिबंध लगाए जाने की खबरों का खंडन करते हुए कहा है कि हाल ही में कोई नया बदलाव नहीं किया गया है। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा हमें ऐसी खबरें मिली हैं जिनमें गलत सूचना फैलाई जा रही है कि हाल के दिनों में ओसीआई कार्डधारकों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं।

इसमें कहा गया है भारतीय अमेरिकी समुदाय के मित्रों को सूचित किया जाता है कि ओसीआई कार्ड धारकों के लिए हाल के दिनों में कोई नया बदलाव नहीं किया गया है। ओसीआई कार्ड धारकों के अधिकारों के बारे में चार मार्च, 2021 की अधिसूचना के प्रावधान अब भी लागू हैं। इसने प्रवासी सदस्यों से ओसीआई सेवाओं की आधिकारिक वेबसाइट और इसके बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों का विवरण देने वाले वेब पेज को देखने का आग्रह किया। ओसीआई कार्डधारक को भारत आने के लिए बहु-प्रवेश, बहु-उद्देशीय, आजीवन वीजा दिया जाता है, भारत में किसी भी अवधि के प्रवास के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण अधिकारी के पास पंजीकरण से छूट दी जाती है, और आर्थिक, वित्तीय और शैक्षिक क्षेत्रों में उन्हें उपलब्ध सभी सुविधाओं के संबंध में अनिवासी भारतीयों के साथ सामान्य समानता का हकदार बनाया जाता है।

खैबर पख्तूनख्वा में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह लोगों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को इंजन के काम नहीं करने के कारण एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। यह घटना अफगानिस्तान की सीमा के करीब उत्तर वजीरिस्तान जिले में हुई। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में 14 लोग सवार थे। एक तेल कंपनी का विशेष हेलीकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य जख्मी हो गए। हेलीकॉप्टर मरी पेट्रोलियम कंपनी का था। आठ घायलों में से तीन रूसी पायलट शामिल हैं जिन्हें कम्बाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल (सीएमएच) में भर्ती कराया गया है।

ज्ञान-विज्ञान

शोध में यह जानकारी सामने आई जो समुद्री जीवों के लिए चिंताजनक हो सकती है

कृत्रिम प्रकाश प्रदूषण मछलियों के लिए बड़ा खतरा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : प्रकाश प्रदूषण मछलियों की अगली पीढ़ी के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। नए शोध में यह जानकारी सामने आई है। इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोबायोलॉजी चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज और मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल बिहेवियर के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। वैज्ञानिकों ने कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली जेब्राफिश पर अध्ययन किया।

रात में प्रकाश प्रदूषण के संपर्क में आने वाली जेब्राफिश पर किए गए शोध से पता चला कि प्रकाश के संपर्क में आने से इनके व्यवहार में बड़ा परिवर्तन देखा गया, जो बेहद चिंताजनक है और इसका अधिक बूरा असर मछलियों की अगली पीढ़ी में देखने को मिल सकता है। दरअसल मछलियों का जीवन बेहद संवेदनशील होता है, जिसे प्रकाश भी प्रभावित कर सकता है और कृत्रिम प्रकाश तो और भी बुरा असर डाल सकता है। वर्तमान में कृत्रिम प्रकाश का उपयोग बड़ी मात्रा में होने लगा है। इसका सबसे बुरा प्रभाव खगोलीय अध्ययन में पड़ा है। जिस कारण खगोल वैज्ञानिकों का अंधेरी रातों में अध्ययन दूभर हो चला है। मगर समुद्री जीवों को भी प्रकाश प्रभावित कर सकता है, इसका खुलासा अब होने लगा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कृत्रिम प्रकाश के दूसरे कुप्रभाव भी हो सकते हैं। नए अध्ययन से पता चला है कि रात में कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली मछलियाँ न केवल चिंताजनक व्यवहार प्रदर्शित करती हैं, बल्कि उनकी संतानें, जो रोशनी के संपर्क में नहीं थीं, उन्होंने भी अजीब व्यवहार प्रदर्शित किया है। कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली जेब्राफिश पर यह अध्ययन किया। अध्ययन में प्राकृतिक अंधेरे-प्रकाश चक्र को बाधित कर दिया और नीली रोशनी का प्रयोग किया। नीली रोशनी हमारे फोन समेत अन्य उपकरणों में उत्सर्जित होती है, जो जीवों के लिए बेहद हानिकारक है।

चिंता का विषय है कृत्रिम रोशनी

नैनीताल : रात में कृत्रिम प्रकाश जीवों के प्राकृतिक व्यवहार को प्रभावित करती है और शरीर विज्ञान और सर्कैडियन लय को बाधित कर सकती है। यह भले ही नया शोध है, लेकिन महत्वपूर्ण और व्यापक पारिस्थितिक चिंता का विषय है। वैज्ञानिकों ने इस अध्ययन को साइंस ऑफ द टोटल एनवायरनमेंट में प्रकाशित किया है।